* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

10 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 52


**मैनपुरी की जीत से सैफई परिवार एक :** अखिलेश बोले- 'चाचा' को जल्द मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी








### पलामू और गढ़वा में मुख्यमंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

# लोगों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता से करें : हेमंत सोरेन




- बालू और पत्थर के अवैध उत्खनन को सक्रियता से रोकने का निर्देश दिया

**जयकांत शुक्ला**

**सीएम हेमंत सोरेन ने दिये निर्देश**

- कांट्रेक्ट पर कार्य कर रहे स्वयं सेवक, जल सहिया आदि को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ें।
- ड्राइव चलाकर एकल महिलाओं और अनाथ बच्चों को एक साथ टैग करें।
- हर गांव में श्रम आधारित कम से कम 5 योजना मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजित कर करें।
- ऑनलाइन म्यूटेशन ससमय निष्पादित करें।
- किसान पाठशाला एवं स्मार्ट विलेज जैसे योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार पूरी संवेदना के साथ ग्रामीणों के हित की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य कर रही है। जनहित की ये योजनाएं ग्रामीणों के बीच पहुंचें, इसके लिए पदाधिकारी जिम्मेदार बन कर काम करें। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरें। ग्रामीणों को समृद्ध करें, ताकि ग्रामीण व्यवस्था मजबूत हो सके। ग्रामीण यदि किसी पादधिकारी के पास आयें, तो आप उनसे अवश्य मिलें। उनकी समस्याओं को सुनकर उसे निष्पादित करें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में पलामू और गढ़वा के पदाधिकारी शामिल हुए।

**सभी प्रखंडों में योजनाओं को लेकर जायें :** हेमंत सोरेन ने दोनों जिले की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, रिवेन्यू कोर्ट, ऑनलाइन म्यूटेशन आदि की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ प्रखंडों में इन योजनाओं पर अपेक्षित कार्य नहीं हुए हैं। पदाधिकारी इसके कारण को देखें और दूर करें। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2022 तक सभी को कैंप लगा कर अथवा ड्राइव चला कर योजनाओं से अच्छादित करने का काम करें। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंड के पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली को साझा करने को कहा।

**पशुधन व्यवस्था को फिर स्थापित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण व्यवस्था की सबसे बड़ी कड़ी है पशुधन। इस व्यवस्था को पुनः स्थापित करें, जिससे आये दिन महिलाओं में खून की कमी, बच्चों में कुपोषण आदि समस्याओं का निदान हो सके। लोगों को पशुधन योजना से आच्छादित करें। उन्होंने कहा कि पशुओं के व्यापार में पलामू जिले में पशु तस्कर कह कर मॉब लिंचिंग के मामले आये हैं। इस तरह के मामलों को रोकें। कोई इस तरह अपराध करता है, तो वो दंड के योग्य है, लेकिन इस तरह की अफवाह में पशु व्यापार को हानि नहीं पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन के क्षेत्र में दोनों जिले के बेहतर प्रदर्शन को सराहा साथ ही उन्होंने कहा कि एकल महिलाओं एवं दिव्यांगजानो को भी इससे आच्छादित करने का काम करें।

**मुख्यमंत्री ने विधि व्यवस्था की समीक्षा की :** मुख्यमंत्री ने विधि व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि गढ़वा जिले के बूढ़ापहाड़ क्षेत्र में नक्सलियों की समस्या को खत्म करने के लिए उस क्षेत्र का विकास करना है। वहां की सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्तापित कर काम किया जायेगा। उन्होंने पत्थर एवं बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यवसाय करना चाहते हैं, उनका लीज बनवायें। तस्करों पर लीगल एक्शन लें। विधि व्यवस्था के बारे में दोनों जिलों के पुलिस अधीक्षक ने अपने-अपने जिलों में अपराध, अपराधी और उन पर हुई कार्रवाई के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत रूप से जानकारी दी।

**समीक्षा बैठक में इनकी रही उपस्थिति :** समीक्षा बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, आलोक चौरसिया, कुशवाहा शशिभूषण मेहता और विधायक पुष्पा देवी के अलावा मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत विभिन्न विभागों के सचिवों के अलावा पलामू और गढ़वा जिले के उच्चाधिकारी मौजूद थे।

### साहिबगंज के एसडीपीओ से सात घंटे तक पूछताछ

# रिम्स में पंकज मिश्रा के साथ वीडियो फुटेज देख कर रोने लगे एसडीपीओ

- रोते हुए राजेंद्र दुबे ने गलती स्वीकारी और माफ करने की गुहार लगायी

**सोमवार को डीएसपी प्रमोद मिश्रा से होगी पूछताछ**

सोमवार को डीएसपी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ होगी। उन्हें 12 दिसंबर को हाजिर होने का नोटिस पहले ही जारी किया गया है। प्रमोद मिश्रा पर यह आरोप है कि बरहरवा थाना में दर्ज एक मामले में कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम और बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट उन्होंने दे दी। इसी मामले में अन्य आठ आरोपियों को उन्होंने दोषी ठहराया था।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज के एसडीपीओ से इडी ने शुक्रवार को करीब सात घंटे तक पूछताछ की। एसडीपीओ राजेंद्र दुबे को गुरुवार को बुलाया गया था, लेकिन वह किसी कारणवश शुक्रवार को पहुंचे। पूछताछ की शुरुआत में तो वह अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार कर रहे थे, लेकिन जैसे ही इडी के अधिकारियों ने रिम्स के कुछ वीडियो फुटेज उनके सामने रखे, उन्हें काठ मार गया। वीडियो फुटेज देखते ही वह सन्न रह गये। यह वीडियो फुटेज 10 अक्टूबर का था। उस दिन वह रिम्स में न्यायिक हिरासत में चल रहे मनी लांड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा से मिले थे और करीब 40 मिनट तक उनके साथ रहे थे। इडी ने उनसे सवाल किया कि अगर दूसरा व्यक्ति न्यायिक हिरासत में रहने वाले से मिलता, तो उसके विरुद्ध कौन सी धारा का उपयोग होता। एसडीपीओ से पूछा गया कि उन्हें आइपीसी और सीआरपीसी की जानकारी है या नहीं? एसडीपीओ से पूछा गया कि अगर उन्हें कार्रवाई करनी होती, तो किन धाराओं के तहत एफआइआर करते और क्यों नहीं उनके विरुद्ध एफआइआर की जाये? वह इस सवाल का जवाब नहीं दे पाये। इडी को शक है कि एसडीपीओ अवैध खनन में भी शामिल हैं। एसडीपीओ ने यह स्वीकार कर लिया है कि पंकज मिश्रा जो कुछ कहते थे, वह वैसा कर चुके हैं। एक तरह से न्यायिक हिरासत में चल रहे पंकज मिश्रा के निर्देश का पालन एसडीपीओ ने किया। सात घंटे की पूछताछ में उनसे यह भी पूछा गया कि पंकज मिश्रा के कहने पर किन-किन मुकदमों में उन्होंने निर्दोष व्यक्तियों को फंसाया है या साजिश रची है। एसडीपीओ से यह भी पूछा गया कि साहिबगंज जेल में बंद इडी के गवाह विजय हांसदा के सहयोगी को नोटिस देकर क्यों बुलाया गया था। इसका जवाब भी वह नहीं दे पाये। उनसे साहिबगंज में हुई जहाज दुर्घटना में कार्रवाई की बाबत भी पूछा गया पूछताछ के क्रम में वह इडी के अधिकारियों के समक्ष रोने भी लगे और माफ करने का अनुरोध कर रहे थे। वह कह रहे थे कि उनसे गलती हो गयी है। माफ कर दिया जाये। जानकारी के अनुसार जल्द ही उन्हें दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। एसीडीपीओ से इडी ने उनकी संपत्ति का विवरण भी मांगा है।

एसडीपीओ पर जो आरोप लगे हैं, उसे उन्होंने एक तरह से स्वीकार कर लिया है। अब इडी के अधिकारी इस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई करेंगे।

# अधिवक्ता कैश कांड में सीबीआइ सोनू अग्रवाल से करेगी पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार के मामले में अब सीबीआइ व्यवसायी सोनू अग्रवाल से जल्द पूछताछ करेगी। सोनू अग्रवाल दुर्गापुर में रहते हैं। वहां उनका कारोबार है। मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख कैश के साथ कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। अधिवक्ता पर रांची हाइकोर्ट में सेल कंपनी के मामले को मैनेज करने के नाम पर पैसे की उगाही का आरोप लगा था और पैसा व्यवसायी अमित अग्रवाल ने दिया था। इस मामले में अधिवक्ता को जेल जाना पड़ा था। आरोप लगा था कि अधिवक्ता की पहचान न्यायिक अधिकारियों और इडी के अधिकारियों से है। इसी मामले की जांच का आदेश सीबीआइ को दिया गया है। सीबीआइ को साजिश का पता लगाना है। उधर अधिवक्ता का आरोप है कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया। सीबीआइ इस मामले में अब तक अधिवक्ता राजीव कुमार, जेल में बंद व्यवसायी अमित अग्रवाल और सोनू अग्रवाल के कर्मचारी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ कर चुकी है। सोनू अग्रवाल पर आरोप है कि उन्होंने अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता जाने का टिकट उपलब्ध करवाया था। पूछताछ में अधिवक्ता राजीव कुमार ने इडी और सीबीआइ को यह बताया है।














प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजित वर्चुअल बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सम्मिलित हुए।

### टोल प्लाजा मामला : हाइकोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने की गंभीर टिप्पणी

# 'ऐसा लगता है मंत्री आलमगीर ने टेंडर नहीं भरने के लिए शंभु भगत को धमकाया'

- जिस टोल प्लाजा के टेंडर को लेकर विवाद हुआ है, वह काफी महत्वपूर्ण है: हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम पर गंभीर टिप्पणी की है। बड़हरवा टोल प्लाजा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आलमगीर आलम ने प्रार्थी को टेंडर नहीं भरने के लिए धमकी दी है। पूरे मामले को देख कर ऐसा लगता है कि इस केस से जुड़े आरोपी आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को बचाने के लिए उनके खिलाफ चार्जशीट नहीं दाखिल की गयी, जबकि इसी केस में आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गयी है।

पुलिस ने गंभीर आरोप होने के बावजूद आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीनचिट दे दी। यह चिंता का विषय है। वहीं अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि ऐसा लगता है कि जिस टोल प्लाजा के टेंडर को लेकर विवाद हुआ है, वह काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह टोल प्लाजा झारखंड, बिहार और बंगाल के बॉर्डर पर है। ये बातें झारखंड हाइकोर्ट ने शंभु नंदन कुमार की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कही हैं।

दरअसल, वर्ष 2019 में साहिबगंज के शंभु भगत ने टोल नाके के निविदा मामले को लेकर मंत्री आलमगीर आलम एवं सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया था। उसके बाद उन्होंने करीब 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवायी थी। इस मामले की जांच में पुलिस ने आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है, जिसके खिलाफ शंभु नंदन ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने इस मामले की सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने बड़हरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/2020 के ट्रायल पर रोक लगा दी है। साहिबगंज कोर्ट में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-1 की कोर्ट में इस कांड का ट्रायल चल रहा था।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 69,000 रु./प्रति किलो |



**चुनाव परिणाम : विरोधियों को हिला कर रख दिया है मोदी की प्रचंड आंधी ने**

# सवाल: आखिर 2024 में पीएम मोदी के सामने कौन?

आजाद सिपाही विशेष

**लोकतंत्र की यही खूबसूरती है। एक तरफ, जहां भाजपा ने गुजरात में कांग्रेस को रसातल पर धकेल दिया, वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने भाजपा का गुरूर तोड़ दिया। वहीं आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को पटखनी दे दी। इससे अच्छा उदाहरण लोकतंत्र में भला क्या हो सकता है। लेकिन जिस तरीके से गुजरात में मोदी नाम की सुनामी के सामने कांग्रेस बह गयी, उसका असर अब लोकसभा चुनावों में भी देखने को मिलेगा। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी यह अच्छी तरह से समझ चुकी थी कि इस बार गुजरात में उनकी दाल नहीं गलने वाली। इसलिए राहुल गुजरात चुनाव से दूर रहे। बहाना भारत जोड़ो यात्रा को बनाया गया। राहुल उसमें बिजी हैं। अगर राहुल गांधी गुजरात में चुनाव प्रचार करने उतर जाते और नतीजा यही होता, जो आया है, तो राहुल की भारत जोड़ो यात्रा फ्लॉप साबित होती, क्योंकि कांग्रेस ने भाजपा को 2017 के विधानसभा चुनाव में अच्छी-खासी टक्कर दी थी। उसने 77 सीटों पर अपनी जीत दर्ज की थी। अब 17 पर है। भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी कहती रही है कि यह यात्रा राजनीतिक नहीं है। खैर, मोदी की सुनामी ने देश की क्षेत्रीय पार्टियों के भीतर भय का बीज तो बो ही दिया है। जैसे-जैसे लोकसभा का चुनाव नजदीक आयेगा, उसका असर भी साफ दिखाई पड़ने लगेगा। क्या है गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत के मायने और कैसे ब्रांड मोदी की लोकप्रियता से लोकसभा चुनाव में विपक्षियों का समीकरण बिगड़ सकता है, बता रहे है आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

गुजरात में भाजपा ने न सिर्फ लगातार सातवीं पर बार जीत दर्ज की है, बल्कि राज्य में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिया है। 182 में से 156 सीटों पर कब्जा, यानी 85 प्रतिशत पर जीत बहुत बड़ी बात है। वह भी तब, जब विरोधियों को 27 साल से लगातार भाजपा के सत्ता में रहने पर एंटी-इनकंबेंसी की उम्मीद थी। लेकिन मोदी का ऐसा जादू चला कि वोट शेयर 50 प्रतिशत के पार पहुंच गया। गुजरात चुनाव के नतीजों का मिशन 2024 पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में बीजेपी कम सीट या कम वोट मिलने का मतलब होता, मिशन 2024 में पलीता लगना। पस्त हो चुके विपक्ष में नयी जान का फूंकना। यही वजह थी कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। मोदी और शाह जनता को यह संदेश देने में कामयाब हो गये कि बीजेपी की अगर हार हुई, तो यह राष्ट्रीय स्तर पर गुजराती अस्मिता पर चोट होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव से पहले पूरे गुजरात को मथ डाला। उन्होंने 31 रैलियां कीं। अहमदाबाद में 50 किलोमीटर, तो सूरत में 25 किलोमीटर लंबा मेगा रोड शो किया। गुजरात की जनता भी मोदी की एक झलक पाने को सड़कों पर उतर गयी। लाखों की भीड़ हुई। अमित शाह ने तो राज्य में ही डेरा डाल दिया और बूथ लेवल से लेकर हर रणनीति का बारीक से बारीक डीटेल को खुद टैकल किया। लक्ष्य था 2024 से पहले बड़ी जीत को हासिल करना, क्योंकि इस जीत में 2024 की जीत का मंत्र भी छुपा था। गुजरात में कांग्रेस की हार का असर सिर्फ कांग्रेस के भविष्य पर नहीं पड़ेगा, बल्कि इसका असर दूसरे दलों पर भी पड़ना तय है। खासकर वैसे दल, जो उसके साथ हैं या उन दलों के नेता, जो 2024 में नरेंद्र मोदी के मुकाबले विपक्ष की अगुवाई करना चाहते हैं या चुनौती पेश करना चाहते है। इनमें नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और केसीआर की पार्टी समेत दूसरे दल और उनके नेता भी हैं। 2024 में प्रधानमंत्री को चुनौती देने के लिए पिछले कुछ समय में कई दलों के नेता सामने आये। पहले बंगाल में जीत के बाद ममता बनर्जी, भाजपा से अलग होने के बाद नीतीश कुमार और केसीआर की ओर से विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिशें की गयीं। हालांकि यह कुछ समय के लिए दिखाई पड़ा, लेकिन बाद में इनकी गतिविधियां भी कम हो गयीं। जोश ठंडा हो गया, क्योंकि इन्हें आभास हो गया कि हर कोई एक-दूसरे की टांग खींचने को बेचैन है। कुरसी तो एक है, लेकिन उसके दावेदार



अनेक है। वहीं अरविंद केजरीवाल भी इस दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन वह फिलहाल इन नेताओं से खुद को अलग दिखाते हुए, अलग राह पर हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी हो चुकी है। उसे इस चुनाव में करीब 13 प्रतिशत वोट मिले। आप को कई राज्यों में कांग्रेस के विकल्प के रूप में देखा जाने लगा है। 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी आप अपना उम्मीदवार उतारने को बेचैन है। उसे यकीन है कि वह यहां भी कमाल करेगी। अब कमाल करे न करे, लेकिन कांग्रेस का वोट तो जरूर काटेगी, यह तय है। इधर स्वघोषित पीएम उम्मदीवार वाले नेताओं की रणनीति में कहीं न कहीं कांग्रेस थी और संभव है कि आगे भी रहे, लेकिन गुजरात में जिस प्रकार कांग्रेस की हार हुई है, उसके बाद कांग्रेस को कितना तवज्जो मिलेगा, इस पर भी सवाल है। इतना ही नहीं, इस वक्त कांग्रेस के साथ जो सहयोगी दल हैं, उनके मन में भी गुजरात में हार के बाद डर तो बैठ ही गया होगा। अब बिहार की कुढ़नी विधानसभा सीट को ही ले लीजिए। इस सीट की कमान खुद नीतीश ने अपने हाथों में ली थी। नतीजा क्या हुआ। उनकी पार्टी हार गयी और भाजपा प्रत्याशी केदार गुप्ता की जीत हुई। इस नतीजे ने नीतीश कुमार की बिहार में पकड़ को पूरे तरीके से एक्सपोज भी कर दिया है। सवाल तो यह भी उठने लगा है कि क्या बिहार के 18 प्रतिशत वोटर भी नीतीश के साथ हैं या नहीं। कुढ़नी विधानसभा का रिजल्ट सामने है। इससे कुछ बातें साफ हो जाती हैं। वैश्य वोटर डट कर नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। केदार गुप्ता खुद इसी जाति से आते हैं। सवर्णों में, खास तौर से भूमिहारों की नाराजगी भाजपा से दूर हुई है।

इस बात में कोई शंका नहीं है कि यदि विपक्ष की ओर से किसी मोर्चे का गठन अगले लोकसभा चुनाव के लिए किया जाता है, तो उसमें कांग्रेस की मजबूती काफी मायने रखती है। नीतीश, ममता, केसीआर और अरविंद केजरीवाल की दावेदारी के बीच कांग्रेस ने कभी अपने पत्ते नहीं खोले और जब भी उसके सामने यह सवाल आया, तो उसकी ओर से यही कहा गया कि राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस मजबूती से लड़ेगी, यानी आखिरी वक्त तक वह भी अपनी दावेदारी से पीछे नहीं हटना चाहती है। लेकिन गुजरात में जिस प्रकार से कांग्रेस की हार हुई है, उसका झटका कांग्रेस को जोर का लगा है। बात तो उसकी साख पर बन आयी है। साल 2023 में देश के कुल नौ राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम शामिल हैं। इनमें राजस्थान और छतीसगढ़ तो कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर इन दो राज्यों में कांग्रेस के साथ कोई अनहोनी होती है, तो कांग्रेस की साख पर बट्टा लगना तय है। राजस्थान में कन्हैया लाल का मुद्दा ठंडा नहीं पड़ा है। हिंदुओं ने इस मामले में गहलोत सरकार के रवैये को भी देखा है। करौली में हिंदू नव वर्ष पर निकाली गयी रैली पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जो पथराव किया और इस मामले में गहलोत सरकार का जो ढीला रवैया हिंदुओं ने देखा, वह भी कांग्रेस को महंगा पड़ेगा। अलवर जिले के राजगढ़ में तीन सौ साल पुराने शिव मंदिर को जिस प्रकार से तोड़ा गया, वह भी जनता भुली नहीं है। अजमेर दरगाह के खादिमों द्वारा सिर तन से जुदा के नारों का भी असर राजस्थान चुनाव में देखने को मिलेगा। अंत में गहलोत-सचिन पायलट गुटबाजी भी भाजपा के लिए हथियार का काम करेगी।

## बीजेपी की जीत के मायने

गुजरात चुनाव की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित किया है कि वह भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा चेहरा हैं और मतदाताओं को अपनी ओर खींचने की उनकी जैसी अपील अभी किसी और नेता में नहीं है। गुजरात में भाजपा की जीत को सिर्फ एक राज्य की जीत के तौर पर ही नहीं देखा जायेगा और न ही भाजपा ऐसा होने देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य के अलावा गुजरात भाजपा की रणनीति के केंद्र में भी रहा है। जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे, उसके पीछे गुजरात बड़ा स्तभ रहा। यह वही राज्य है, जिसे लेकर कांग्रेस लगातार नरेंद्र मोदी पर निशाना साधती आयी है। लेकिन गुजरात विधानसभा चुनाव के जो नतीजे आये हैं, उसके बाद कांग्रेस और उसके नेताओं को जवाब देते नहीं बनेगा। इतिहास गवाह है कि जब-जब कांग्रेस के नेताओं ने मोदी को गाली दी है, वह बुरी तरह हारी है और मोदी जीत की बुलंदियों पर चढ़ते गये। गुजरात चुनाव के दौरान भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ने द्वारा उन्हें रावण कहा गया। इसका असर यह हुआ कि कांग्रेस 77 से 17 पर आ गयी। गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को पार्टी अगले पायदान पर लेकर जायेगी और इसका असर दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। हिमाचल में भले ही कांग्रेस जीत दर्ज करने में कामयाब हुई है, लेकिन यह वह राज्य है, जहां पिछले कई वर्षों से यह देखने में आता रहा है कि हर पांच साल बाद सरकार बदल जाती है। गुजरात ऐसा राज्य था, जहां कांग्रेस भले ही सरकार नहीं बना पाती, लेकिन यदि वह लड़ती हुई दिखती और पिछले चुनाव के आसपास भी सीटें आती, तो उसके अलग मायने होते। उसके सहयोगियों के लिए भी उत्साहवर्धक होता। लेकिन भाजपा की प्रचंड जीत और कांग्रेस का गुजरात में लगभग सूपड़ा साफ हो जाना 2024 में मोदी के खिलाफ खड़े होने वाले स्वघोषित पीएम उम्मीदवारों के लिए खौफ से कम नहीं। इसलिए सवाल तो बनता है कि आखिर 2024 में पीएम मोदी के सामने कौन?

# टीचर ने डंडे से पीट कर आधा दर्जन छात्रों को किया घायल, घर में न बताने की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** नयी शिक्षा नीति के तहत बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाना है, लेकिन प्रखंड की हेंसड़ा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बड़ा बागलता में गुरुवार को एक शिक्षिका ने डंडे से पिटाई कर लगभग आधा दर्जन छात्रों को घायल कर दिया। अभिभावक मानिक दास और मोती दास ने शिक्षिका जूली बारला पर आरोप लगाया है कि उन्होंने डंडे से मार कर लगभग आधा दर्जन छात्रों को घायल कर दिया है।

### बच्चों के शरीर पर हैं मार के गहरे निशान

पिटाई के कारण छात्र राहुल सरदार अब ज्ञी दर्द से कराह रहा है। वह ठीक से सो भी नहीं पा रहा है। डंडे से की गयी पिटाई के बाद संजना दास, संजना करुआ, इशिता करुआ आदि छात्र-छात्राओं के शरीर और हाथ-पैर पर गहरे निशान पड़ चुके हैं। अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षिका जूली बारला ने छात्रों को चेतावनी दी है कि घर में माता-पिता को मारपीट की जानकारी देंगे तो उन्हें स्कूल से निकाल दिया जायेगा।

### बच्चों को खेल-खेल में है पढ़ाना: बीइइओ

इस मसले पर बीइइओ अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि खेल-खेल में ही बच्चों को पढ़ाना है। मारपीट नहीं करनी है। मारपीट की गयी है तो गलत है। मैंने सीआरपी को स्कूल भेज कर इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

### आरोपित शिक्षिका जूली ने दी सफाई

शिक्षिका जूली बारला ने इस पर सफाई देते हुए कहा, छात्र समय पर विद्यालय नहीं आते हैं। अधिकांश छात्र अनुपस्थित रहते हैं। पढ़ाई नहीं करते हैं। इसलिए मैंने छात्रों पर हल्का बल प्रयोग किया। इन सबके बीच डीइओ निर्मला बरेलिया ने बताया कि यह मामला काफी गंभीर है। छात्रों को इस तरह से पीटना गलत है। इस मामले की जांच कर करवायी की जायेगी।

# भाकपा माओवादी ने गिरिडीह में चिपकाया नक्सली पोस्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी गिरिडीह जिले के देवरी थाना क्षेत्र के देवरी प्रखंड मुख्यालय की दीवारों पर, बीडीओ आवास और चावल गोदाम में जम कर पोस्टरबाजी की है और बड़ी संख्या में पोस्टर चिपकाये हैं। नक्सली संगठन की ओर से मनाये जा रहे नक्सली सप्ताह के अंतिम दिन गुरुवार देर रात की गयी इस घटना से सुरक्षा बल और पुलिस सकते में हैं। इस घटना के दौरान नक्सलियों की ओर से प्रखंड मुख्यालय गेट के पास पर्चा भी फेंका गया है। शुक्रवार सुबह जानकारी मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और विभिन्न जगहों में लगे पोस्टर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। बता दें कि पांच वर्ष पूर्व भी देवरी प्रखंड परिसर, देवरी थाना गेट सहित अन्य जगहों पर नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की थी, जबकि कुछ दिन पूर्व 3 दिसंबर को डुमरी थाना क्षेत्र के ढिबरा मोड़ में नक्सलियों की ओर से पोस्टरबाजी की गयी थी।

### क्या है पोस्टरों में

नक्सलियों की ओर से की गयी पोस्टर बाजी में लिखा गया है कि बिचौलियों, दलाल होश में आओ, गरीबों का शोषण बंद करो, पुलिस मुखबिरी बंद करो, देवरी की जनता होश में आओ, भोली भाली जनता को गिरफ्तार करना बंद करो, जनता की जनवादी योजना को लागू करो।

## हाइकोर्ट ने मांगा टीएसपीसी कमांडर का आपराधिक रिकार्ड

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी) के एरिया कमांडर अभय जी उर्फ अभय यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस को अभय यादव के ऊपर दर्ज मामलों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि झारखंड के पलामू जिले के प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर नक्सली अभय यादव ने इसी वर्ष पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

# जैप-9 की दो महिला जवान की तबीयत बिगड़ी, दुमका रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैराथन दौड़ के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की हालत बिगड़ी**

**साहिबगंज।** शुक्रवार सुबह को जैप-9 की दो महिला जवान की तबीयत उस समय बिगड़ गयी, जब वे मैराथन दौड़ में भाग ले रही थीं। इस दौरान दोनों महिला जवान अचानक बेहोश हो गयीं, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से एक विमला मुंडा की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस संबंध में इलाज कर रहे डॉक्टर मोहन मुर्मू ने बताया कि दो महिला जवान को जैप-9 से शुक्रवार की सवेरे अस्पताल लेकर आया गया था। इसमें एक को पेट में दर्द और उल्टी हो रही थी, जो कि फिलहाल ठीक है, लेकिन विमला मुंडा नामक दूसरी महिला जवान बेहोशी की हालत में लायी गयी है, जिसे बार-बार दौरा पड़ रहा था। इसका प्रारंभिक इलाज किया गया है, लेकिन गंभीर स्थिति के मद्देनजर बेहतर इलाज के लिए उसे दुमका मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

**कुछ हट के : सीआरपीएफ जवानों ने जंगल में गाया खोरठा गाना**

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा चल गे गंगिया डुबकी लगैयबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सोशल मीडिया पर आये दिन कुछ ना कुछ वायरल होता रहता है। लोग इसे बड़े चटकारे लेकर देखते भी हैं। इसी कड़ी में इन दिनों सोशल मीडिया पर सीआरपीएफ जवान द्वारा गाया गया खोरठा गीत तेजी से वायरल हो रहा है। खास कर झारखंड के लोग इसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं।





दरअसल सीआरपीएफ जवानों द्वारा गाया गया चल गे गंगिया डुबकी लगैयबे गंगा के पानी में खोरठा गाना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। 30 सेकेंड का वायरल वीडियो किसी जंगल का प्रतीत हो रहा है। वीडियो में कतार में गन लिये कुछ जवान पहले गीत की शुरूआत करते हैं। उसके बाद सामने बैठे जवान भी सुर मिलाने लगते हैं। इस बीच ताली की भी आवाज सुनाई देती है।

जंगल में शूट हुआ है वीडियो

माना जा रहा है कि किसी जंगल में कैंप के दौरान मनोरंजन के लिए जवानों ने गीत गाया है। इस दौरान किसी ने इस पल को अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया यूजर को यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है। शुक्रवार को खोरठा गायक व इस गीत को गाने वाले सतीश ने अपने फेसबुक में इस वीडियो को पोस्ट किया है। जिसके बाद यह झारखंड में तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि यह कहां का है और कब शूट हुआ है, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### साल 2010 में आया था यह गीत

बता दें कि खोरठा गीत चल गे गंगिया डुबकी लगैयबे वर्ष 2010 के आसपास रिलीज हुआ है। चांद म्यूजिक द्वारा बनाये गये एल्बम दीवाना का हिस्सा है। यूट्यूब पर इस गीत को अभी तक 8.2 करोड़ बार देखा गया है। इस गाने को खोरठा सिंगर सतीश ने गाया था। जबकि आतिश और सुप्रिया ने इस गाने पर अभिनय किया था। इसे झारखंड की बेहतरीन प्राकृतिक लोकेशन पर शूट किया गया था। आज भी यह गाना झारखंड में बहुत प्रचलित है और बच्चा बच्चा यह गाना गाता है। वहीं, सोशल मीडिया पर इसके काफी रील्स भी बनते हैं।

# देवघर के त्रिकूट रोपवे मामले में सरकार से मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** त्रिकूट पहाड़, देवघर में एक्सीडेंट से तीन लोगों की मौत मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में बीआइटी मेसरा और सिम्फर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गयी। राज्य सरकार की ओर से भी रिपोर्ट सौंपी गयी। कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार एक कमेटी बना कर रिपोर्ट दे। कोर्ट ने मामले में फिर से राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।



बता दें कि त्रिकुट पहाड़ पर रोपवे में अप्रैल माह में एक दुर्घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वतः संज्ञान लिया था। समाचार पत्रों में यह बात आयी थी कि एक्सीडेंट से पहले सिम्फर और बीआइटी मेसरा की रिपोर्ट थी कि रोपवे में प्रॉब्लम नहीं था। रोपवे को ऑपरेटर ने चलाया था, जिससे दुर्घटना घटी। सिम्फर की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 22.4 °c | 9.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.03 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.18 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 10 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# वाइबीएन विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कांफ्रेंस में हुआ शिक्षाविदों का समागम

## ■ शिक्षाविदों ने कार्यक्रम में मुक्त कंठ से की वाइबीएन विश्वविद्यालय की तारीफ

## ■ विश्वविद्यालय परिसर, विभिन्न संकाय, प्रबंधन, संसाधनों को उच्च स्तरीय बताया




डॉ कमलेश कुमार

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम रांची के राजाउलातू में स्थित वाइबीएन विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ख्यातिप्राप्त, लब्धप्रतिष्ठ शिक्षाविदों का एक मंच पर समागम हुआ। अवसर था वाइबीएन विश्वविद्यालय में 9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आठ दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर दिग दिगंतर के विद्वतजनों, शिक्षाविदों, गुणी शोधार्थियों का साक्षी बना। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में विश्वविद्यालय कुलपति (प्रभार) प्रो डॉ एसपी यादव ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सापेक्ष में बहुआयामी प्रयास के तहत अनुसंधान और नवाचार को प्राथमिकता देने पर प्रकाश डाला। इस राष्ट्रीय कांफ्रेस में विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विश्वविद्यालय के नामचीन स्तंभ के रूप में लब्धप्रतिष्ठ विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किये। इसमें आइआइआइटी के निदेशक प्रो विष्णु प्रिये, सरला बिरला विश्वविद्यालय के वीसी प्रो गोपाल पाठक, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन प्रो अशोक कुमार घोष, मुख्य अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य, बिहार स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार घोष, आइसीएफएआइ दीमापुर के प्रोफेसर डॉक्टर अरुण कुमार वर्मा, एआइएसइसीटी हजारीबाग के वीसी प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार नायक, मिलेनियम ग्रुप के

### शिक्षाविदों ने अपने शोध अनुभवों को साझा किया

निदेशक प्रोफेसर डॉ आर एन एस यादव, रिम्स के पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर एमएस भट्ट, एमसीएस पटना के डॉ अरुण कुमार, साइंटिस्ट एमसीएस पटना के डॉक्टर एमडी अली, भून सी बायोसाइंस प्रा लि रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार, सीयूजे के असिस्टेंट प्रोफेसर केमिस्ट्री डॉ अरविंद लाल, आरोग्य भारती झारखंड के राज्य सचिव डॉक्टर डीएन तिवारी, उषा मार्टिन रांची के वरीय उप महाप्रबंधक डॉक्टर मयंक मुरारी, एनआइ ऑफ एडवांस मैनेजमेंट रांची के एसोसिएट डीन प्रोफेसर डॉक्टर घनश्याम दास और आरजीयूएचएस कर्नाटक के



प्रोफेसर दिवाकर गोली ने अपने बहुमूल्य व्याख्यान तथा शोध अनुभवों को साझा किया। कांफ्रेंस में उपस्थित अधिकांश शिक्षाविदों का जोर पर्यावरणीय समस्या और उसके समाधान पर था। उन्होंने नयी शिक्षा नीति की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। इनके अतिरिक्त रिसर्च इनोवेशन एवं सतत वृद्धि को साकार करते हुए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी प्रोफेसर एसपी सिंह ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर जोर दिया।

इस अवसर पर विज्ञान संकाय की तरफ से पीएचडी शोधार्थियों ने अपने-अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। शोधार्थियों की तरफ से ओरल एवं पोस्टर प्रजेंटेशन की प्रस्तुति की गयी तथा सर्व प्रेषक वक्ता एवं पोस्टर निर्माता को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कांफ्रेस के प्रथम दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कांफ्रेंस संचालक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ आशीष सरकार, वाइबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी इ. दीपक कुमार, प्रबंधन समिति, फैकल्टी स्टाफ सहित सभी विद्यार्थी का सक्रिय सहयोग रहा।

इस अवसर पर कांफ्रेंस संयोजक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस कांफ्रेंस के वैसे प्रतिभागी, जो अपने-अपने शोधपत्र प्रस्तुत कर रहे हैं, उनका शोध आलेख आइएसएसएन युक्त जर्नल में प्रकाशित होगा, साथ ही प्रतिभागी को बारकोड युक्त प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। मौके पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर बैद्यनाथ यादव, चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी के अलवा सभी संकाय के डीन एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शराब घोटालेबाजों पर मुख्यमंत्री करें कार्रवाई: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि आप जोहार यात्रा से थोड़ा समय निकाल कर राज्य में जारी शराब घोटाले से बचने के लिए भी कार्रवाई कीजिए अन्यथा इस महाघोटाले का ठीकरा भी आपके सर ही फूटनेवाला है। मैंने इस घोटाले के बारे में पहले भी कई बार पत्र लिख कर सचेत किया था। आपने एक बार भी गौर नहीं किया। झारखंड में घोटाले का रिकार्ड बन रहा है।

बाबूलाल ने आगे पत्र में लिखा है-इसी कड़ी में स्मरण कराना चाहूंगा कि आपने उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि राजस्व का

### भाजपा विधायक दल के नेता ने हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

नुकसान हुआ तो कार्रवाई होगी, लेकिन विभाग के पदाधिकारी शराब कंपनियों से 30 करोड़ जुर्माने की रकम वसूलने में डर रहे हैं। दिखाने के तौर पर मैन पावर कंपनी का बैंक गारंटी जब्ती का ड्रामा कर रहे हैं।

बाबूलाल ने कहा है कि जिस छत्तीसगढ़ी शराब कंपनी और मैन पावर कंपनी को राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से कुछ अप्रत्यक्ष शर्तें (डील कर) के साथ झारखंड को लुटाने के उद्देश्य से लाया गया, वह सात महीनों में ही सरकारी राजस्व को छह सौ करोड़ का चूना लगा चुकी है। आपके अधिकारी शराब घोटाला का पर्दाफाश होने और इसमें आपके



फंसने के इंतजार में तमाशबीन बन कर देख रहे हैं।

बाबूलाल ने आगे पत्र में लिखा है कि एक खबर यह भी है कि उत्पाद विभाग ने सुमित फैसिलिटीज और प्राइम वन से नये मैन पावर एम/एस जीडीएक्स फैसिलिटीज को जोन-3 और 6 में शराब बेचने को काम दे दिया है, लेकिन कंपनी द्वारा बैंक गारंटी भी जमा नहीं की गयी है, जो अविलंब जमा करने का नियम है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपने उत्पाद विभाग को प्रयोगशाला बना दिया है? इसका जवाब झारखंड की जनता को देना चाहेंगे। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि दुकानों में काम करनेवालों को एवं नामी ब्रांड शराब कंपनियों को भुगतान नहीं हो रहा है। इस वजह से दुकानों में ब्रांडेड शराब-बीयर नहीं मिल पा रही है। अगर गहराई से इसकी जांच की जाये तो पता चलेगा कि शराब में भी हजार करोड़ का घोटाला हो चुका है।

बाबूलाल ने पत्र में आगे लिखा है कि अभी हाल ही में अखबार के माध्यम से पता चला है कि दिल्ली शराब घोटाला के आरोपी झारखंड में भी शराब कारोबार में अपना पैर जमाने के उद्देश्य से यहां के अफसरों से कई बार बैठक कर चुके हैं। गनीमत है कि उक्त कारोबारी दिल्ली में समय रहते जांच में पकड़े गये, वर्ना अभी खान-खदान, जमीन एवं अन्य घोटाले के साथ-साथ शराब घोटाले में न्यायालयों के चक्कर लगा रहे होते। बाबूलाल ने कहा कि तरह-तरह के घोटाले से राज्य की बदनामी हो रही है, इसके पहले कि शराब घोटाले का ठीकरा आपके सिर फूटे, आप इस मामले में यथाशीघ्र कार्रवाई करें। उस छत्तीसगढ़ी कंसलटेंट कंपनी को, जिसने करोड़ों रुपये लेकर गलत सलाह दी, उस पर भी कार्रवाई कीजिए। अन्यथा इसका ठीकरा भी आप पर ही फूटेगा। आप इसके सूत्रधार पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई कीजिए, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी कंपनी को प्रश्रय देने में भूमिका निभायी थी।

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा -10 जून को हुई हिंसा की सीबीआइ से जांच क्यों नहीं करायी जाये!

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्यों नहीं इस मामले की सीबीआइ जांच करायी जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि सरकार का इरादा मामले की सही तरह से जांच करने का नहीं है। रांची हिंसा को लेकर दर्ज कुछ केस सीआइडी तथा कुछ पुलिस अनुसंधान कर रही है। ऐसा कर अनुसंधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है, ताकि सीआइडी और पुलिस की रिपोर्ट में कुछ अंतर आ जाये और फिर जांच खत्म हो जाये। या तो पूरे केस की जांच सीआइडी से करायी जानी चाहिए थी या पूरे केस की पुलिस से जांच करानी चाहिए थी, ताकि जांच

### 15 दिसंबर को गृह सचिव और डीजीपी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

में कोई विरोधाभास न आ सके। ऐसे में सरकार के रवैये को देखते हुए कोर्ट किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करा सकती है। कोर्ट ने राज्य के डीजीपी और गृह सचिव को 15 दिसंबर को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर जवाब देने के लिए कहा है। कोर्ट ने उनसे पूछा है कि उक्त घटना के बाद रांची के तत्कालीन एसएसपी का ट्रांसफर करने से संबंधित जो फाइल कोर्ट ने मंगायी थी, उसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि एसएसपी का ट्रांसफर क्यों किया गया है। डीजीपी और गृह सचिव को इसे स्पष्ट करने को कहा गया है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। खंडपीठ ने मौखिक कहा कि सरकार की ओर से जांच के लिए पहले एसआइटी बनायी गयी, फिर जांच सीआइडी को दी गयी, लेकिन सीआइडी भी कुछ नहीं कर पायी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि ह्यूमन राइट कमीशन द्वारा यह निर्देशित है कि जहां कहीं भी घटना में पुलिस की करवाई में कोई घायल या मर जाते हैं, उस घटना की जांच सीआइडी द्वारा करायी जा सकती है। इसी के तहत डेली मार्केट थाना केस सीआइडी को दिया गया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह कौन सी प्रशासनिक अनिवार्यता थी, जिसके तहत घटना के समय वहां मौजूद रांची के तत्कालीन एसएसपी को स्थानांतरित कर वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखा गया था।

## कार्यक्रम : राज्य खाद्य आयोग के स्थापना दिवस पर बोले विधानसभा अध्यक्ष

# राज्य में कोई भूखा नहीं रहे, इसके लिए सिस्टम को दुरूस्त करने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग ने श्रीकृष्ण लोक सेवा संस्थान में अपना स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह मनाया। आयोग ने हर साल 9 दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनाने का फैसला किया है, क्योंकि इसी दिन 2015 को आयोग की नियमावली को स्वीकृति मिली थी। स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधानसभाध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि आयोग ने उल्लेखनीय काम किया है, जिससे लोगों में जागरूकता आयी है। राज्य में कोई




भूखा ना रहे, इसके लिए सिस्टम को और चुस्त दुरूस्त करने की जरूरत है।

### 1300 शिकायतों का निराकरण: हिमांशु शेखर चौधरी

झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को लागू करवाना आयोग की संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेवारी है। आयोग इसके लिए पूरी तरह प्रयासरत है। अधिकार जानें अधिकार मांगे टैग लाइन के साथ आयोग ने 30 नवंबर तक 1700 शिकायतों में से करीब 1300 शिकायतों का निराकरण कर दिया है। बाकी की प्रक्रिया जारी है।

### इमेल और डाक से भी शिकायतें दर्ज हो रहीं

आयोग ने शिकायतों के लिए 9142622194 व्हाट्सअप नंबर जारी किया है। साथ ही वेवसाइट, इमेल और डाक से भी शिकायतें दर्ज कर रहा है। इस पहल के बाद बड़ी संख्या में लोग सहज और सरल तरीके से अपनी शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं।

### इन्हें सम्मानित किया गया

आयोग की वेबसाइट पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए बोकारो के डीजीआरओ सादात अनवर, व्हाट्सअप पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के लिए देवघर के डीजीआरओ चंद्रभूषण सिंह और डाक से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए पश्चिम सिंहभूम के डीजीआरओ संतोष कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। वहीं ओवरऑल परफॉरमेंस के लिए गिरीडीह डीजीआरओ वी भेंगरा, बोकारो डीजीआरओ सादात अनवर, देवघर डीजीआरओ चंद्रभूषण सिंह और गुमला के डीजीआरओ सुधीर कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। इन्हें स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किये। कार्यक्रम में झारखंड राज्य खाद्य आयोग की सदस्य शबनम परवीन, पूर्व सदस्य रंजना, विभिन्न जिलों से आये प्रतिनिधि शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन आयोग के अवर सचिव सिकंदर राय ने किया।

# हाइकोर्ट ने सरकार पर लगाया पचास हजार रुपये का जुर्माना

### एफएसएल में नियुक्ति में हो रही थी देरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने एफएसएल में विभिन्न पदों पर नियुक्ति में देरी एवं अदालत का वक्त जाया करने पर राज्य सरकार को 50 हजार का जुर्माना लगाया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन एवं न्यायाधीश एसएन प्रसाद की खंडपीठ में हुई।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार पर पचास हजार रुपये का लगाया है। एफएसएल में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति का अधिकार नहीं होने के बावजूद पार्टी बना कर



अदालत का समय जाया करने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। बता दें कि दिवगंत जज उत्तम आनंद हत्याकांड की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया है। अब इस केस की अगली सुनवाई की तिथि एक सप्ताह बाद मुकर्रर की गयी है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्म दिन पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में हरिजन बस्ती करमा में कार्यक्रम आयोजित कर गरीबों के बीच कंबल व मिठाइयां वितरित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव ने किया गया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेता लक्ष्मण प्रसाद यादव, वरीय नेता सैयद नसीम, राम लखन पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज केसर, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान, सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास, चंद्र देव पासवान, मनोज कुमार, चौधरी पासवान, दीपक राज, सूरज कुमार गुप्ता, राज साहू, संजीत कुमार, विक्की प्रसाद, महेश शर्मा, प्रकाश यादव, कलवा देवी, मैमून खातून, कौलेश्वरी देवी, कौशल्या देवी, छोटू पासवान, पर्वतीया देवी, गौरवा देवी, दुलारी मसोमत, सिकंदर कुमार राम मौजूद थे।

## उपायुक्त ने आमजनों की समस्या सुनी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिलकर अपनी फरियाद सुनाई। समस्याओं में मुख्य रुप से जाति व आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने, धान अधिप्राप्ति केंद्र की स्वीकृति देने, सर्वे रोड अतिक्रमण करने से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने आमजनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्पादन का निर्देश दिया।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 12 और 13 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) 2022-23 प्रतियोगिता का आयोजन बागीटॉड स्टेडियम कोडरमा के मैदान परिसर में 12 से 13 दिसम्बर तक किया जायेगा। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजर की विवरणी टीम मैनेजर के माध्यम से दिनांक-10 दिसम्बर को पूर्वाहन 4 बजे तक जिला खेल कार्यालय, कोडरमा में हस्तगत कराने को कहा गया है। सभी टीम दिनांक 12.12.22 को 9 बजे तक बागीटॉड स्टेडियम कोडरमा के मैदान परिसर में रिपोर्ट करेंगे। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) 2022-23 के निमित विशेष जानकारी हेतु धीरेन्द्र सिंह, लिपिक, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या-9693284071) व शिवम राज, कम्प्यूटर ऑपरेटर, जिला खेल कार्यालय, कोडरमा (मोबाईल संख्या 9123120872) से सम्पर्क किया जा सकता है।

## खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुरू



**कोडरमा।** जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया के खेल मैदान में झारखंड शिक्षा परियोजना कोडरमा द्वारा खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर करके खिलाड़ी जिला में पहुंचे हैं। इसके लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलों से स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है इनसे मनुष्य का चिरित्रिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। खिलाड़ियों का उपायुक्त समेत अन्य अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया एवं फुटबाल में कीक मारकर मैच की शुरूआत की। फुटबॉल, कबड्डी, वालीबॉल और हॉकी आदि में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व शिक्षा विभाग के पदाधिकारी व कर्मी के साथ-साथ विभिन्न खेल के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## आग से झुलस कर एक व्यक्ति जख्मी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार की सुबह थाना अंतर्गत लखीबागी में एक व्यक्ति अपने घरों में बोरसी तापने के दौरान झुलस गया। आग कपड़े में लगने के बाद पैर में झुलस कर घायल हो गया। घायल की पहचान जीतन दास (उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रोहन दास ग्राम लखीबागी) के रूप मे हुई है। उसे आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## दिनेश सिंह रणजी मैच के एसीएलओ बने

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह को बीसीसीआई ने 13 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड और केरल के बीच रणजी मैच का एंटी करप्शन लाइजनिंग ऑफिसर बनाया है। झारखंड और केरल के बीच यह रणजी मैच 13 दिसंबर से 16 दिसंबर तक रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा। श्री सिंह को बीसीसीआई और जेएससीए ने ए सी एल ओ के रूप में नियुक्त कर बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। इनकी नियुक्ति पर कोडरमा जिला के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। हर्ष व्यक्त करने वालों में केडीसीए के अमरजीत सिंह छाबड़ा, विवेकानंद चौधरी, अनिल सिंह, डॉ उपेंद्र भदानी, मनोज सहाय पिंकू, विनोद विश्वकर्मा, पंकज सिंह, आलोक पांडे, उमेश सिंह, अशोक दास गुप्ता, राकेश पांडे, सुमन कुमार, सोनू खान, ओम प्रकाश, पवन सिंह, सुनील जैन, अनिल पांडेय, सुभाष छाबड़ा, शीतल छाबड़ा, मोहम्मद तहसीन, धर्मेंद्र कौशिक, कुंदन राणा, रोहित कुमार, मुकेश प्रभाकर,सुरेंद्र प्रसाद, रवि कुमार यादव, दीपक यादव, मनोज चौरसिया, राजू यादव, धीरज पांडेय, अरशद खान, पिंटू शुक्ला, धीरज कुमार, अमित सिंह, बीरमल सिंह, चंदन सिंह, दीपक पांडेय, विवेक पांडेय, सुधांशु सिंह, परीक्षित सिंह, अमन कुमार शामिल है।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन विभाग के निर्देश पर कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया के सभागार में वंदना के पश्चात सभी भैया बहनों एवं आचार्य बंधु भगिनी ने सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने अपने संबोधन में कहां कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटना के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में लोगों की मौत हो रही है। मुख्य रूप से युवा वर्ग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना अनिवार्य है यदि वे वाहन चालन के दृष्टिकोण से सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करेंगे और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएंगे तो सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत की संख्या में कमी आएगी।अतः आज के इस कार्यक्रम को बहुत ही गंभीरता से स्वीकार करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के षष्ठम वर्ग से दशम वर्ग तक के लगभग 500 भैया बहन शपथ लिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह, प्रदीप पांडेय, नीरज कुमार, रामानुज पांडेय, प्रभात सौरभ, शर्मिष्ठा शाहा, अनिता कुमारी, अर्चना कुमारी, चंद्र कावेरी निहाल, श्वेता श्रीवास्तव, प्रणव प्रभास, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, विजय कुमार तिवारी, डॉक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार आदि सभी आचार्य एवं दीदी जी भी शपथ लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय योगदान दिए।

### कोयला लदी मोटरसाइकिल और हाइवा में टक्कर, लगी आग

# हाइवा समेत बाइक चालक जिंदा जला

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही )।** कोयला लदी मोटरसाइकिल व गिट्टी लदे हाइवा में शुक्रवार अहले सुबह बड़कागांव हजारीबाग रोड के इक्विनोक्स पॉइंट मैदान के निकट टक्कर हो जाने से आग लग गयी। जिससे बाइक चालक समेत हाइवा जलकर खाक हो गया । जब तक दमकल की गाड़ी द्वारा आग पर काबू पाया जता तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मोटरसाइकिल चालक, मोटरसाइकिल व हाइवा (जे एच 02बी जे 9177) जलकर खाक हो गया। घटना 9 दिसंबर शुक्रवार अहले सुबह 5:00 बजे की है।

मोटरसाइकिल चालक मृतक की पहचान स्थानीय लोगों ने बरवाडीह निवासी बुधन साव के 32 वर्षीय पुत्र निर्मल साव के रूप में की है । मृतक का शव इतना जल गया था कि लोग नहीं पहचान रहे थे। लेकिन जब उसके नंबर पर कॉल किया गया और उसके साथ कोयला बिक्री करने जाने वाले लोगों से पूछताछ की गयी, तब लोगों को संदेह हुआ कि मृतक निर्मल साव ही है। मृतक का शव लगभग 80 प्रतिशत जल गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल हाइवा के अंदर घुस गयी थी, जिससे आग लग गयी। यह देखकर हाइवा के चालक और खलासी ड्राग गये। हाईवा छरी (गिट्टी) लेकर टंडवा के एनटीपीसी में जा रहा था।

घटनास्थल पर एनटीपीसी के त्रिवेणी सैनिक अग्निशमन वाहन लगभग 8:30 बजे पहुंचकर हाइवा में लगी आग को बुझाया तब तक मृतक एवं मोटरसाइकिल पूरी तरह जल चुकी थी।



बुधन साव

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की

आक्रोशित ग्रामीण सड़क जाम कर दिया गया और विधायक अंबा प्रसाद एवं उपायुक्त को बुलाने एवं मृतक के परिजनों को मुआवजा, नौकरी साथ हाइवा परिचालन पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। मृतक अपने पीछे पत्नी, 3 वर्षीय पुत्र एवं 6 माह की पुत्री व पिता को छोड़ गया। घटनास्थल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय एवं बड़कागांव पुलिस ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे थे । मौके पर मुखिया विमला देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सहित कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

### आश्वासन के बाद हटा रोड जाम

घटना की सूचना पाकर विधायक अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची इसके बाद प्रशासन व पीड़ित परिवार और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। जिसमें पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन से एक लाख रुपये मुआवजा, विधायक द्वारा 10,000 एवं इंश्योरेंस के माध्यम से 25 लाख रुपये , मृतक की पत्नी खुशबू देवी को त्रिवेणी सैनिक में नौकरी देने का आश्वासन दी। इसके बाद रोड जाम हटाया गया। वार्ता में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, मुखिया विमला देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, शाहिद उर्फ सोनू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## हरली जतरा मेला में लोहे के बने औजारों की जमकर हुई खरीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू ।** हरली मैदान में हर वर्ष लगने वाला जतरा मेला इस वर्ष भी शानदार तरीके से लगाया गया। किसानों की खुशहाली का प्रतीक यह त्योहार हर वर्ष धन कटनी के बाद लगाई जाती है। इस प्रसिद्ध मेले की खासियत यह है कि यहां लोहे से बने औजार विशेषकर कुदाल, गैता, कुल्हाड़ी, सबल, कड़ाही आदि की जमकर खरीद बिक्री होती है। किसान यहां अपने खेतों में काम आने वाले ज्यादातर औजारों की खरीदारी करते है। इस



मेले में औजारों के साथ साथ बच्चों के लिए तरह तरह के झूले व अन्य दर्जनों तरह के स्टॉल लागये गए थे जिसका मेले में आने वाले लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस मेले की विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अंचलाधिकारी नीतू कुमारी और दारू थाना प्रभारी अमित कुमार बेहद सक्रिय रहे और पूरे मेला परिसर में घूम घूम कर निरीक्षण करते रहे। मेला के सफल संचालन हेतु बनाई गई समिति में अध्यक्ष रामजी कुशवाहा, सचिव कैलाश विश्वकर्मा, मोहम्मद फारुकुद्दीन, दिलीप प्रसाद,चुरामन प्रसाद, प्रदीप राम, विकाश कुमार, बंटू प्रसाद, देवनारायण कुमार, सुरेंद्र राम को रखा गया है।

### डीएवी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** 9 दिसंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रशासन द्वारा चलाए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के द्वारा बच्चों को अभिप्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए शपथ ली। बच्चों ने तख्ती पर सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखकर अन्य बच्चों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है। इसे ध्यान में रखकर जब भी सड़कों पर वाहन चलाएं सुरक्षित व संयमित होकर चलाएं।

## ग्यारह हजार हाइटेंशन तार टूट कर गिरा, युवक घायल

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेड़रा पंचायत के करोंज मोड़ के पास उपर से ग्यारह हजार हाईटेंशन तार गुजरी नीचे से (एलएनटी) तार से घरों में सप्लाई तार टूट कर गिर गई। जिससे कुछ समय के लिए करीब गोला चौक बिष्णुगढ़ के लगभग सभी 70 से 80 उपभोक्ता के घरों में करंट सप्लाई हो गई। ग्यारह हजार करंट सप्लाई होने से गोला चौक निवासी 40 वर्षीय गुड्डू बरनवाल करंट की चपेट में आकर हाथ और पैर झुलस गया और बुरी तरह से घायल हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य मूनी देवी एवं मुखिया निर्मल कुमार ने घायल युवक को आनन-फानन में बिष्णुगढ़ सीएससी केंद्र में लाया गया जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से शेखर सुमन के द्वारा हजारीबाग सदर में भर्ती करवाया गया। उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यह घटना बिजली विभाग के लापरवाही से सड़क के ऊपर से गुजरी जर्जर तार में जाली नहीं होने के कारण शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे घटी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दोषी वार ठहराते हुए कहा कि जर्जर पतला तार एवं बिजली की लचर व्यवस्था के बारे में विभाग को पहले भी अवगत कराया गया था। पर अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगा।अगर सड़क से गुजर रहे किसी वाहन पर तार टूट कर गिर जाता तो बड़ी घटना घट सकती थी। इस घटना से सभी 70 से 80 उपभोक्ताओं के घरों में शॉर्ट सर्किट होने से बिजली उपकरण मोटर, मोबाइल, बल्ब,तार, वाशिंग मशीन, पंखा, फ्रिज, टीवी, वायरिंग समेत काफी अन्य भी जल गया जिसमें 30 से 35 लाख रुपए तक की नुकसान बताया जा रहा है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता काली साव हुए पंचतत्व में विलीन

अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब, सदर विधायक के साथ उनके कई पुराने साथी भी हुए शामिल

जनसंघ के दौर से अब तक कार्यकर्ताओं के मनोभाव में काली साव के प्रति आदर और सम्मान बरकरार : मनीष जायसवाल





आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग भाजपा के जन- जन के बीच लोकप्रिय और कार्यकताओं के प्रेम के प्रगाढ़ता के प्रतिक रहें भाजपा के वरिष्ठ नेता काली साव शुक्रवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग के खीरगाँव स्थित मुक्तिधाम में हुआ। गाजे- बाजे के साथ भाजपा झंडा से लपेटकर उनका भव्य शव- यात्रा उनके ओकनी मुहल्ला स्थित आवासीय परिसर से निकला जो पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए मुक्तिधाम पंहुचा। इस दौरान कई स्थानीय गणमान्य भाजपा नेता और कार्यकताओं ने उनके शव पर पुष्प और अंग- वस्त्र चढ़ाकर उन्हें श्रधांजलि दी और नमन किया। तत्पश्चात शव यात्रा में भाजपा के कई गणमान्य नेतागण, कार्यकर्तागण, अन्य सामाजिक और राजनितिक दलों के नेतागण, शहर के प्रबुद्ध बुद्धिजीवी वर्ग और कई धर्म- सम्प्रदाय के लोग शामिल हुए और नम आँखों से उन्हें विदाई दी। शव- यात्रा में शामिल लोगों ने जब तक सूरज चाँद रहेगा- काली साव जी का नाम रहेगा काली साव अमर रहे आदि नारों लगाते हुए उनके शव- यात्रा में चल रहे थे। खिरगांव मुक्तिधाम धाम श्मशान घाट में सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित उनके कई पुराने साथी और भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे और उन्हें नमन कर अंतिम विदाई दी। काली शव को मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अर्जुन गुप्ता ने दिया। ये अपने पीछे दो पुत्र अर्जुन गुप्ता और विनोद गुप्ता सहित दो पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए । काली साव के निधन पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की जनसंघ के द्वार से अब तक कार्यकताओं के मनोभाव में काली साहू के प्रति आदर और सम्मान बरकरार रहा। यह उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि वह मेरे अभिभावक और मार्गदर्शक रहे हैं मेरे लिए उनका निधन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी सादगी और सक्रियता बेजोड़ थी ।

### चर्चित नेताओं में शुमार थे काली साव

**हजारीबाग शहर के ओकनी मोहल्ला के रहने वाले काली साव माध्यम वर्ग परिवार से थे और उनका कोई एजुकेशन बेस नहीं था। शुरूआती दिनों में सेठ मोहल्ला रोड में ये शीशे के वर्तन का छोटा सा दुकान संचालित करते थे। इनकी शादी कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह स्थित पूणार्डीह में हुई। जनसंघ काल से संगठन से जुड़े और भाजपा के लिए हमेशा कार्य करते रहें। संगठन में जिला समिति और जिला कार्यसमिति तक यह सीमित रहे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कई राष्ट्रीय और प्रदेश के नेताओं तक इनकी एक अलग पहचान थी। भारतीय जनता पार्टी में शुरूआती समय में जब हजारीबाग में चंद लोग थे तब 4 के नाम के व्यक्ति विशेष चर्चित हुआ करते थे। इन 4 के नाम के लोगों में काली साव का नाम भी शुमार था। उस दौर के चर्चित चार के वाले जोड़ी में स्व. काशीलाल अग्रवाल, स्व.काली साव और प्रो. के.पी. शर्मा एवं के.पी. ओझा शामिल हैं। साल 1989 में जब पहली बार भाजपा से यदुनाथ पांडेय चुनाव लड़े थे तब इस जोड़ी का विशेष दौर था। काली साव ने पूरे जीवन काल अपने संपूर्ण योग्यता के अनुरूप पार्टी द्वारा दिए गए संपूर्ण जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया। 1992 में जब डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी के अगुवाई में कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया जा रहा था तब हजारीबाग से जो भाजपा का दल गया था उसमें काली साव शामिल थे।**

## सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन



**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही कोयलांचल क्षेत्र के सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय चरही में जेबीसीसीआई एक्स आई को लागू कराने को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले काला बिला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया साथ ही मांग पत्र सौंपा गया पत्र पल्लाब चक्रवर्ती, अमला अधिकारी हजारीबाग क्षेत्र द्वारा कॉल इंडिया अध्यक्ष को अग्रसारित करने की मांग की गई है। जेसीएमयू कुर्बान अंसारी, जेसीएमयू अनवर अहमद, जेसीएमयू धिरज मांझी, जेसीएमयू सोमर मुंडा, जेसीएमयू शंकर कुमार, राजकुमार वर्मा, जेएमेम द्वारिका सिंह, सीएमयू खुशीलाल महतो, बीएमएस सुजीत कुमार, बीएमएस पंकज कुमार सिंह, मनीषा कुमारी सहित दर्जनों लोगों ने शामिल हुए।

## बीएसएफ मेरू कैंप में सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए पेंशन अदालत का आयोजन 12 को

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सीमा सुरक्षा बल, मुख्यालय नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रव्यापी स्तर पर बल के प्रमुख संस्थानों में बल के सेवानिवृत पेंशनभोगी एवं परिवार पेंशनभोगियों के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12 दिसंबर को पी एस बैंस, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में मेरु कैम्प में एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत को आयोजन किया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल मेरु कैम्प में आयोजित होने वाली पेंशन अदालत में झारखण्ड, छत्तीसगढ़, बंगाल एवं उड़ीसा राज्य से सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत पेंशनभोगी एवं परिवार पेंशनभोगियों की संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में चर्चा की जाएगी। मनोज कुमार, सहायक समादेष्टा को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, साथ ही भारतीय स्टेट बैंक के क्षैत्रिय कार्यालय, हजारीबाग के उच्च अधिकारी भी इस एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत में उपस्थित रहेंगे। सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित होने वाली इस राष्ट्रव्यापी पेंशन अदालत का मूल उद्देश्य सीमा सुरक्षा बल के सभी सेवा निवृत कार्मिकों को पेन्शन से संबधित कोई भी त्रुटि या समस्या का निवारण करके सही समय पर लाभ पहुंचाना रहेगा। पेंशन अदालत का आयोजन दिनांक 12 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सीमा सुरक्षा बल, मेरु कैम्प परिसर स्थित सीमा प्रिया हॉल में किया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में सोनिया गांधी का जन्मदिन मना



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिन केक काटकर कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा त्याग की मुर्ति सोनिया गांधी का महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लम्बे कार्यालय में कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूति प्रदान करने में कामयाब रहीं । अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने इनके जन्म दिन की बधाई देते हुए इनके लम्बे उम्र की कामना की। इस अवसर पर पढ़ने वाले बच्चों के बीच पाठ्य पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, बीसी मिश्रा, अधिकृत प्रवक्ता निसार खान, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव ओबीसी के अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, अल्पसंख्यक के अध्यक्ष तसलीम अंसारी, सेवा दल के अध्यक्ष बब्लू कुशवाहा, अजय कुमार गुप्ता, राजू चौरसिया, दिलीप कुमार रवि, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्ण कुमार यादव, कजरू साव, मंसुर आलम, ओम प्रकाश, नरेश कुमार गुप्ता, अनवर हुसैन, दीपक गुप्ता, अभिषेक कुमार मेहता, शुभम यादव, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, सलीम रजा के अलावे कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता ने स्कूलों में कैंडल वाटर फिल्टर दिया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महटिकरा व लंगातू स्कूल में प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कैंडल वाटर फिल्टर दिया। कहा बच्चों को शुद्ध पानी पीने के लिए दिया जा रहा है। ताकि बच्चों को शुद्ध पानी मिल सके आगे उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है शुद्ध जल बच्चे पिएंगे तो बीमारियों से दूर रहेंगे। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि दीपन कुमार, रंजीत कुमार, सुनील कुमार,सरोज कुमार, मेवा लाल नाग, प्रधानाध्यापक राम किशोर राम एवं लंगातु स्कूल के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

## बिजली तार गिरने से खलिहान में रखा धान जल कर राख



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर भैयाडीह में ग्यारह हजार बिजली तार गिरने से खलिहान मे रखे धान पुवाल जलकर राख हो गया। घटना रात्री दस बजे गोरहर भैयाडीह में 11हजार तार गिरने से खेमलाल महतो पिता हुलास महतो के खलिहान में रखा करीब तीन ट्रेक्टर पुवाल एवम एक ट्रेक्टर धान जल कर राख हो गया।मौके पर गोरहर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल पंसस लखन कुमार पंसस प्रतिनिधि रामसहाय मांझी वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने घटना का जायजा लिया साथ ही बिजली विभाग से उचित मुआवजा देने का मांग किया ताकि गरीब किसान का कुछ राहत मिल सके ।

## केरेडारी में सात दिवसीय योग शिविर आज से

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** योग से दूर करें रोग' को लेकर पतंजलि योग पीठ के तत्वाधान में प्रखण्ड के कृषि फार्म मैदान शनिवार से प्रखण्ड स्तरीय सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया जायेगा। शिविर का शुभारम्भ सुबह 6 बजे से 8 बजे तक दो घंटे का योग कक्षा चलेगी। जिसमे राज्य स्तर के व जिला स्तर के जानकार प्रशिक्षक लोगो को योग सिखाएंगे। इसके लिए केरेडारी पतंजलि योग पीठ समिति द्वारा प्रचार प्रसार और निबंधन का कार्य किया जा रहा है। ऊक्त योग शिविर में खास बात ये होगी कि रोग से सम्बंधित योग सिखाया जायेगा। ऊक्त निःशुल्क योग शिविर राज्य पतंजलि योग पीठ प्रभारी रामजीवन जी के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। ऊक्त आयोजन में पतंजलि योग समिति केरेडारी से प्रखण्ड प्रभारी प्रीतम साव, अध्यक्ष कुंदन भारती, किसान समिति से सीताराम प्रसाद कुशवाहा,कोषाध्यक्ष पंकज साहा, सोशल मीडिया प्रभारी गेंदो वर्मा,प्रशिक्षक रामलखन साहू,मंजू सुमन गुप्ता, जयंती वर्मा व युवा मोर्चा से नयनदीप पांडेय आदि जूट है।

## क्लांद्रिया पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत क्लान्द्रिया पब्लिक स्कूल में प्रभारी प्रिंसिपल हाजी आफताब आलम के द्वारा बच्चों को शपथ दिलाया गया। इस दौरान बच्चों को ट्रैफिक नियम और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। हाजी आफताब ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की बात कही। उन्होंने कहा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अपनी सुरक्षा के लिये पहनें न कि पुलिस के भय से, साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग कदापि न करें। मौके पर केपीएस की शिक्षिका मंताशा खान ने भी सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों को बताया। इस दौरान शिक्षिका शमा प्रवीण, सैयद एम इश्तियाक, रहमानिया तरन्नुम आदि मौजूद थी।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पोस्टल विभाग में लोगों की नौकरी लगाने के नाम पर लाखो रुपए की ठगी करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गिरफ्तारी चतरा व्यवहार न्यायालय परिसर से की गई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम हेमचंद बताया जाता है। जो बिहार की राजधानी पटना के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जाता है। ठगी के शिकार हुवे भुक्तभोगियों ने बताया कि हेमचंद खुद को पोस्टल विभाग का सीनियर ऑडिटर बताता था। इसी झांसे में लेकर इसके द्वारा प्रत्येक नौकरी की इक्षा रखने वाले शिक्षित बेरोजगार युवकों से 4 से लेकर 6 लाख रुपए तक की वसूली की गई। बताते चलें कि इस जालसाज हेमचंद के विरुद्ध स्थानीय न्यायालय में दो मुकदमा चल रहा था। जिसमें से एक में तो इसके द्वारा चोरी छुपे बेल ले लिया गया परंतु वह जैसे ही दूसरे मामले में बेल लेने के लिए न्यायालय में पहुंचा वैसे ही सदर थाना पुलिस को इसकी भनक लग गई और उसे धर दबोचा। सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को पूछ ताछ के बाद मंडल कारा भेज दिया है। बताते चलें कि इस जालसाजी के मामले में हेमचंद की पत्नी और उसके दोनों पुत्र भी आरोपी बनाए गए हैं। मालूम हो कि प्रेमचंद ने पोस्टऑफिस में नौकरी लगाने के नाम पर चतरा के कुमार गौरव, अमित कुमार, मो निजाम, भोला सहित दर्जनों युवकों से 4 लाख से लेकर 6 लाख रुपए तक की ठगी की है। इस ठगी के मामले में अगर गहनता पूर्वक जांच की जाय तो चतरा पोस्ट ऑफस के भी कुछ कर्मी इसमें संलिप्त पाए जायेंगें।

## 11 वां वेतन समझौता लागू करना होगा, नहीं तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होना तय : हरीरत्नम



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के मुख्य द्वार के समक्ष संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले बिभिन्न यूनियन प्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के शाखा अध्यक्ष हरि रत्नम व संचालन खिरोधर महतो ने किया। प्रदर्शन के दौरान बिभिन्न वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा अड़ियल रवैया अपनाकर मजदूरों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है एवम मजदूरों का 11वॉ वेतन समझौता करने में विलंब कर रहा है,जिससे मजदूरों में आक्रोश है मजदूरों को 28% मिनिमम गारंटी बेनिफिट देने की मांग जायज है जिसे प्रबंधन को मानना होगा मजदूरों ने ग्यारहवीं वेतन समझौता जल्द से जल्द नहीं लागू होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होने की बात कही।प्रदर्शन के दौरान सभी कामगार साथियों से आग्रह किया गया की रांची सीएमपीडीआई में आगामी सात जनवरी को होने वाले संयुक्त मोर्चा के कन्वेंशन में जो भी रूपरेखा बनेगी उसमें आप सभी कामगार साथियों का सहयोग अपेक्षित है।प्रदर्शन के बाद संयुक्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा मांग पत्र एसओपी रत्नेश्वर मलिक को सौंपा।विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जेएमएस के उदय प्रताप नारायण सिंह,मनोज कुमार सिन्हा,एनसीओईए के दिलेन्द्र सिंह,एमएनसी विश्वास, यूसीडब्ल्यू के एसएनए जाफरी,ललित नारायण राय,एजेकेएसएस के अरुण कुमार,सुजीत गुप्ता, सीएमयू सुशील कुमार,रतन कुमार, सीसीएल सीकेएस से मनोज पांडे,प्रदीप धर,झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन से हामिद अंसारी,शिवसागर सिंह ,नेपाल विश्वकर्मा,मनोज कुमार सिंह,संदीप झा,दीपक शर्मा, शंकर मिस्त्री,लाल कमल मंडल,रमेश सिंह,लखन,छत्रु सिंह, सत्येंद्र साहू,धीरज पासी,महेंद्र राणा,बिहारी लाल,नंदलाल दास सहित सैकड़ों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ूहतर काम के लिए नेशनल हेडक्वार्टर ने चतरा रेड क्रॉस को दिया तोहफा

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विशेष रूप से कोरोना काल में किए गए कार्यों व उपलब्धियों से नेशनल हेडक्वार्टर दिल्ली काफी प्रभावित हुई है। इसी का परिणाम है कि हेडक्वार्टर इन दिनों चतरा रेड क्रॉस में तोहफों की बौछार कर दी है। बताते चलें कि रेड क्रॉस को नेशनल हेडक्वार्टर ने सबसे पहले ब्लड सेभर बॉक्स दिया। इसके बाद 68 लाख का रक्त कलेक्शन भान दिया, फिर डोमेस्टिक फ्रीज व ब्लड सेभर फ्रीज प्रदान किया। बात अभी यहीं नहीं रुकी है। एक बार फिर नेशनल हेडक्वार्टर द्वारा चतरा रेड क्रॉस सोसाइटी को सौगात भेजा जा रहा है अब वह सौगात क्या होगा यह आने के बाद ही पता चलेगा। रेड क्रॉस के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि नेशनल हेडक्वार्टर का मैं शुक्रगुजार हूं, कि उन्होंने चतरा रेड क्रॉस को इस काबिल समझा। उन्होंने कहा कि नेशनल हेडक्वार्टर ने जो हमपर विश्वास और उम्मीद जताया है मैं उनके उम्मीद और विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करुंगा।

## एनटीपीसी : नॉर्थ कर्णपुरा टंडवा डीएवी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा टंडवा में क्विज प्रतियोगिता का शुक्रवार को आयोजन किया गया।जिसमें एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाग लिया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने बच्चों के बीच कार्यक्रम का प्रारंभ किया। प्रधानाचार्य श्री पाण्डेय ने कहा की क्विज प्रतियोगिता मस्तिष्क का विकास करता है। बच्चों ने बेहतर परिणाम लाने वाले को कॉपी पेन इत्यादि देकर समान्नित किया एव स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाये देकर इस प्रतियोगिता का समापन किया।इस मौके पर शिक्षिका सुमिता कुमारी घोष , प्रीति कुमारी, एस.सिंधुरा, शिल्पी कुमारी एवं नीलम कुमारी उपस्तिथ थे।

## 11 वें वेतन समझौता के विलंब पर विरोध प्रदर्शन सफल : संयुक्त मोर्चा




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आम्रपाली परियोजना में वेतन समझौता जेबीसीसीआई के ग्यारवाँ वेतन के विलंब को लेकर पुरजोर संयुक्त मोर्चा के तहत विरोध-प्रदर्शन किया गया। जिसमें धरना प्रदर्शन को पुर जोर तरीके से नारे बाजी कर सफल बनाया गया।इसकी अध्यक्षता बिनोद विहारी पासवान, संचालन अनूप खन्ना ने किया।आम्रपाली पीट कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन में मुख्य रूप से सभी यूनियन प्रतिनिधियों में आरकेएमयु क्षेत्रीय सचिव जहूर मियाँ, मनिंदर कुमार सिंह, उमेश प्रसाद यादव, संजय महतो,यूसीडब्ल्यूयु नेता राजा गोपाल, उदित राज, लखन महतो, ध्रुव लोकप्रिय,बीएमएस के मुकेश कुमार, शिव कुमार सिंह, संजय कुमार, प्रभु महतो,जेएमएस के अजय कुमार सिंह,केश्वर साव,रामसागर सिंह, मुकेश कुमार सिंह,समेत आम्रपाली के कार्यरत सैकड़ों मजदूर महिला कर्मचारियों उपस्थित थे।

## काम नहीं करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : मुखिया महावीर साहू



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को नावाडीह उर्फ तेलियाडीह के सभागार मे पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया महावीर साहू, संचालन पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने किया।बैठक मे मुख्य रूप से आंगनबाडी सेविका,स्वास्थ्य सहिया,जल सहिया, स्कुल के शिक्षक शामिल हुये। सभी विभागों से बारी बारी से समीक्षा की गयी।इस बैठक मे पंचायत के पीडीएस दुकानदार शामिल नही होने नाराजगी जाहिर किया गया। बैठक मे निर्णय लिया गया की एक सप्ताह के अंदर अपना स्पष्टीकरण दें अन्यथा विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी बताया गया।उस मौके पर उतरी जिप सदस्य देवन्ती देवी,पंसस आशा सिन्हा,उप मुखिया संदीप कुमार,रोजगार सेवक कैलास यादव ,ऑपरेटर मुकेस कस्यप , वार्ड सदस्य रितेश पासवान,चेतली देवी,पुष्पा देवी उपस्तिथ थे।

## सेवटा में ट्रेन से कटकर सहारा एजेंट की मौत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के सेवटा सहयोगी नगर निवासी सहारा इंडिया एजेंट सह सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड के ठेका श्रमिक 42 वर्षीय सुरेश कुमार ने शुक्रवार को ट्रेन से कटकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना के बाद कुजू ओपी पुलिस आवास पहुंची। जहां शव का पोस्टमार्टम हेतु रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। वही, पुलिस को परिवार वालों ने कई महीनों से सुरेश का मानसिक संतुलन बिगड़ी होने की बात बतायी। कहा कि रोज की तरह टहलने के लिए सेवटा तालाब की तरफ गए थे। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। जिसकी सूचना के बाद परिजनों ने शव को उठाकर अपने घर ले आए। घटना के बाद पत्नी अनीता देवी, पुत्री खुशबू कुमारी एवं पुत्र राहुल कुमार और रितेश कुमार समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर, बताया जाता है कि सुरेश कुमार सहारा इंडिया के एजेंट के होने की वजह से उपभोक्ताओं द्वारा मेच्योरिटी पूरी होने पर पैसे की वापसी की मांग की जा रही थी। जबकि सुरेश सहारा की बाजार स्थिति और टोकने की वजह से वे कई महीनों से काफी परेशान चल रहे थे। कयास लगाया जा रहा है कि बाजार की स्थिति के कारण उन्होंने डिप्रेशन में आकर अपनी जान तो नहीं दे दी। इधर, कुजू पुलिस मामले को विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने में जुटी है।

# रंगदारी के लिए ही हुआ है देवांशु पर हमला, पत्नी ने दर्ज करायी प्राथमिकी

### आपराधिक गिरोह के नाम का नहीं हुआ खुलासा, खौफ में हैं व्यवसायी

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रेलवे के ठेकेदार देवांशु साहा पर हुए हमले का मुख्य कारण रंगदारी वसूलना है। उनपर जब भी हमला हुआ है। उसका कारण लेवी रहा है। गिरोह के लोग लगातार इनसे रंगदारी मांग रहे थे। रंगदारी नहीं देने पर उनपर हमला किया गया है। इसका खुलासा उनकी पत्नी बन्ना श्री ने किया है। रामगढ़ थाने में बन्ना श्री के बयान पर दर्ज कांड संख्या 309/2022 में यह बात कही है। आवेदन में कहा है कि अपराधिक गिरोह के निशाने पर हमेशा से देवांशु साहा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपराधिक गिरोह के लोगों के द्वारा अक्सर उन्हें फोन किया जाता था। गिद्दी थाना क्षेत्र में भी उनके पति से रंगदारी की मांग की गई थी। उस दौरान उनकी कंपनी के एक मुंशी पर जानलेवा हमला हुआ था। हर बार आपराधिक गिरोह के लोग उन्हें अपना निशाना बनाते हैं ताकि वे उन से रंगदारी वसूल सकें।



### घटनास्थल पर मौजूद सीसीटीवी में नहीं हुआ कुछ भी रिकॉर्ड

विकासनगर जाने वाले रास्ते पर जहां अपराधियों ने देवांशु साहा को गोली मारी वहां पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। घटनास्थल पर मौजूद एक दुकान में सीसीटीवी कैमरे तो थे, लेकिन वहां कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो रहा था।

### लगातार आपराधिक घटना होने से सकते में पुलिस, भूमिका पर उठने लगा सवाल

पुलिस के लिए दिनदहाड़े हुई यह वारदात न सिर्फ चुनौतीपूर्ण ही नही, बल्कि उन्हें अपराधियों पर लगाम लगाने की भी आवश्यकता है। रामगढ़ जिले में पिछले 4 दिनों में 3 स्थानों पर अपराधियों ने हथियार लहराए। पतरातू, भुरकुंडा के बाद रामगढ़ शहर में जब गोली चली तो व्यवसायियों के दिलों में अपराधियों का खौफ बैठ गया है। अब पुलिस पर यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि रामगढ़ के व्यापारियों के दिल दिमाग पर बैठे इस खौफ को कैसे दूर करेंगे।

### देवांशु साहा को लगी थी 3 गोली

ठेकेदार देवांशु साहा सीसीएल और रेलवे में काम कर रहे थे। उन पर जब अपराधियों ने गोली चलाई तो 4 में से 3 गोली उनके शरीर में लगी। एक गोली तो बाहर निकल चुकी थी। दूसरी गोली को डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बाहर निकाला है। तीसरी गोली अभी उनके शरीर में है। जिसका ऑपरेशन होना अभी बाकी है। चिकित्सकों के अनुसार देवांशु साहा फिलहाल खतरे से बाहर है। अभी तक देवांशु इस स्थिति में नहीं है कि वे पुलिस को कुछ बता सकें। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है, ताकि अपराधियों की शिनाख्त जल्द से जल्द हो सके।

## यातायात के नियमों का पालन कर सुरक्षित ढंग से वाहन चलायें : डॉ संज्ञा

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में ठरर यूनिट-कके तहत सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया नियमों का पालन करते हुए छात्र छात्राओं को प्रतिज्ञा शपथ बनाया गया सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात के नियमों को पालन करने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल नहीं चलाना चाहिए, सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए, शराब पीकर वाहन नहीं चलाना चाहिए, हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए जैसे नियम की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो० तथा ठरर के कार्यक्रम पदाधिकारी उत्तम कुमार ने शपथ पत्र पढ़कर शपथ दिलवायी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो० मनोज झा, प्रो० ज्योति कुमारी, प्रो० जुही उपाध्याय, प्रो० निरंजन महतो, प्रो० फहमीदा नाज, प्रो० निखहत परवीन, प्रो० रेवा लाल पटेल, जफरुल हसन खां, रवि कुमार, पिंटू कुमार, कुशुम कुमारी, सोनू कुमार, राजेश तिवारी, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार तथा भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## मतदाता सूची प्रेक्षक प्रमंडल ने रामगढ़ जिले का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक उत्तरी चंद्र किशोर उरांव ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले के मांडू का दौरा किया। उनके आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें प्रखंड कार्यालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान श्री उरांव ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मांडू क्षेत्र में हुए कार्यों का जायजा लिया। श्री उरांव ने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम



जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रों में सर्वे कराकर जो व्यक्ति वर्तमान में रामगढ़ जिले में निवास नहीं कर रहे हैं का नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया।

### जल्द पूरा करें मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने का काम

मौके पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि प्रत्येक योग्य मतदाता के पास अपना मतदाता पहचान पत्र हो और वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए उन्होंने मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर मतदान के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए श्री उरांव ने जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करते हुए सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## चौथे मुकाबले में राहुल इलेवन सौंढ़ की टीम हुई विजयी

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** चितरपुर स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में चल रहे रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल चितरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे मुकाबले में राहुल इलेवन सौंढ़ की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पवन इलेवन मायल की टीम को हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मायल की टीम निर्धारित 12 ओवर में 8 विकेट 67 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए सौंढ़ की टीम 5.2 ओवर में एक विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बेहतर खेल के लिए विजेता टीम के मंजय कुमार को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व चौथे मुकाबले का उदघाटन मुख्य रूप से मौजूद जिला मीडिया प्रभारी तनवीर आलम व चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष समशूल हक द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।

### नशे में पत्नी को पीटता था शराबी पति, पत्नी ने रच डाली मौत की साजिश

## अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा पति, पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** चतरा में घरेलू विवाद और प्रताड़ना से तंग सनकी पत्नी द्वारा अपने ही पति के मौत की खौफनाक साजिश रचने का सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आए दिन नशे में धुत शराबी पति द्वारा घर मे मारपीट व गाली-गलौज समेत अन्य घरेलू हिंसा से परेशान पत्नी ने पति के शरीर में आग लगाकर उसकी हत्या को अंजाम देने का प्रयास किया। हालांकि परिजनों व अन्य ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से शराबी पति की जान तो बच गई लेकिन अब वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जख्मों का दर्द सहने के साथ-साथ जूझ भी रहा है। घटना सदर थाना क्षेत्र से महज तीन किलोमीटर की दूरी



पर स्थित जयपुर भुईयां टोला में घटी है। परिजनों के अनुसार घर के कमरे में पैर-हाथ बांधकर कपड़े से ढक पत्नी ने अपने पति पर किरोसिन उड़ेल आग लगा दी थी। इतना ही नहीं पति के शरीर में आग लगाने के बाद घर का दरवाजा बंद कर वह मौके से फरार भी हो गई। परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी तब मिली जब आग की बदबू आसपास के घरों तक पहुंची। आनन-फानन में ग्रामीण और परिजन मौके पर एकत्रित हुए और घर का दरवाजा खोल आग में जल रहे विनोद भारती को बचा कर तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना मे विनोद गंभीर रूप से झुलस गया है। घटना देर रात की बताई जा रही है। पति बिनोद की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका सीर, सीना और हांथ पूरी तरह झुलस गया है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पत्नी रुंति देवी को हिरासत में ले लिया है। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में भी रुंति ने अपने पति को जहर देकर उसकी हत्या का प्रयास किया था, लेकिन किसी तरह हुआ बच गया। जिसके बाद गांव में पंचायत भी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामले में तत्काल आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल के बाद अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर दिलायी शपथ



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बालिका उच्च विद्यालय कुजू में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर छात्राओं को शपथ दिलाया गया। शपथ समारोह में चार पहिया वाहन चालको को सदैव सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट का प्रयोग करने समेत सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निदेर्शों का पालन करने का जागरूक किया गया। मौके पर छात्राओं के अलावे शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। मौके पर सचिव अंशु गुप्ता, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक शिशुपाल महतो, राकेश कुमार महतो, बुलंद अख्तर रिजवी, सुधीर कुमार पांडेय, रामनरेश शर्मा मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू के पालु पिपरीटोला स्थित ज्योति विकास विद्यालय में शुक्रवार को गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय संस्कृति से सम्बन्धित विषयों पर सवाल पुछे गए थे। इसको सफल बनाने में कुमारी साधना सिंह, ज्ञान प्रकाश, विद्यालय के प्राचार्य कामेश्वर महतो, सज्जाद अंसारी, लालकिशोर महतो, निर्मल यादव, विजय ठाकुर, ललिता टोप्पो, रेणु कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशबु कुमारी, विनीता सुरीन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रमुख कौशल्या देवी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंसस के 15वें वित आयोग की राशि से संचालित होने वाले योजनाओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रखंड के दर्जनों की संख्या में पंसस शामिल थे।

## कांग्रेस पार्टी छोड़ सैकड़ो कार्यकर्ता किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा में शामिल हुए



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के इचापिरि गांव मैं शुक्रवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महेंद्र उरांव और संचालन कर रहे उपमुखिया रामदयाल गंझू महेंद्र गंझू के नेतृत्व मैं कांग्रेस छोड किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा मे शामिल होने वालों में सातन मांझी, बाबूराम मांझी, दुर्गा मांझी, दुबराज गंजू, बंधन गंजू गणेशगंज, गुड्डू मांझी, विनोद मांझी, विनोद मुंडा, बसंत गंजू, प्रभु गंजू, बंधन गंजू, चेतन जी, सिकंदर मुंडा, जितेंद्र गंजू, गणेश मुंडा, हरी जी, रामकिशन मुंडा, पार्वती देवा, संजू मुंडा, निर्मल मुंडा, गणेशगंज, योगेश मुंडा, रविंद्र मंजू, कलावती देवी, कुमारी देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी, ललिता देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, कांति देवी, छोटेलाल, मांगीलाल सहित आदि लोग शामिल है।

## भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदारी खदान में संयुंक्त ट्रेड यूनियन ने की पीट मीटिंग



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सयुंक्त ट्रेड यूनियन द्वारा कोल इंडिया के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाड़ी खदान में विरोध दिवस मनाया गया। इस दौरान पीट मीटिंग कर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी फैसले का एकजुट होकर विरोध का आहवान किया। पीट मीटिंग की अध्यक्षता सीटू नेता निरंजन पटेल व संचालन बीएमएस नेता सरोज राणा ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए सयुंक्त मोर्चा के नेताओं ने कहा कि कोल इण्डिया प्रबंधन एवं केंद्र सरकार कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौता सम्मानजनक नहीं करना चाहती है। अभी तक सात बैठके हो चुकी है लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष पर प्रबंधन नहीं पहुचा है। एटक नेता एवं जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने कहा कि कोयला मजदूर अपनी एकजुटता बनाएं रखें। बिना संघर्ष के 11वां राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता सम्पन्न नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोल इंडिया प्रबंधन अपनी हठधर्मिता को वापस नहीं लेती है तो कोयला मजदूर आगे हड़ताल पर भी जा सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से यूसीडब्ल्यूयू के विकास कुमार, अनुज कुमार, अशोक राम, संतोष कुमार, चंद्र देव कुमार, अशोक सिह, सुनील सिह, सीएमयू के अशोक गुप्ता, पप्पू कुमार, रमाकांत दुबे, बेलो शर्मा, मनोज कुमार, सीसीएलसीकेएस के शम्भू प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, एजेकेएसएस के संजय मिश्रा, विकाशकान्त सिन्हा, जेसीएमयू के संजय वर्मा, एनसीओईए के सत्यनारायण ठाकुर आदि ट्रेड यूनियन के नेता एवं सैकड़ो मजदूर मौजूद थें।

## दोतल्ला पंचायत में विशेष ग्रामसभा कल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में 11 दिसंबर रविवार की सुबह 10 बजे में स्वच्छ भारत अभियान द्वितीय चरण (ओडीएफ) एवं घर-घर नल के माध्यम से जल आपूर्ति करने हेतु जल जीवन मिशन के निमित्त विशेष ग्रामसभा आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने पंचायत के तमाम लोगों से अपील है कि उक्त तिथि को समय पर पहुंचकर अपने-अपने घरों में पंचायत के माध्यम से लगने वाले नल का कनेक्शन लेने हेतु तथा टोला-मुहल्ला के ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन हेतु योजनाओं का चयन में सहभागिता निभाने के लिए ग्रामसभा की बही (रजिस्टर) पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठा अवश्य बनावें। साथ ही ग्राम पंचायत के कोई भी निवासी उक्त योजनाओं से वंचित न रह जाए इसके लिए अपने-अपने स्तर से अपने पड़ोसियों एवं मोहल्ला-टोला के लोगों को ग्रामसभा की बैठक की सूचना अवश्य दें।

## 19 दिनों से जमीन की रजिस्ट्री कार्य ठप



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का कार्य 19 दिन से ठप है। जिससे विभाग और सरकार को लाखो रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। यह स्थिति प्रभारी निबंधन पदाधिकारी अमरजीत बलहोत्रा के तानाशाह रवैए के कारण उत्पन्न हुई है। बावजूद जिला प्रशासन गहरी नींद में सोई हुई है। बताते चलें कि दस्तावेज नविस संघ ने बताया कि पदाधिकारी के लाल फीताशाही और कागजात जांच के नाम पर सबको नाहक परेशान किया जाता है। सरकारी गाइड लाइन से इन्हे कोई लेना देना नहीं है। इसी व्यव्स्था से क्षुब्ध होकर दस्तावेजों ने न सिर्फ कार्य करने से इंकार कर दिया बल्कि इनके नहीं हटाए जाने तक कार्य बहिष्कार रखने का निर्णय लिया है। इधर जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने के कारण कितने लोगों की बेटियों की शादी अधर में लटक गई है और कितने लोग अपने वैसे बच्चों को जो मेडिकल, इंजिनियरिंग आदि कर रहे हैं वे उनकी फी नहीं जमा कर पा रहे हैं। इधर प्रभारी निबंधन पदाधिकारी ने भी ताल ठोक कर कह दिया है कि चाहे जितने दिन लोग हड़ताल और कार्य बहिष्कार कर लें, हम हटने वाले नहीं हैं। अब देखना ये है कि यह हड़ताल और लबे समय तक चलेगी या फिर जिला प्रशासन इस विवाद का अंत पदाधिकारी को बदलकर करती है।

# गुजरात-हिमाचल के नतीजे का असर

कहने को भले ये दो राज्यों के विधानसभा चुनाव थे, लेकिन जिस तरह से इन पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई थीं, उससे पहले दिन से साफ था कि ये उससे कहीं ज्यादा हैं। इन चुनाव नतीजों से 2024 के लोकसभा चुनावों का नैरेटिव बनने की बात कही जा रही थी। उस लिहाज से निःसंदेह गुजरात में बीजेपी को मिली जीत बहुत बड़ी है। पिछले यानी 2017 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी थी, तब 268 विधायकों वाली विधानसभा में उसे 99 सीटें आयी थीं, जो सरकार गठन के लिए आवश्यक संख्या (95) से मात्र चार ज्यादा थीं। स्वाभाविक रूप से माना जा रहा था कि अगर कांग्रेस थोड़ा और जोर लगा दे या बीजेपी थोड़ी सी लापरवाही दिखा दे तो चुनाव में उलटफेर हो सकता है, लेकिन न तो कांग्रेस ज्यादा जोर लगा पायी और न ही बीजेपी ने कोई चूक दिखायी। नतीजा यह कि गुजरात में 1985 में माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में बना 149 सीटों का रिकॉर्ड इस बार बीजेपी के हाथों टूट गया। हालांकि हिमाचल प्रदेश में हर पांच साल पर सरकार बदलने का रिवाज बना रहा, जिससे कांग्रेस की थोड़ी-बहुत लाज रह गयी। इससे कम से कम कहने को उसे यह सहूलियत मिल गयी कि स्कोर एक-एक का है। लेकिन इन चुनाव नतीजों से जो बड़ा संदेश निकला, वह यही है कि चुनावी राजनीति में कांग्रेस को अगर सचमुच मुकाबले में रहना है, तो उसे अपने तौर-तरीके बदलने पड़ेंगे। गुजरात में उसकी सीटों की संख्या ऐतिहासिक रूप से नीचे हो गयी है, इससे भी बड़ी बात यह है कि वहां कांग्रेस लड़ती हुई दिखी भी नहीं। भले ही भारत जोड़ो यात्रा के जरिए राहुल गांधी लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी दिखा रहे हों, इससे चुनावी लड़ाई के मोर्चे पर पार्टी की गैरहाजिरी की भरपाई नहीं होती। इसी बिंदु पर यह बात गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी की एंट्री से गुजरात चुनावों में विपक्ष का एक नैरेटिव बनता हुआ दिखा। पार्टी सीटों के मामले में भले ही अपेक्षा से बहुत पीछे छूट गयी हो, लेकिन बिजली, पानी, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मसलों पर बेहतर गवर्नेंस का वादा करते हुए और मोरबी पुल हादसे के बहाने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए उसने विपक्ष का एक वैकल्पिक नैरेटिव तैयार किया। पिछले चुनावों में उसकी कमी दिख रही थी। इसके साथ ही आप एक राष्ट्रीय पार्टी बन गयी है। यानी विपक्षी खेमे में अब उसका अपना एक स्थान है। इस या उस पार्टी का वोट काटने वाली पार्टी के रूप में उसका उल्लेख अब उपयुक्त नहीं माना जा सकेगा। खुद आम आदमी पार्टी भी अगर इस तथ्य का ख्याल रखे और अपनी आलोचनाओं की धार विपक्षी खेमे की किसी पार्टी के बजाय सत्ताधारी पार्टी की ओर मोड़े, तो इन विधानसभा चुनावों से विपक्षी राजनीति में तालमेल का एक नया सिलसिला शुरू हो सकता है, जिससे विपक्षी एकजुटता की मजबूत जमीन तैयार हो सकती है।

**गुजरात में 1985 में माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में बना 149 सीटों का रिकॉर्ड इस बार बीजेपी के हाथों टूट गया। हालांकि हिमाचल प्रदेश में हर पांच साल पर सरकार बदलने का रिवाज बना रहा, जिससे कांग्रेस की थोड़ी-बहुत लाज रह गयी।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**चीन में सड़कें, पुल, रेलवे लाइनें, शहर, शॉपिंग मॉल समेत कई ऐसे निर्माण किये गये हैं, जो सिर्फ सरकार को निर्माण दिखाने के लिए किये गये हैं, उनका कोई आर्थिक लाभ नहीं है। इसीलिए चीन के भूतहा शहर बहुत मशहूर हैं, जहां पर चीन सरकार ने पहले से ही निर्माण कराना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी आबादी वाले चीन में लोग उस जगह आकर बसने लगेंगे और सरकार की परियोजना चल निकलेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।**

# चीन के लिए आर्थिक बोझ बन गयीं सड़क परियोजनाएं

**निहार सक्सेना**

चीन ने अपनी आर्थिक तरक्की के लिए देश में सड़कों का जाल बुन दिया, जिससे उसे आर्थिक गति को आगे बढ़ाने में बहुत लाभ मिला। इस लाभ के कारण ही चीन दुनिया की फैक्टरी बना और इस समय चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। लेकिन अगर चीन की बड़ी परियोजनाओं खास कर सड़क निर्माण के काम को देखा जाये, तो इंगलैंड की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में छपी एक रिपोर्ट ऑक्सफोर्ड रिव्यू ऑफ इकोनॉमिक पॉलिसी के आधार पर चीन के आधारभूत विनिर्माण की लागत औसतन 30.6 फीसदी अधिक थी, अगर इसकी तुलना दूसरे विकसित राष्ट्रों से की जाये। इसके अलावा चीन की 3/4 परियोजनाएं जरूरत से ज्यादा महंगी थीं।

इन परियोजनाओं का जो बजट तय था, उससे कहीं अधिक धन इन पर खर्च किया गया। चीन में बने 90 बड़े राजमार्गों में सिर्फ एक-तिहाई ऐसे हैं, जिनसे सरकार को आर्थिक लाभ मिल रहा है, बाकी तीन-चौथाई सड़कों पर इतना ट्रैफिक ही नहीं है जिससे टोल वसूला जाये। इस तरह देखा जाये तो बड़े पैमाने पर जो सड़कें बनायी गयीं उन पर सरकार का अच्छा खासा पैसा तो खर्च हुआ, लेकिन उनसे सरकार को आर्थिक लाभ नहीं मिला।

**इस समय चीन सरकार का सकल घरेलू उत्पाद 3.2 पर है, जो पहले की तुलना में बहुत कम है।**

चीन में सड़कें, पुल, रेलवे लाइनें, शहर, शॉपिंग मॉल समेत कई ऐसे निर्माण किये गये हैं, जो सिर्फ सरकार को निर्माण दिखाने के लिए किये गये हैं, उनका कोई आर्थिक लाभ नहीं है। इसीलिए चीन के भूतहा शहर बहुत मशहूर हैं, जहां पर चीन सरकार ने पहले से ही निर्माण कराना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी आबादी वाले चीन में लोग उस जगह आकर बसने लगेंगे और सरकार की परियोजना चल निकलेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। चीन में सबसे अधिक आबादी दक्षिण-पूर्वी हिस्से में रहती है, जो देश का समुद्री किनारा है।



**इतने व्यापक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार से चीन सरकार को लंबे समय से आर्थिक नुकसान हो रहा है। बढ़ती अर्थव्यवस्था में इस नुकसान का असर सरकार के राजकोष पर नहीं पड़ा था, लेकिन कोरोना महामारी और अमेरिका सरकार से व्यापार संघर्ष बढ़ने के बाद से सब कुछ बदल गया है।**

चीन सरकार चाहती थी कि उसकी आबादी चीन के बाकी हिस्सों में भी फैले, वहां से भी आर्थिक क्रियाकलापों को शुरू किया जाये, इसलिए सरकार ने देश भर में सड़कों का जाल बुनना शुरू किया, लेकिन बाकी सारी सड़क परियोजनाएं सरकार के लिए आर्थिक बोझ बन गयीं। इससे सरकार को नुकसान होने लगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खराब आर्थिक प्रबंधन के कारण बुनियादी ढांचे में होने वाला निवेश चीन को आर्थिक परेशानियों में डाल देगा। सिर्फ सड़क ही नहीं, सड़क पुलों की बात करें तो इस समय चीन में 50 ऊंचे और बड़े सड़क पुल निर्माणाधीन हैं, जबकि पूरी दुनिया में इस स्तर के मात्र 10 सड़क पुलों को बनाने का काम चल रहा है। चीन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन ने वर्ष 2016 में ही 26100 सड़क पुल बनाये थे। इनमें से 363 बहुत विशाल सड़क पुल थे, जिनकी औसत लंबाई 1.6 किलोमीटर थी।

चीन में जानकारों का मानना है कि सड़क निर्माण के बिना चीन में तरक्की नहीं आ सकती, इन जानकारों का मानना है कि छोटे शहरों में 'मेगा रोड' बनाने की जगह दूसरी और तीसरी श्रेणी की सड़कें बना कर भी आर्थिक विकास किया जा सकता है, लेकिन चीन में स्थानीय शहरी और प्रांतीय सरकारें बड़ी परियोजनाओं में ज्यादा दिलचस्पी दिखाती हैं, क्योंकि इन बड़ी परियोजनाओं में घोटाले भी बड़े स्तर के होते हैं, जिसमें लाखों डॉलर की रकम का हेर-फेर होता है और कई लोगों की झोलियां भरी जाती हैं।

पिछले एक दशक में चीन में एक लाख किलोमीटर से ज्यादा सड़कें और सड़क पुल बनाये गये हैं, जिनसे चीन के गरीब इलाकों को जोड़ा गया है। इन सड़कों और सड़क पुलों पर इंजीनियरों का काम वाकई काबिले तारीफ है, लेकिन चीन में लाल फीताशाही और कम्युनिस्ट राज में भ्रष्टाचार इतना व्यापक है कि वो इंजीनियरों के अथक परिश्रम को ढंक देता है और इससे लाभ होने की जगह सरकार का ज्यादा धन खर्च हो जाता है।

चीन में जो सड़कें बनायी जाती हैं, उसके लिए वित्तीय सहायता चीन के राष्ट्रीय बैंक देते हैं। ये सड़कें चीन की प्रांतीय सरकारों द्वारा बनायी गयी कंपनियां बनाती हैं। सड़कें बनने के बाद इस पर चलने वाले ट्रैफिक से टोल वसूला जाता है, जिससे सड़क बनाने का खर्च ब्याज सहित बैंकों को दिया जाता है और इसका एक हिस्सा राज्य सरकारें मुनाफे के रूप में कमाती हैं, लेकिन भारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के कारण इन सड़कों की लागत 30 से 50 फीसदी अधिक आती है।

इतने व्यापक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार से चीन सरकार को लंबे समय से आर्थिक नुकसान हो रहा है। बढ़ती अर्थव्यवस्था में इस नुकसान का असर सरकार के राजकोष पर नहीं पड़ा था, लेकिन कोरोना महामारी और अमेरिका सरकार से व्यापार संघर्ष बढ़ने के बाद से सब कुछ बदल गया है। इस समय चीन सरकार का सकल घरेलू उत्पाद 3.2 पर है, जो पहले की तुलना में बहुत कम है। इस समय चीन सरकार की आय कम और खर्च बहुत ज्यादा हो रहा है, जिससे सरकार के बाहर निकलने का फिलहाल कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है।

# बालू संकट के कारण विकास में पिछड़ता झारखंड



**मृत्युंजय शर्मा**



राज्य में इस वक्त बालू का संकट गहराया हुआ है। लोगों को बाजार से दोगुने या उससे भी ज्यादा दाम पर बालू खरीदना पड़ रहा है। वर्तमान में राज्य के बालू भंडारों पर पूरी तरह माफियाओं का नियंत्रण स्थापित हो गया है। आये दिनों बालू घाटों पर झड़प की खबरें देखने को मिल रही है। राज्य की मात्र पांच फीसदी बालू घाटों से ही वैध तरीके से बालू निकाला जा रहा है। इसके अलावे सैकड़ों बालू घाटों पर अवैध भंडारण कर मनमाने दाम पर बाजार में बेचा जा रहा है, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेबों पर पड़ रहा है। बिना पर्यावरण स्वीकृति के अवैध बालू के खनन से पर्यावरण को भी क्षति पहुंच रही है, जिससे नदियों के अस्तित्व पर भी संकट आ गया है।

झारखंड राज्य खनिज विकास निगम ने आम लोगों के लिए ऑनलाइन बालू के बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करायी है, लेकिन यह प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहा है। जेएसएमडीसी को इसी साल अगस्त में झारखंड कैबिनेट ने तीन साल तक बालू खनन के लिए अवधि विस्तार दिया है लेकिन घाटों का टेंडर नहीं होने के कारण पर्याप्त बालू उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आंकड़ों के अनुसार झारखंड में इस समय लगभग 6500 ट्रक बालू की खपत प्रतिदिन हो रही है। बालू के धंधे से जुड़े लोगों की माने तो उन्हें 1 लाख रुपये प्रति महीने घाटों पर ट्रकों के एंट्री फीस के रूप में देने होते हैं। अवैध कमाई का यह हिस्सा बिचौलियों, पैट्रोलिंग वाहनों, स्थानीय थानों, जिले के अधिकारियों से होते हुए उपर तक जाता है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल हर साल जून से अक्टूबर महीने के पहले हफ्ते तक बालू के खनन पर रोक लगा देता है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे पड़ोसी राज्यों ने अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही राज्य के बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली। जून महीने में राज्य सरकार के अधिकारियों ने बताया था कि एनजीटी की रोक हटने के बाद बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, लेकिन झारखंड इस मामले में अब तक फिसड्डी नजर आ रहा है। फिलहाल राज्य के 617 बालू घाटों में मात्र 21 घाटों से बालू का उठाव किया जा रहा है। कई जिलों से ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं कि बिना नीलामी प्रक्रिया को पूरा किये ही जिले के उपायुक्तों द्वारा बालू का घाट अपने मनपसंद व्यक्तियों को दे दिया गया है।

राज्य में चार साल पहले रघुवर दास के कार्यकाल में 2017 - 18 में लगभग 600 बालू घाटों की नीलामी की गयी, तब राज्य के आम लोगों को उचित मूल्य पर पर्याप्त बालू उपलब्ध हो जाया करता था। इस वर्ष बालू घाटों के टेंडर नहीं होने के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था चरमरा गयी है। सरकारी योजनाएं लगभग बंद हो गयी हैं, लोगों के आवास निर्माण का कार्य ठप पड़ गया है। सीमेंट और छड़ की मांगों में गिरावट आयी है। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले घरों की संख्या में भी कमी आयी है। सरकार को लगभग 100 करोड़ रुपये प्रति महीने राजस्व का नुकसान हो रहा है।

आज राज्य में उत्पन्न बालू संकट वर्तमान सरकार की अकर्मण्यता का परिणाम है। जिस तरह से अवैध खनन में जुड़े लोगों को राजनीतिक संरक्षण मिलने की बात सामने आ रही है, उससे सरकार की कार्यशैली पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यदि राज्य सरकार राज्य में उत्पन्न बालू संकट को दूर करने के लिए ईमानदारी से प्रयास करे तो शीघ्र ही इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। राज्य में बालू का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार को अविलंब राज्य के सभी घाटों को नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें संचालित कराना होगा। पूर्व की भांति ग्राम सभा के माध्यम से भी बालू घाटों का संचालन कराया जा सकता है। सरकार ने फिलहाल ऐसी योजना बनायी थी, लेकिन फिर से इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर बालू के अवैध खनन और परिवहन में लगे माफियाओं पर नकेल कसना होगा। जीपीएस और सैटेलाइट आधारित तकनीक का प्रयोग कर बालू घाटों की निगरानी करनी होगी।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

### विधायक ने पटमदा सीएचसी में किया औचक निरीक्षण

# गायब डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल का जुगसलाई विधायक ने दिन के करीब दो बजे औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शहबाज खान, डॉ आरती पांडे एवं डॉ संगीता केरकेट्टा ड्यूटी में मौजूद थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ क्रिस्टोफर बेसरा एवं एक आयुष चिकित्सक डॉ निगार तरन्नुम अवकाश पर रहे। डॉ सौमेन कुमार व डॉ प्रशांत रंजन पंचायत स्तर पर आयोजित मातृ शिशु स्वास्थ्य शिविर में थे, जबकि अन्य चिकित्सकों के अस्पताल में नहीं मिलने पर विधायक ने नाराजगी जतायी। इस दौरान प्रत्येक माह की तरह नौ तारीख को भी सैकड़ों की संख्या में गर्भवती महिलाएं अस्पताल पहुंची थी। जिनका एएनसी जांच किया गया। विधायक के निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक एवं चिकित्सीय कर्मचारियों के गायब मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से करने की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि उनका एक दिन का वेतन भी काटा जायेगा, ताकि बिना सूचना के दोबारा वह अनुपस्थित ना रहे। उसके बाद ही अनुपस्थित रहने वालों में हड़कंप मच गया है। इसके बाद विधायक ने माचा अस्पताल के जमींदाताओं से मिल कर हाल चाल जाना।

मौके पर विधायक ने पटमदा प्रखंड कार्यालय में बैठकर बीडीओ से योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पिछले दिनों पंचायत स्तर पर आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त आवेदनों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश बीडीओ चंचला कुमारी दी। मौके पर झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखण्ड अध्यक्ष अश्विनी महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष, कालीपद महतो विनय मंडल शामिल रहे।

### टीएसडीपीएल इंप्लाई यूनियन की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा

# मजदूर की परेशानी प्रबंधन को बताना यूनियन की जिम्मेवारी : राकेश्वर पांडे

**25 वर्ष पूरे होने पर कर्मचारियों को उपहार देने का निर्णय**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टीएसडीपीएल एम्प्लॉय यूनियन की कमिटी मीटिंग यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रत्येक तीन माह बाद होने वाली इस बैठक में यूनियन के गतिविधियों और प्रबंधन के साथ चल रही विभिन्न मुद्दों पर वार्ता के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।बैठक यूनियन के 25 वर्ष पूरा होने की खुशी में कर्मचारियों को उपहार देने का निर्णय लिया गया। साथ ही मजदूरों से जुड़ी वर्कशॉप की परेशानियों पर भी बात की गयी। जल्द ही प्रबंधन के वरीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर इन विषयों पर चर्चा की जायेगी। अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने सभी बातों को सुनने के पश्चात कहा यूनियन का पहला कर्तव्य मजदूर हित में काम करना है। उनकी जरूरतों का ध्यान रखना और प्रबंधन को ध्यान आकृष्ट कराना उनकी जिम्मेवारी है। यूनियन निरंतर हर छोटी से छोटी चीजों को प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराने कर के लिए प्रयासरत है। ताकि प्रबंधन और यूनियन मिलकर टीएसडीपीएल में एक नया इतिहास लिख सके। बैठक में अमन सिंह, दिनेश कुमार, संजीव सिंह, एस बी राणा, त्रिदेव सिंह, अनीश झा, आर रवि, रमेश चौधरी, रंजन मिश्रा, राकेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, बीडी सिंह, हरी शंकर प्रसाद उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर के बिस्टुपुर में खुला ओरा का पहला शोरूम

**बॉलीवुड अभिनेत्री एली अवराम ने फीता काटकर किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भारत का विख्यात हीरों के आभूषणों का एक विशेष ब्रांड ओरा ने झारखंड में अपने व्यापारिक संस्थान का विस्तार किया। शुक्रवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर में अपना 66 वा स्टोर आरंभ किया। ओरा के शोरूम में अब भारत का चमकीले हीरे झारखंड के जमशेदपुर में भी उपलब्ध होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री एली अवराम ने शोरूम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर ओरा के प्रबंध निर्देशक दीपू मेहता ने कहा झारखंड हमारे लिए महत्वपूर्ण व्यापारिक स्थल है। इस राज्य में आर के सिन्हा और दिव्यांशु सिन्हा के साझेदारी में अपने नये शोरूम के शुभारंभ किया गया। श्री मेहता ने कहा कि भारत में हीरो के व्यापार में वृद्धि हुई है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले हीरों से निर्मित उत्कृष्ट आभूषण प्रदान करना है। इस वर्ष अपने उत्कृष्ट आभूषणों के साथ नए बाजार का विस्तार ओरा के लिए करना है। श्री मेहता ने कहा नये शोरूम के उद्घाटन के साथ ही हमारा उद्देश्य है अपने ब्रांड की उपस्थिति को बाजार में और मजबूत करेंगे। साथ ही ग्राहकों के लिए स्थायी खरीदारी को बनाए। उन्होंने बताया डायमंड ज्वेलरी के बदलते हुए मांग और ग्राहकों की बदलती रूचि एवं पसंद को ध्यान में रखते हुए शोरूम में हीरो के आभूषणों का विशाल संग्रह किया गया है।

ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को आकर्षक बनाने के लिए शोरूम में पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। हमारे नए शोरूम में हीरो के आभूषणों में ओरा क्राउन स्टार कलेक्शन, एस्ट्रा कलेक्शन, डिजायर्ड एवं प्लैटिनम कलेक्शन मौजूद है। हीरो के आभूषणों को नए एवं उत्कृष्ट रूप से निर्मित करके हीरो के आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की है। श्रृंखला एवं निर्माण में श्रेष्ठता प्राप्त की है। वर्तमान में ओरा टोक्यो, हॉन्गकोंग, एंटवर्प, न्यूयॉर्क एवं मुंबई सहित 5 अंतर्राष्ट्रीय डिजाइन केंद्रों के साथ 700 साल पुरानी बेल्जियम शिल्प कौशल को आगे बढ़ा रहा है। विश्वसनीय ब्रांड 100 प्रतिशत प्रभावित आभूषण पूरक बीमा तथा आजीवन मूल्य सहित रखरखाव के साथ ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही ग्राहकों को तथा सात दिन में वापसी नीति के साथ आभूषण विक्रय करता है। लॉन्चिंग पर सीमित अवधि तक हीरो के आभूषणों में 25 प्रतिशत तक की छूट के साथ ब्याज सहित इएमआइ सुविधा के साथ आभूषण विक्रय किया जायेगा।

## मुखिया ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में शुक्रवार को मुखिया रीता देवी के हाथों पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। ज्ञात हो कि 15वें वित्त आयोग से मझिगावां पंचायत के कवलदाग टोले पर कवलदाग मुख्य सड़क से देवी धाम तक प्राक्कलित राशि 198900 रुपये से बनने वाले पीसीसी सड़क का भूमि पूजन टोले के वृद्ध दिलन सिंह के द्वारा स्थानीय देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। तत्पश्चात मुखिया ने नारियल फोड़कर बनने वाले पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर पंचायत सचिव राजेंद्र राम, समाज सेवी शंभूनाथ साह, वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे, शीलवंती देवी, लालती देवी, ग्रामीण जितेंद्र चौबे, सुनर रजवार, शिवनारायण यादव उपस्थित थे।

## वन विभाग ने छापेमारी कर अवैध आरा मशीन किया जब्त

**रमना (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा एवं वन कर्मियों ने शुक्रवार को रमना वन क्षेत्र के सोनेहारा गांव मे अवैध रूप से संचालित आरा मशीन, भारी मात्रा में चिराई की गई लकड़ी के साथ लकड़ी का बोटा जब्त किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने बताया कि सोनेहारा पीएफ के सटे गांव मे अवैध रूप से आरा मशीन लगाकर लकड़ी चिराई किये जाने की जानकारी मिल रही थी। इस मामले में वन प्रमंडल पदाधिकारी को जानकारी दी गई। इसके बाद रमना, गढ़वा और श्री बंशीधर नगर वनक्षेत्र के सभी वन कर्मियों की संयुक्त टीम बनाकर शुक्रवार को सोनेहारा गांव में उक्त स्थान पर छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान आरा मिल सहित तीन पिकअप और एक ट्रैक्टर पर इमारती लकड़ी, चिरान और बोटा जब्त कर वन क्षेत्र परिसर रमना लाया गया है। जिसकी अनुमानित मूल्य एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। जिस का आकलन किया जा रहा है। छापेमारी की भनक मिलते ही आरा मिल संचालक और उसके सहयोगी भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया की सोनेहारा गांव के लकड़ी माफियाओं द्वारा स्थान बदल बदल कर आरा मिल लगाया गया था। इस मामले में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्राइसाइकिल उपलब्ध करायी



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत खरडीहा पंचायत के शेराशाम गांव निवासी रामजीत सिंह जो पूर्ण रूप से दिव्यांग और चलने फिरने में असमर्थ व्यक्ति थे। इनके बारे में झामुमो युवा प्रखंड सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव को कार्यकर्ताओं के माध्यम से जानकारी मिली, जिन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए दिव्यांग रामजी सिंह को अपने साधन से प्रखंड परिसर में लाकर ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया। ट्राइ साइकिल मिलते ही रामजीत सिंह के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बनती थी। इस पुनीत कार्य के लिए दिव्यांग रामजीत सिंह ने पप्पू यादव को कोटि कोटि बधाई दी है। इस मौके पर खरडीहा पंचायत समिति सदस्य नौशाद अंसारी, रवि पांडेय, अफजल अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल भरने के लिए लगा कैंप

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार के दिन बरडीहा हाई स्कूल के समीप बरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया भदुल विश्वकर्मा के मकान में बिजली विभाग के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल बकाया बिल जमा को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। जहां कि प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों उपभोक्ताओं ने पहुंचकर बिजली बिल बकाया जमा किया। इस संबंध में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता कमल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी बिजली उपभोक्ता को मीटर लगवाना अनिवार्य है बिना मीटर से बिजली उपयोग करते समय पकड़े जाने पर एफआइआर दर्ज करते हुए फाइन वासूली की जायेगी। और आगे कहा कि सभी दुकानदार से आग्रह है कि यदि दुकान में बिजली का उपयोग कर रहे हैं, तो उसका एनडीएस कनेक्शन कराना अनिवार्य है ,घर के मीटर से दुकान में उपयोग करते समय पकड़े जाने पर एफआइआर दर्ज करते हुए फाइन लगाया जायेगा।

### एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष , रंका राज के युवराज, पूर्व ज़िला परिषद उपाध्यक्ष सहित कई ने थामा झामुमो का दामन

# विपक्ष में झंडा थामने वाला भी कोई नहीं मिलेगा: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री और मंत्री ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर किया स्वागत**

## 300 से अधिक लोग पार्टी में हुए शामिल



विजय प्रताप देव

**गढ़वा।** खतियानी जोहार यात्रा के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा आगमन पर जिले के कई दिग्गजों ने झामुमो का दामन थामा। इस दौरान रंका राज गढ़ के युवराज गुलाब सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्र, कई जिला परिषद सदस्य, मुखिया सहित विभिन्न पार्टियों को छोड़कर 300 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित गढ़वा जिला परिषद सदस्य अमृतांजली दूबे, जयदुल्लाह अंसारी, पूर्व प्रत्याशी तपेश्वर सिंह, रमकंडा से मनोज भुईहर, समाजसेवी शौकत कुरैशी पूरे परिवार सहित गायक कलाकार उमेश विश्वकर्मा, कल्याणपुर मुखिया अशोक चन्द्रवंशी, भाजपा छोड़कर अपने 60 समर्थकों के साथ गढ़वा के संघत मोहल्ला निवासी वीर कुमार चौरसिया, रंका बौलिया के मुखिया पति रामकरेश चौधरी, मरहटिया मुखिया पति नवीन दूबे, मुखिया रुकसाना बीबी, अकील अंसारी, इरफान अंसारी, यासीन अंसारी, नवाज शरीफ, रिशु विश्वकर्मा, विजय मेहता,राशीद अंसारी, अफरोज अंसारी, नरेश राम, मो. शमशीर आलम, मो. अमानुतुल्लाह, मो. कुदुश, मो. रसीद, मो. इस्लाम, मो. कमाल, सरोज प्रसाद चौरसिया, सच्चिदानंद चौरसिया, अवधेश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, राज कुमार प्रसाद, अक्षय कुमार, जितेंद्र ठाकुर, सुषमा देवी, रिंकू देवी, सरस्वती देवी, उषा कुमारी, बबीता देवी सहित 300 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

### जनता पूर्व के सत्तासीन दलों के झूठ और फरेब से ऊब चुकी है: मंत्री

पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि वे लोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जिस गति से विकास कार्य हो रहा है आज तक लोगों ने सोचा भी नहीं था। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार को चुना है, तो निश्चित रूप से राज्य एवं राज्य वासियों के हित का हर कार्य होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों की सैलाब उमड़ पड़ा है। यह बहुत ही गर्व की बात है। यही स्थिति पूरे राज्य में है। दूसरे दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को आज धरना पर भी बैठने के लिए भाड़े पर आदमी खोजना पड़ता है। आने वाले समय में विपक्ष का झंडा थामने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता पूर्व के सत्तासीन दलों के झूठ एवं फरेब से ऊब चुकी है। बीस वर्षों तक सिर्फ जनता को छलने एवं राज्य को लूटने का काम होता रहा है। परंतु अब मुख्यमंत्री श्री सोरेन के नेतृत्व में जनता को पूरा हक एवं अधिकार मिल रहा है। जनता को अब एमहसूस हो रहा है कि उन्हें अपना राज्य मिल गया है। झारखंड अलग राज्य का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों के लोग भी पूरे विश्वास एवं भरोसा के साथ झामुमो में शामिल हो रहे हैं।

# तालाब से युवती का शव मिलने से गांव में सनसनी, काफी संख्या में लोग जुटे



**सगमा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव के लोहरहा टोला मे स्थित झड़वा पहाड़ के समीप नंदू जयसवाल के तलाब से 17 वर्षीय प्रतिमा कुमारी नामक युवती का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता राजू चंद्रवंशी, सुबह खेत की तरफ घूमने गया था इसी बीच नजदीकी नंदू जयसवाल के तालाब में तैरते हुए शव को देख सोर मचाते हुए शव को पानी से बाहर निकला तो देखा कि मृतक युवती उसकी पुत्री प्रतिमा कुमारी निकली। इसे देख उपस्थित ग्रामीणों ने धुरकी थाने को फोन से सूचना दी। सूचना के बाद धुरकी थाना के एएसआइ कृष्णा रजवार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर पंचनामा के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। जबकि घटना के संबंध में पूछे जाने पर एएसआइ कृष्णा रजवार ने बताया कि सव तालाब से बाहर कर दिया गया था इसके बारे में ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ जुटने के पहले ही मृतिका के पिता राजू चंद्रवंशी के द्वारा शव को तालाब से बाहर निकाला जा चुका था। उक्त घटना हत्या का है या आत्महत्या का पोस्मार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इसकी सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, सगमा प्रमुख अजय साह, घघरी सरोज देवी, मुखिया पूर्व मुखिया बिनोद राम अशोक राम, दीपक यादव, हीराचंद, यादव राजेश यादव, गुलाब पासवान भोला यादव रामप्रताप यादव, राजकुमार यादव, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## केएन त्रिपाठी ने किया पुल का निरीक्षण, ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया पानी बंद करने का आरोप



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने भंडरिया प्रखंड के करचाली गांव में आहर पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य के समय ऊपरी हिस्से में पुल बनाकर आहार के पानी को बंद कर दिया है। उसे शीघ्र ही दूसरा पुल बनाकर पानी की निकासी किया जायेगा। उन्होंने सड़क निर्माण के ठेकेदार अशोक कुमार गुप्ता से फोन पर बात की और उनसे पुल के बगल में पानी निकासी के लिए एक और छोटी पुलिया बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों की हर समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि गांव के लोगों को काम के दौरान ही नीचे हिस्से में पुलिया लगवाना चाहिए था, परंतु लोगों द्वारा भूल हो गई। अब पानी की दिक्कत हो रही है, तब लोगों को पुल की याद पड़ रही है। करचाली गांव निवासी वाजुद्दीन अंसारी, जुबेर नसीम आजम, नइम अंसारी, सजाद सिद्दीकी सहित अन्य लोगों ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी से कहा कि सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा आहार का पानी बंद कर दिया गया है। जिसके कारण किसानों की फसल सुख रही है। लोगों ने कहा कि उनके पास इतनी व्यवस्था नहीं है कि पंप द्वारा पानी की सिंचाई कै सकें। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार को कई बार पुल निचले हिस्से में लगाने को कहा गया। परंतु ठेकेदार द्वारा गांव की एक भी नहीं सुनी। अब सिंचाई के अभाव में फसल सुखता देख किसानों के बीच कोहराम मचा हुआ है। इस मौके पर सुनीत कुमार मिंज, ऐनुल हसन, मुबारक हुसैन, नौशाद आलम, रकीब अंसारी, जाबिर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण



**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** कृषि सूचना केंद्र परिसर में आदर पंचायत के किसानों के बीच संरसो बीज का किया गया। आदर पंचायत के सभी किसानों के बिच सरसों बीज वितरण करते हुए एटीएम शशिकांत शर्मा प्रखंड ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए उन्नत किस्म के बीज सरकार के द्वारा मुफ्त में उपलब्ध कराया जा रहा है। सरसों लगा दे जिसे की समय पर बुआई से फसल अछी होती है। जहां मौके पर 70 किसान के बिच सरसों बीज वितरण किया गया। मौके पर किसान मित्र अशोक सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा की शपथ ली



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड मुख्यालय में 9 दिसंबर 2022 को प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा की शपथ ली। शपथ के दौरान सड़क पर वाहन चलाने सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखने, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से कराने,दो पहिया वाहन चलाने समय हमेशा हेलमेट पहनने, कार चलाते समय सीटबेल्ट लगाने, कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात नहीं करने, हमेशा एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहन को रास्ता देने तथा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्तियों को सहायता करने का शपथ ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख हेमंत लकड़ा, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति, नाजिर शिव शंकर कुमार, बड़ा बाबू मुकेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विस चुनाव में प्रचंड बहुमत तथा उत्तरप्रदेश और बिहार के उपचुनाव में जीत हासिल करना है: रामचंद्र केशरी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का समग्र विकास हो रहा है। इसका प्रमाण गुजरात प्रांत में हुये विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत तथा उत्तरप्रदेश एवं बिहार के उपचुनाव में जीत हासिल करना है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का विकास गगन चुंबी ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि गुजरात मे 27 वर्षो के एंटी कम्वेनसी के वावजूद उनके नेतृत्व में सभी झंझावतों के बाद भी ऐतिहासिक जीत हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ साथ गुजरात की जनता को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को पानी पिलाने एवं हर खेत तक पानी पहुंचाने की योजना का कार्य प्रगति पर है। संपूर्ण देश को बिजली के माध्यम से प्रकाशित करने की योजना के तहत सुदूरवर्ती गांव तक बिजली पहुंचाने में सफलता मिली है। स्वच्छता योजना के तहत देश मे 100 मिलियन से अधिक शौचालय का निर्माण कराकर उन्होंने 2 अक्टूबर 2019 महात्मा गांधी की 150वीं जयंती तक देश को खुले में शौच से मुक्त किया। उक्त सभी कार्यो के लिये प्रधानमंत्री की भूरी भूरी प्रशंसा होनी चाहिये प्रेसवार्ता में भाजपा के मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क, सलीम अंसारी, सीताराम जायसवाल उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**शुद्धि-पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला के द्वारा आमंत्रित ई.–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– WRD/MID/ GUMLA/F2-21/2022-23(पी. आर.सं.–282865 Minor Irrigation (22-23)#D) की शर्त्त Section-II की कंडिका A-4 (4.4A)(b) निम्न प्रकार पढ़ा जाए:–

| | |
|---|---|
| Earthwork | - 3414.32M³ |
| Boulder Masonary | - 743.52 M³ |
| Boulder Pitching | - 75.64 M³ |
| P.C.C./R.C.C. | - 455.55 M³ |

निविदा सूचना की शेष भाग एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR.NO.284654 Minor Irrigation(22-23):D


### ऊर्जा क्षेत्र में डिजिटलीकरण 2022 विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# आलोक के सुझाव का माना गया लोहा, एप का दिया सुझाव



**रंका (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय ऊर्जा संस्थान बेंगलुरु एवं इंडियन एनर्जी नेटवर्क द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में डिजिटलीकरण 2022 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन ऊर्जा क्षेत्र के डिजिटलीकरण की आवश्यकताएं एवं चुनौतियां, अनुसंधान एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियों में नवीनतम विकास और कार्यांवयन में चुनौतियों को समझने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव गांधी पैट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर ए एसके सिन्हा और अध्यक्ष डॉक्टर एस सम्मा सुंदर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में गैस के ऊर्जा प्रदाता कंपनियां जैसे एनपीसीआइएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, एमआरपीएल, आइओसीएल और डिजिटल क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के विशेषज्ञ मौजूद थे। जिन्होंने अपने कंपनियों के द्वारा उर्जा के क्षेत्र में डिजिटलीकरण के लिए अपने अन्वेशी कार्य को सम्मेलन के प्रतिभागियों को रू ब रू कराया। इस मौके पर गढ़वा जिला अंतर्गत रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी आलोक कुमार चौधरी जो ऊर्जा संस्थान बेंगलुरु में शोधरत हैं ने सम्मेलन में बताया कि वह एक भारत गैस उपयोग कर्ता हैं। कई बार जब ग्राहक गैस सिलेंडर के लिए आर्डर करते हैं तो वितरक को यह मालूम नहीं होता कि उन्हें यह सिलेंडर कहा देना है? जिस से वितरक एवं ग्राहक दोनों को समस्या होती है। ऐसे में आलोक कुमार चौधरी ने सुझाव दिया कि चूकि भारत गैस द्वारा डिजिटलीकरण के तहत ग्राहकों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से ग्राहक गैस सिलेंडर ऑर्डर कर सकते हैं। ऐसे में आलोक द्वारा भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के मार्केटिंग हेड राहुल टंडन को सुझाव दिया गया कि अगर उस ऐप में ओला उबर की तरह यह सुविधा दिया जाये कि किस जीपीएस आधारित किस लोकेशन के लिए यह गैस सिलेंडर आर्डर किया जा रहा है? तो ऐसे में ग्राहक एवं वितरण का काम बड़ी आसानी से हो जायेगा।

## सुविधा उपलब्ध कराने को कहा

भारत गैस के अधिकारियों ने आलोक कुमार चौधरी के इस सुझाव को अमल में लाते हुए आम लोगों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया। कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि इंद्रजीत साहा मुख्य महाप्रबंधक इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, पीएम प्रभूदेसाई महाप्रबंधक सूचना प्रणाली हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, शुभ आशीष राय सहयोगी निदेशक एल डब्ल्यू आर न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और प्रोफेसर जगदीश भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु आदि मौजूद थे। इस सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर संजय कुमार, सहसंयोजक डॉक्टर अर्जुन देव, आयोजन सचिव डॉ रूपा मंजूनाथ ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।


**कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी,हजारीबाग**

**आम सूचना**

**विषय :– ग्रीन टैक्स की अन्तर राशि जमा करने के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार, झारखण्ड रांची के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ संख्या OBS-419437 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है कि 12 वर्ष से अधिक हुए वाहनों का पुनः निबंधन कराए जाने पर अधिरोपित किए जाने वाले कर का दस (10) प्रतिशत ग्रीन टैक्स के रूप में लिया जाना था ताकि पूराने वाहनों की परिचालन को हतोत्साहित किया जा सके।

अतः दिनांक–31.03.2022 को 12 साल पूर्ण होने वाले एवं इससे पूर्व निबंधित कराए जाने वाले वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आकर ग्रीन टैक्स की अन्तर राशि जमा करने का कष्ट करें।

इसे अति आवश्यक समझे।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 284668 Transport(22-23).D

## आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक हुई



**लातेहार।** उपायुक्त की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इस वर्ष कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मनिका में शैक्षणिक सत्र 2022झ्र23 में वर्गवार एवं कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रखंड स्तर से प्राप्त विद्यार्थियों की सूची की जानकारी दी गयी। इस दौरान उपायुक्त ने अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए बच्चों के नामांकन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक विद्यालयों का संचालन सही तरीके से करते हुए विद्यालयों में बच्चों के मूलभुत सुविधाओं, ड्रेस, पानी, एवं शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोयला तस्करी करने वाले पांच लोग गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ एसडीपीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी बिंदेश्वर महतो ने छापेमारी अभियान चलाकर बाइक से कोयला तस्करी करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। जबकि उनकी बाइक को जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी महतो ने बताया कि बालूमाथ एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू थानांतर्गत टोंटी शिबला होते हुए बाइक से कोयला तस्करी की जा रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी नेतृत्व में शिबला, राजगुरु, गोनिया जाने वाली पक्की सड़क पर अभियान चलाकर पांच बाइक कोयला तस्करों को पकड़ा। गिरफ्तार कोयला तस्करों में मुन्ना यादव (पिता अर्जुन यादव ग्राम आरा हातु), राजकुमार राम (पिता उमेश राम ग्राम बालू), लालू साव (पिता बासुदेव साव ग्राम बांदु), मंटू कुमार (पिता लखन साव ग्राम बांदु) व बैजनाथ साव (पिता किरोधर साव ग्राम कुट्टी, रहनिया) सभी चतरा जिले के है। जिन्हें लातेहार जेल भेज दिया गया है। जबकि उनकी बाइक को जब्त कर थाने में रखा गया है। छापेमारी अभियान में एसआई दीपक नारायण सिंह, एएसआई द्वारिका नाथ पांडेय, हवलदार मुनेश्वर राम, मनोज कुमार, मुसाफिर यादव सहित कई जवान शामिल थे।

## बारात में आये युवक की बाइक चोरी

**चंदवा।** चंदवा के दुबे जी के गोला स्थित मयूर इंटरनेशनल होटल में चिरैयाटांड़ के रहने वाले मोहम्मद आसिफ पिता स्व.अब्दुल हमीद शादी में आना मांगा पड़ा मोहम्मद आसिफ ने बताया कि दुबे जी के गोला में मित्र के भाई के शादी का पार्टी चल रहा था उसी में जाने पर होटल के बाहर खड़े हमारा बाइक किसी ने चोरी कर लिया काफी खुल खोजबीन किया नहीं मिलने के बाद चंदवा थाना में मामला दर्ज कराया हूं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बाइक चोरी इन दिनों बढ़ रही है जिसको लेकर अंकुश लगाना जरूरी है वही मोहम्मद आसिफ का बाइक चोरी हो जाने से चंदवा पुलिस खोजबीन कर रही है और कांड संख्या 144/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिले में हुई अलाव की व्यवस्था



**लोहरदगा।** ठंढ के प्रकोप को देखते हुए जन सामान्य को ठंढ से राहत दिलाने हेतु उपायुक्त के निदेश पर नगर परिषद समेत सभी अंचलों में अलाव की व्यवस्था हेतु निदेश दिये गये हैं। इसके आलोक में नगर परिषद क्षेत्र में कचहरी मोड़, सदर प्रखंड ब्लॉक मोड़, नदिया, पावरगंज चौक, अमलाटोली, सोमवार बाजार समेत अन्य चौक-चौराहों में अलाव की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार किस्को, सदर प्रखण्ड, पेशरार, कैरो, कुडू, सेन्हा और भण्डरा प्रखण्ड/अंचल में भी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गयी। इस क्रम में सेन्हा प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत मुख्य चौक सहित अन्य जगहों में अंचल विभाग की ओर अलावा की व्यवस्था की गयी। सूर्योदय के बाद तथा सूर्यास्त के पहले ठंड अपना चरम पर पसार रहता है। जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अंचल क्षेत्र की जनता से अपील किया कि अनावश्यक घर से न निकलने और मौसम के अनुसार लोग कार्य करें।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला



**महुआडांड़।** संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता व सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया। कॉलेज के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों व आइकफ सदस्यों ने एनपीयू विश्वविद्यालय निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा अभियान से प्रेरित होकर पोस्टर एवं बैनर बोर्ड लेकर कॉलेज गेट मुख्य सड़क पर राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और उन्हें फूल देकर स्वागत किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की चेतावनी दी। स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को रोककर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पोस्टरों के माध्यमों से वालंटियरों ने आम लोगों को यातायात के लिहाज से सबसे व्यस्त विशेषकर कालेज रोड पर सुरक्षित ड्राइविंग करने का आह्वान किया।

## कर्मी सड़क सुरक्षा का अनुपालन खुद व आमजनों को करायें : बुडाय़ं सारू

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू ने प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को शपथ दिलाया। इस दौरान सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों ने सड़क सुरक्षा का अनुपालन करने और अन्य लोगों को भी पालन कराने का शपथ लिया। इधर विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों को बीडीओ सह सीओ बुडाय़ं सारू के द्वारा सड़क पर वाहन चलाते समय सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखने, यातायात नियमों का खुद और अपने परिजनों को पालन कराने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, कोई भी वाहन चलाते वक्त मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद करने के लिए बढ़ चढ़कर तत्परता दिखाने एवं हमेशा एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड वाहनों को पहले जाने हेतु रास्ता दिलाने और शराब पीकर कभी भी वाहन नहीं चलाने आदि मुख्य विंदुओं पर शपथ दिलाते हुए इसका शत प्रतिशत अनुपालन करने और दूसरे लोगों को भी पालन कराने का निर्देश दिया गया।

## बालूमाथ में फाइनांसकर्मी ने खुद ही रचा था लूट का ड्रामा

# पुलिस ने किया खुलासा, गया जेल



**संतोष सिन्हा**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में भारत फाइनेंस इक्लूजन लिमिटेड के कर्मचारी ने लूट की झूठी कहानी बनाकर कंपनी का पैसा हड़पने का प्रयास किया था। जिसका बालूमाथ पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को बालूमाथ थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया की दिनांक 26/10/2022 को भारत फाइनेंस में काम करने वाले कर्मी प्रिंस कुमार सिन्हा पिता दामोदर प्रसाद सिन्हा ग्राम ईचाक थाना गिधौर जिला चतरा निवासी ने बालूमाथ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि दिनांक 25/10/2022 को बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत अंतर्गत सेमरसोत ग्राम स्तिथ पुल के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बंदूक दिखाकर उसके साथ मारपीट की गयी और कंपनी का कुल एक लाख पैतीस हाजर सात सौ तिहत्तर रूपया एवं उसका मोबाइल फोन लूट लिया। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 206/22 धारा 392 भादवी के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में यह बातें सामने आई कि फाइनेंस कर्मी प्रिंस कुमार सिन्हा ने कंपनी के किश्त के पैसे को ग्राहक से ले लिया था। लेकिन उसे कहीं और खर्च कर दिया था। पैसा खर्च होने के बाद प्रिंस कुमार पर जब कंपनी ने पैसा जमा करने का दबाव बनाया। तो उसने कंपनी को झांसा देने के उद्देश्य से लूट की झूठी कहानी बनाई। और कंपनी को सूचित किया कि वह सप्ताहिक किश्त का पैसा एक लाख पैतीस हजार सात सौ तिहत्तर रुपया लेकर जब वह कंपनी में जमा कराने जा रहा था। इसी दौरान सेमरसोत पुल के पास उसे अज्ञात लोगों द्वारा बंदूक दिखाकर लूट लिया गया है। वास्तव में फाइनेंस कर्मी के साथ कोई लूट की घटना नहीं हुई थी। उसने पैसे को गबन करने के उद्देश्य से लूट की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद,एसआई प्रेम कुमार निषाद, एवं सैप 165 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद का सात प्रखंड में पूरा हुआ मोटरसाइकिल जनसंपर्क अभियान

# गीता जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी : विहिप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्र में गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसंबर को भव्य तरीके से शौर्य पथ संचलन शोभायात्रा निकाली जायेगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस निमित शहरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े बड़े होर्डिंग, बैनर पोस्टर लगा दिया गया है। 11 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे ललित नारायण स्टेडियम से यह शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जो पूरा नगर का भ्रमण करेगी। नगर भ्रमण के बाद इसका समापन ललित नारायण स्टेडियम में होगा जहां कार्यकर्ताओं को बौद्धिक मार्गदर्शन किया जायेगा। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पांडेय ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में गीता जयंती के अवसर पर शौर्यपथ संचलन शोभा यात्रा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ निकाली जायेगी। झारखंड में एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक निकलने की तिथि निर्धारित थी। जिसमे लोहरदगा जिले में 11 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आज बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद से जोड़ने की आवश्यकता है और जुड़ना चाहिए ताकि हिंदू समाज को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि सभी सनातनी लोगों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए अपील की गयी है। रविवार को शौर्य पथ संचलन में सनातनी एकता को दशार्ने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर के सभी सनातनी दुकानदार भाइयों से भी अपील की गयी है कि वे शौर्य पथ संचलन में अपने दुकानों को स्वतः बंद करते हुए शामिल हो। कार्यक्रम में मुख्यतः प्रांत के मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, मार्गदर्शक मंडल संयोजक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, क्षेत्र सेवा प्रमुख अजय कुमार समेत अन्य मुख्य रूप से शामिल होंगे। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि 11 दिसंबर 2022 को निकलने वाली पद संचलन शोभा यात्रा को भव्य बनाने में कोई कमी नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा इस बार सनातन हिंदुओं की मजबूती का मिसाल लोहरदगा में देखने को मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से गीता जयंती कार्यक्रम के जिला संयोजक रमेश चंद्र कुंवर, बजरंग दल संयोजक सचिन सिंघानिया, कार्यक्रम के जिला संयोजक रंजीत कुमार साहू, सहसंयोजक देवेंद्र कुमार मंडल, बिस्वजीत घोष समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह संपन्न हुआ। 20 गोल्ड, 12 सिल्वर और 15 ब्रोंज मेडल जीतकर आर्यावर्त सदन ओवरऑल चैंपियन बना। 10 गोल्ड मेडल जीतकर व्यक्तिगत खाते में बेस्ट एथलीट बालिका का खिताब नीलिमा लकड़ा ने हासिल किया। जबकि बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का खिताब दो गोल्ड, 5 सिल्वर और 4 ब्रोंज मेडल के साथ शशि तिग्गा ने अपने नाम किया। समापन समारोह में गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती में खेलकूद को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी विद्यालय स्तर से लेकर एसजीएफआई तक सीधा खेलकूद में भाग लेते हैं। जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व है विद्यार्थी जीवन में यह सकारात्मकता एवं रचनात्मकता की ओर अग्रसर करने वाला तथा अनुशासन का पाठ पढ़ाने वाला मंच भी होता है।

# ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** ऑल इंडिया नंदलाल साहू गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित स्टेडियम में दुर्गेश साहू की अध्यक्षता बैठक आयोजित की गयी। दुर्गेश साहू ने बताया कि इस प्रतिष्ठित गोल्ड कप टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों एवं शहरों जैसे जॉर्ज टेलीग्राफ कोलकाता, चर्चिल ब्रदर्स गोवा, गोकुलम केरल, चेन्नई, कश्मीर, पंजाब पटियाला, दिल्ली, हैदराबाद, सिक्किम, जे एफ ए टाटा एवं मुंबई के साथ साथ कई प्रतिष्ठित टीमों ने भाग लेने की सहमति दी है। कार्यक्रम संयोजक सुखेर भगत ने बताया कि इस टूर्नामेंट के लिए मेजबान टीम का चयन प्रतियोगिता 11 दिसंबर 2022 को बीएस कॉलेज मैदान में 2:00 से प्रारंभ होगा। जिसके लिए जिले के जो भी प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेना चाहते हैं वे समय पर उपस्थित रहेंगे। टूनार्मेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का निर्माण किया गया। जिसमें प्रशासनिक सहयोग एवं संपर्क तथा स्वागत समिति में अशोक यादव, ओमप्रकाश सिंह, देवाशीष कार, डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर लोहरा उरांव, कवलजीत सिंह, मोहन दुबे, प्रचार-प्रसार प्रभारी, संजय बर्मन, प्रभात भगत, शंकर उरांव, शाहिद अहमद बेलू, पुरस्कार व्यवस्था प्रभारी, पंकज जयसवाल, अजय प्रसाद, मैदान व्यवस्था प्रभारी सोमा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, मनोज उरांव, यशपाल उरांव, संजय भगत, रोशन उरांव, चैतू उरांव, फुलदे० भगत, उदय दत्ता, टीम व्यवस्था प्रभारी सलीम अंसारी बड़े, शाहिद अहमद बेलू, प्रभात भगत, ब्रज सिंह, सागर वर्मा, कंवलजीत सिंह, जगनंदन पौराणिक, गुड्डू गुप्ता, आवासन एवं भोजन व्यवस्था प्रभारी मनोज भगत, पंकज जयसवाल, निशिथ जयसवाल, रघु उरांव, टीम संपर्क प्रभारी सुखेर भगत, देवाशीष कार, सोमा भगत, मीडिया प्रभारी अरुण राम, राहुल कुमार, प्रीतम कुमार, विक्रम चौहान, गणेश लाल, किशोर कुमार वर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजय प्रसाद, संजय बर्मन, अरुण राम, आलोक कुमार, मनीष कुमार, सागर वर्मा, विज्ञापन प्रभारी पंकज जयसवाल, गुड्स गुप्ता, मेजबान लोहरदगा टीम चयन समिति सोमा उरांव, धर्मेंद्र भगत, संजय भगत, देवाशीष कार, भास्कर दासगुप्ता, शंकर उरांव, रोशन मुंडा को बनाया गया। मोहन दुबे, प्रभात कुमार भगत, पंकज कुमार जयसवाल, अरुण राम, राहुल कुमार, आलोक कुमार, मनीष कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## 33वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का आज होगा आगाज, सांसद सुदर्शन भगत होंगे मुख्य अतिथि

# शिशु मंदिर विद्यालयों के 500 विद्यार्थी होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में आगामी 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह के निमित्त एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने कार्यक्रम की सभी रूपरेखा व तैयारियां से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि विद्या भारती झारखंड के मंत्री राम अवतार नरसरिया, आरएसएस के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद अग्रवाल, जिले के उपायुक्त, एसपी, एसडीओ, डीईओ समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी होंगे, वही मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी होंगे। मौके पर उपस्थित गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित झारखंड प्रांत के 8 विभागों जमशेदपुर, गुमला, रांची, पलामू, साहेबगंज, धनबाद, देवघर तथा हजारीबाग में संचालित शिशु मंदिर से लगभग 292 भैया एवं 208 बहनों समेत कुल 500 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। इस कार्यक्रम में संरक्षक आचार्य/दीदी जी की संख्या 65 रहने वाली है। खेलकूद समारोह का उद्घाटन दिनांक 10.12.2022 दिन शनिवार को अपराह्न 2:30 बजे होगा। कार्यक्रम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए निर्णायक के रूप में मदन मोहन राय, कुणाल कुमार, संजय कुमार, संदीप कुमार, सुखनाथ सिंह, प्रसून कुमार, कामेश्वर मरांडी, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सिंह रहेंगे। तीन दिनी खेलकूद समारोह में कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक, ऊंची कूद, रिले रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि खेल आयोजित होने वाले हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय,विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं आचार्य श्याम सुंदर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## हिमाचल में पार्टी की जीत पर कांग्रेसजनों ने खुशी मनायी

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में हुई शानदार कांग्रेस पार्टी की जीत पर खुशी जताया मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता का हृदय से हम आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजनीतिक मिजाज बदल रही है। देश के मूल मुद्दों पर सरकार को जवाब देना ही होगा। बांटने वाली संवेदना की राजनीति अब नहीं चलने वाली है। हर्ष व्यक्त करने वालों में रामयश पाठक मुकेश कुमार सिंह, निर्मल भारती रंजीता एक्का, फुलजेंसिया टोप्पो,मोफील खान, बाबर खान, लखन जायसवाल, गंदरु उरांव, बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता समर्थक शामिल हैं।

## अवैध बालू लदा हुआ तीन ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से छापामारी अभियान चलाकर तीनो ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बालू के अवैध खनन जोगना कोयल नदी से होने की सूचना प्राप्त हो रहा था। जिस पर टीम गठन कर छापामारी करते हुए कार्रवाई किया गया। कारवाई के दौरान बिना नंबर के तीन स्वराज ट्रैक्टर को खनन करते हुए पकड़ा गया। जिसको सेन्हा थाना में जप्ती बनाकर सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गये ट्रैक्टर पर कारवाई हेतु जिला सहायक खनन पदाधिकारी को अवगत कराया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर झारखण्ड खनन अधिनियम 2017 के अंतर्गत 4/54 के तहत कारवाई किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि अवैध बालू खनन मामले में कारवाई को लेकर योजना लाभुक भी परेशान है। सरकारी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का कहना है। कि एक तरह योजना को गति देने की बात अधिकारियों द्वारा कहा जाता है। वहीं दूसरी ओर बालू का अभाव है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री आवास बनाने में काफी परेशानी हो रही है और योजना ठप होते नजर आ रहा है।

## भंडरा में भारी मात्रा में शराब जब्त

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी बाजार टांड के कई दुकानों में शुक्रवार को एक्साइज विभाग द्वारा छापा मारा गया। जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक चट्टी बाजार टांड के मोहन साहू लड्डू साहू के दुकान से भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनके दुकान से तीन गैलन एवं दो बलटी शराब की बरामदगी हुई। बताया गया कि मोहन साहू एवं लड्डू साहू के दुकान में नहीं रहने के कारण उन दोनों की पत्नी को पूछताछ के लिए ले जाया गया। सामाचार लिखे जाने तक दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है।

## कुटुंब न्यायालय के पांच दिवसीय मध्यस्थ अभियान में 05 मामलों का हुआ निष्पादन



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के द्वारा आयोजित कुटुंब न्यायालय मध्यस्थता अभियान जो दिनांक 05/12/2022 से 09/12/2022 तक चलाया गया, जिसमें कुल 05 वादों का निष्पादन किया गया। सभी वाद फैमिली कोर्ट से संबंधित थे। विशेष अभियान में प्रशिक्षित मध्यस्थ के माध्यम से पक्षकारों के विवादों को आपसी सहमति के माध्यम से सुलझाने का प्रयत्न किया जाता है। मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने को लेकर 2023 में विभिन्न विषयों पर विशेष मध्यस्थता शिविरों का आयोजन होना है जिसमें मार्च 2023 में मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित विवाद का निराकरण। जून, 2023 में उपभोक्ता मामलों को लेकर विशेष मध्यस्थता अभियान। जुलाई, 2023 में फैमिली कोर्ट के वादों का मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण एवं नवंबर, 2023 में रेवेन्यू मामलों को लेकर विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जायेगा। डालसा सचिव राजेश कुमार ने लोगों से बढ़-चढ़कर विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का आवाह्न किया।

## रेल के चपेट में आने से युवक की मौत

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या दो लाइन नंबर 3 पर अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 9414) की चपेट में आने से शुक्रवार को एक अज्ञात युवक की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृत युवक मानसिक रूप से बीमार दिखता था और पिछले नौ दस दिनों से प्लेटफार्म में ही घूम रहा था। इस घटना की सूचना जीआरपीएफ डालटेनगंज को दे दी गयी है। दुर्घटना के तीन घंटों बाद शव को ट्रैक से हटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## दो रेलवे क्वार्टरों में हुई चोरी, पुलिस जुटी जांच में



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में रेलवे के दो क्वार्टरों में चोरी की घटना सामने आई है। आरओएच में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थापित रणधीर कुमार और अभय कुमार के रेलवे क्वार्टर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार दोनों रेलकर्मी शुक्रवार की सुबह छुट्टी से वापस अपने रेल क्वार्टर जब पहुंचे तो देखा कि उनके क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है। उसके बाद क्वार्टर की पड़ताल की तो देखा कि क्वार्टर के अंदर कमरे में सभी सामान बिखरे हुए है। कमरे में रखा इनवर्टर के साथ-साथ नगद पैसे। गहने। कपड़े समेत कई जरूरी कागजात भी गायब हैं।

## नहीं रहे समाजसेवी रहमत अंसारी, शोक की लहर

**गारू।** गारू प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ पंचायत अंतर्गत समाजसेवी रहमत अंसारी नहीं रहे। उनके निधन की खबर सुनते ही ग्रामीणों मे शोक की लहर फैल गयी। वे जीवन भर समाज की सेवा करते रहे। अंसारी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बृहस्पतिवार रात मे सांस लेने मे तकलीफ होने पर परिजन उन्हें रेफरल अस्पताल गारू ले गये। जहां से उन्हें रांची रेफर कर दिया गया रास्ते मे ही उन्होंने दम तोड़ दिया। ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, राजीव प्रसाद, राकेश प्रसाद, सिमोन वृजिया, मनोज यादव, धीरज प्रसाद, अबुल अंसारी, कालेश्वर राम, समेत अन्य ग्रामीण ने दिवंगत की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

## प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 पर शिव पहाड़ी मंदिर क्लब शिबला ने चट्टान क्लब साल्वे को एक गोल से हरा कर प्रतियोगिता में जमाया कब्जा। चार दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 बीते मंगलवार को प्रारंभ हुआ था जिसमें दो बालिका टीम व छः बालक वर्ग के टीम भाग लिया था। आज शुक्रवार को फाईनल मैच शिबला पंचायत के शिव पहाड़ी मंदिर क्लब शिबला बनाम साल्वे पंचायत के चट्टान क्लब साल्वे के बीच खेला गया। जिसमें शिव मंदिर क्लब के खिलाड़ियों ने अच्छा खेल का परदर्शन करते हुए 1-0 से जित दर्ज कर जिला मे अपना स्थान सुनिश्चित किया। खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि कुमार ने कहा खेल को बढावा देने के लिए हमारी महा गठबंधन की सरकार काफी गंभीर है। आगे कहा कि खिलाड़ियों को खेलने के लिए सरकार ने पंचायत स्तर पर खेल मैदान का भी निर्माण कर रही है। जहां गांव स्तर के युवक व युवतियां खेल कर आगे बढ़ सकेंगे। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास काफी तेजी से बढ़ता है।

## जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई



**लातेहार।** डीसी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक डीसी कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में प्रतिनियोजन, पदस्थापन आदि विषयों पर बिंदुवार विचार-विमर्श कर डीसी द्वारा पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया गया।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि 07 शिक्षकों का प्रतिनियोजन एवं 06 शिक्षकों का पदस्थापन हेतु अनुमोदन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त सूची पर चर्चा करते हुए प्रतिनियोजन एवं पदस्थापन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, विद्युत, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की वर्तमान स्थिति, जिले की विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं आदि विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक विंदेश्वरी ततमा, उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## टेंपो पलटा, 6 लोग घायल, तीन की स्थिति गंभीर, रेफर

**बरवाडीह।** बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य सड़क में डोरामी यात्री शेड के पास शुक्रवार दोपहर बाद बरवाडीह से कुटमू की ओर जा रहा था। यात्रियों से भरा टेंपो पलट जाने से उसमें सवार 6 लोग घायल हो गये। मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय से गवाही देकर लौट रहे बीडीओ ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों से भरा टेंपो कुटमू की ओर जा रहा था। टैंपू का संतुलन बिगड़ जाने के कारण डोरामी यात्री शेड के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय से गवाही देकर लौट रहे बीडीओ ने तत्काल इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र को दी, मेदनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया है।

## उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव डीडीसी हेमंत सती लगातार घाघरा प्रखंड का दौरा कर रहे है। इस निमित शुक्रवार की शाम उपायुक्त एवं डीडीसी ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटांबी, आइटीआइ एवं कस्तूरबा विद्यालय का अवलोकन कर कई दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खतियानी जोहार यात्रा के दौरान औचक निरीक्षण है जिसके निमित्त सभी जगहों का अवलोकन किया जा रहा है। गुमला जिला के लिए यह बेहतर अवसर है कि हम सभी मिलकर पूरे राज्य में गुमला जिला का नाम रोशन करें। इस दौरान देर शाम तक जिला के विभिन्न विभाग के पदाधिकारी पुलिस के जवान पूरे इलाके में घूम-घूम कर अवलोकन कर रहे है।

## मिशन बदलाव का मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान जारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू ने माघी उच्च विद्यालय, सिसई, गुमला में छात्र-छात्राओं को मानसिक समस्याओं से संबंधित कॉउंसलिंग की। जिसमें बच्चों को नशा से दूर रहने के बारे में बताया गया। नंदलाल साहू ने कहा कि बच्चे हमारे परिवार समाज एवं देश की पूंजी है। अगर हमारी पूंजी सुरक्षित है तो देश एवं राज्य भी सुरक्षित रहेगा। बच्चों को दिग्भ्रमित होने से भी बचाना है। अभी बच्चों के सामने भी बहुत कठिन चुनौती है एवं घरों में भी मोबाइलों के दुरुपयोग से भी बच्चों को बचाना है, तभी वो अपनी पढ़ाई को गंभीरता पुर्वक ध्यान दे पायेंगे। पठन-पठान में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, और अभिभावकों की भूमिका,के बारे में विस्तृत पुर्वक चर्चा भी की। उनके बीच आपसी संबंध, देख- रेख, बच्चों के भविष्य निर्माण में स्कूलों की भूमिका एवं जवाबदेही पर भी चर्चा किया गया। आज के कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का योगदान अभूतपूर्व रहा। राजकीयकृत माघी बालिका उच्च विद्यालय, सिसई में मिशन बदलाव के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के मानसिक समस्याओं से संबंधित कॉउंसलिंग की गई। छात्रायें किस तरह से अपने को वातावरण के साथ विभिन्न परिस्थितियों में समायोजन कर सकती हैं? किस तरह से मन को एकाग्रता से पढ़ाई करेंगी, बिना तनाव के परीक्षा कैसे देंगी? इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्य में शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** एसएस हाइ स्कूल स्टेडियम में प्रखंड प्रशासन द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। जहां बिशुनपुर पंचायत एवं सेरका पंचायत के टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों के द्वारा जबरदस्त खेल प्रतिभा दिखाया गया अंतिम समय में सेरका की टीम ने एक गोल दाग कर मैच अपने नाम कर लिया। वहीं बालिका टीम ग्राम पंचायत नरमा एवं बनारी पंचायत के बीच खेला गया जहां बनारी की टीम ने एक गोल दाग कर मैच पर कब्जा जमा लिया। इससे पूर्व फाइनल मैच के उद्घाटन करता अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। वहीं प्राइज वितरण के मुख्य अतिथि बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, स्थानीय मुखिया जयंती देवी, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाइक, बीपीआरओ जितेंद्र भगत के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को कप देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि सांत्वना पुरस्कार के रूप में भाग लिए 11 टीम के खिलाड़ियों को जर्सी दी गई। इस अवसर पर बीडीओ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी टीमों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। मेरी शुभकामनाएं आप लोगों के साथ हैं अब जिला स्तर पर भी खेल का बेहतर प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन करें। बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने बताया कि विजेता टीम अब जिला स्तर पर आयोजित मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी जिला स्तर में विजेता बनने पर प्रमंडल और फिर राज्य स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। इस मौके बनारी मुखिया बसनु उरांव, हेलता मुखिया सुशील मुंडा, चिरोडीह मुखिया रत्नी देवी, सेरका मुखिया जयंती देवी, अमतिपानी मुखिया सुनीता देवी, चिरोडीह पंचायत सचिव विनोद टोप्पो, घाघरा पंचायत सचिव रामसागर बड़ाइक, हेलता पंचायत सचिव सेरका पंचायत, सचिव सहायक संत कवि भगत धनंजय साय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महिलायें स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक स्थिति कर रही मजबूत: जीगा मुंडा




**सिसई (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस के द्वारा शुक्रवार को पुराने प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह बैंक क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने दिपप्रजवलीत कर किया। इस दौरान 98 सखी मंडल को बैंक ऋण के तहत एक करोड़ 69 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही आठ उत्पाद समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर, पावर टिलर, सब्जी कैरेट सहित कृषि यंत्र का वितरण हुआ। वही विधायक ने कहा कि महिलायें आज स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार भी कई योजनायें चला रही है, हड़िया दारू बेचने वाले महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए फूलों झांझों योजना के तहत 50 हजार तक का बिना व्याज के ऋण उपलब्ध करा रही है। जिससे कि महिलाएं हड़िया दारू बेचना छोड़ दूसरा व्यवसाय कर सम्मान जनक जीवन जी सके। उन्होंने शराब को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए शराब से परिवार एवं समाज को दूर रखने की अपील की। इस दौरान विधायक ने मिनी कोल्ड स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। मौके पर सीओ अरुणिमा एक्का, प्रमुख मीना देवी, बीपीएम रिजवाना,प्रकाश उराव,रवि उराव,नीलेश उराव, विजय लक्ष्मी कुमारी, गौरीशंकर भगत, श्याम सुंदर महतो सहित सभी बैंकर्स, जेएमएम कार्यकर्ता एवं समूह की दीदियां उपस्थित थी।

### स्थानीय परिसदन में यूपीए घटक दलों की हुई बैठक

# मुख्यमंत्री की जोहार यात्रा को सफल बनाने के लिए की जा रही तैयारी





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व होने वाली खतियानी जोहार यात्रा को लेकर शुक्रवार को सर्किट हाउस प्रांगण गुमला में यूपीए घटक दल की अहम बैठक हुई। इस बैठक में खतियान जोहार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान यूपीए घटक दल के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। यूपीए के नेताओं का कहना था कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। खतियानी जोहार यात्रा के जबरदस्त आगाज को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कमर कस लिया है। मुख्यमंत्री के 12 दिसंबर को गुमला आगमन को लेकर तैयारी जोरों से की जा रही है। नप उपाध्यक्ष कलीम आखतर, ने कहा कि खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम गुमला स्थित हवाई अड्डा में होने जा रहा है। खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से सरकार के 3 साल की उपलब्धियों को लोगों को बतायी जायेगी। इसके तहत अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, किसानों के लिए ऋण माफी योजना, फसल राहत योजना जैसी उपलब्धियों के अलावा 1932 के भूमि रिकॉर्ड खाद्यान्न पर आधारित सरकार की नयी अधिवास नीति के निर्माण के बारे में लोगों को बताया जायेगा। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि झारखंड खतियान एक जोहार यात्रा गुमला में ऐतिहासिक होगा। 12 दिसंबर को पूरे जिले से लोग इस यात्रा में शामिल होंगे। वही रमेश कुमार चीनी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को गुमला में ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य के हित के लिये कई ऐतिहासिक फैसले लिये हैं। सरकार ने पारा शिक्षक, कर्मचारियों और आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की मांग को पूरा किया है। विकास की कई योजनायें लायी जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन आरिफ अंसारी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से रंजीत सिंह सरदार, संगठन सचिव आरिफ अंसारी, रुल होदा, हरिओम प्रसाद, लडन खान, जेम्स तिर्की, शशि भूषण, मोहम्मद अनवर खान, जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, बजरंग कुमार गुप्ता, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, रमेश कुमार चीनी, कांग्रेस नेत्री अमृता भगत, मुरली मनोहर प्रसाद, रामनिवास प्रसाद, अकील रहमान, बबलू खान, आशिक अंसारी, चुमन्नू उरांव, मोहम्मद खालिद राजद, जिला अध्यक्ष रविंदर बड़ाइक, सहित सैकड़ों की संख्या में यूपीए घटक दल के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत सोरेन के आगमन के मद्देनजर उपायुक्त ने किया हेलीपैड का निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सीएम हेमंत सोरेन के गुमला आगमन कार्यक्रम को देखते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव और पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने शुक्रवार को पुग्गू स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण किया। हवाइ अड्डा मैदान में ही मुख्यमंत्री के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ पर भी समीक्षा की। अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कार्यक्रम में किसी तरह की कोताही न हो उस का विशेष ध्यान रखने को कहा। उपायुक्त ने सीएम के काफिले में शामिल वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर लगाने और यातायात में किसी तरह का व्यवधान न हो उसे लेकर भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम को लेकर बने मंच की व्यवस्था का भी जायजा लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि सीएम के कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमित रूप से संचालित हो उसके लिए भी वाहनों को निर्धारित करने पर भी चर्चा की गई है। हेलीपैड पर सीएम के आगमन के बाद धूल उड़ने को देखते हुए पानी छिड़काव करने एवं लैंडिंग में किसी प्रकार की परेशानी न हो उसे देखते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान उक्त पदाधिकारियों के अलावा एसडीओ गुमला रवि जैन, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुषमा नीलम सोरेंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शामदानी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# दुर्घटना में दो युवकों की मौत के बाद लोगों में आक्रोश, सड़क जाम

> दुर्घटना के उपरांत किंदिरकेला के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी।



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना अंतर्गत कलिगा पंचायत भवन के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतकों में किंदिरकेला निवासी लगभग 25 वर्षीय अफसर खान पिता एकबाल खान और किंदिरकेला डुमरटोली निवासी लगभग 24 वर्षीय जेरकु उर्फ शेख दिलशाद पिता शेख कुदुस शामिल है। कलिगा में दुर्घटना के बाद रोड जाम एवं लोगों के आक्रोश को देखते हुए बसिया पुलिस द्वारा एहतियातन बसिया थाना चौक के समीप सभी वाहनों को बेरिकेटिंग लगाकर रोक लिया गया है। दुर्घटना के उपरांत किंदिरकेला के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि किंदिरकेला के ग्रामीणों ने इसे दुर्घटना न मानकर सुनियोजित दुर्घटना का रूप में हत्या करने का आरोप लगाये। किंदिरकेला के ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक कोनबीर से लौट रहे थे। इसी दरम्यान कलिगा के समीप यह घटना हुई। दुर्घटना की सूचना के बाद बसिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुनः बसिया के सीओ रविंद्र पांडेय एवं पुलिस बल दुर्घटना स्थल पहुंच कर लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था, समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम लगा हुआ था।

## सेफ्टी टोल्ड- लाइफ इज गोल्ड, आप दुर्घटना को करें क्लीन बोल्ड : देवकुमार

**भरनो (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा अभियान जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार आज सीताराम सरस्वती विद्या मंदिर, भरनो परिसर में थाना प्रभारी प्रतिनिधि एसआइ सुनील कुमार सिंह एचएम देव कुमार सिंह, के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर के भैया, बहनों, शिक्षकों एवं उपस्थित अभिभावकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए शपथ दिलायी गई। शपथ के पूर्व विद्यार्थियों से अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल, नशा सेवन ना करते हुए वाहन चलाने का आग्रह किया। पढ़ने वाले विद्यार्थियों इससे दुरी बनावे। प्रधानाचार्य देवकुमार सिंह ने कहा कि जानता है देश का हर बच्चा सबसे जरूरी है सड़क सुरक्षा, उन्होंने कहा कि 'सेफ्टी टोल्ड लाइफ इज गोल्ड दुर्घटना को करें क्लीन बोल्ड। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक वृंद अभिभावक विद्या मंदिर के बच्चे उपस्थित हुए।

### पीडब्लूडी विभाग ने 12 करोड़ 37 लाख की लागत से बनायी सड़क

# विधायक ने किया सड़क का उद्घाटन



**गुमला/सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई वासियों की चीर परिचित पुरानी मांग आखिरकार साकार हो गई है। विधायक जीगा सुसारण होरो ने शुक्रवार को पी डब्लू डी विभाग से 12 करोड़ 37 लाख की लागत से बनायी गई। 4.5 किलोमीटर सड़क का फीता काटकर कर उद्घाटन किया। जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि थाना रोड से छरदा रोड भाया बाजार टांड़ बस्ती तक सड़क काफी जर्जर थी। पैदल चलना भी काफी मुश्किल था। बराबर स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क को दुरुस्त कराने की मांग करते थे। सड़क के बन जाने से हजारों लोगों को उसका लाभ मिलेगा। सड़क उद्घाटन के बाद विधायक ने बाजार टांड़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। जिसमें उन्होने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए चेक डेम,तालाब, आवास व राशन कार्ड जैसी समस्याएं सामने रखीं। विधायक ने समस्या समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होने यह भी कहा कि आप की समस्या मुझ तक पहुंचते ही मैं उसके समाधान का प्रयास करूंगा। मौके पर रहमान अंसारी, उमर अंसारी, राजा अंसारी, परदेसिया उरांव, प्रकाश उरांव, इसहाक अंसारी,सुखराम उरांव, श्यामसुंदर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बिशुनपुर ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ ने प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। शपथ ग्रहण प्रतिबद्धता को बढ़ाता है। किसी शपथ को लेना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जागरुकता आती है। सड़क दुर्घटना एक परिवार का नहीं पूरे राष्ट्र के मानव संसाधन का नुकसान करती है। उपस्थित कर्मी व अन्य वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बाइक चलाते वक्त हेलमेट लगाने और मोबाइल का प्रयोग न करने कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाने। हमेशा एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड के गाड़ियों को रास्ता देने सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों की सदैव मदद करने के लिए तत्पर रहने एवं वाहन चलाने से पूर्व सुरक्षा संबंधित बातों का ध्यान रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदीप उरांव, बालचंद उरांव, संदीप उरांव, सतीश खलखो, सुनील मींज, महावीर उरांव, जितेंद्र भगत, अभिषेक मांझी, भोला प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डे बोर्डिंग कबड्डी सेंटर सिसई की महिला टीम धनबाद के लिए रवाना



**सिसई (आजाद सिपाही)।** राज्य स्तरीय सीनियर महिला-पुरुष गोल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिला वर्ग में जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए डे बोर्डिंग कबड्डी सेंटर सिसई की महिला टीम गोमो, धनबाद के लिए शुक्रवार को रवाना हुई। इसकी जानकारी देते हुए नवजीवन खेल कुद समिति के सचिव दीपक अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 दिसंबर तक गोमो धनबाद में हो रहा है। जिला की ओर से शामिल होने वाली महिला टीम में सलोनी कुमारी (कप्तान), रिया कुमारी (उपकप्तान), विनीता कुमारी, सुमन कुमारी, रेशमी कुमारी, जुली कुमारी, रजनी कुमारी, सुमित्रा कुमारी, मनीषा कुमारी, जयंती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अनीशा कुमारी, विनीता कुमारी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी डे बोर्डिंग कबड्डी सेंटर सिसई में प्रशिक्षक सह खेल शिक्षक बिरबल लोहरा की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करते है। वहीं दीपक अधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को जर्सी-पैंट देकर प्रतियोगिता में जीत की शुभकामनायें दी। साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामना देने वालों में नवजीवन खेलकूद समिति सिसई के अध्यक्ष सोहराई उरांव, कोषाध्यक्ष कार्तिक उरांव, सुखमनी कच्छप सहित कई खेल प्रेमी शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में करीब 25 वर्षीय बाइक सवार युवक की शुक्रवार को दर्दनाक मौत हो गई। मृतक सेरेंगदाग निवासी सुले उरांव के रूप में पहचान हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अपने लिए लड़की देख कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में देवाकी मोड़ के समीप खड़े बॉक्साइट ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसके बाद बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले थाना ले आयी।

## डीटीओ ने बाइपास रोड में चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा ने गुमला बाईपास रोड में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा द्वारा गुमला बाईपास रोड के समीप ट्रक वाहनों का चेकिंग किया गया। कागजात से संबंधित त्रुटियों की जांच की गई। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे इंसुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, पोलूशन, परमिट, फिटनेस टैक्स, ओवर हाइट, लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुमार्ना वसूला गया। जांच की इस प्रक्रिया मे दंड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर एक लाख 23 हजार रुपये की दंड राशि वसूली गयी।

# आंदोलनकारियों की पार्टी की सरकार है इसे कोई नहीं हिला सकता : हेमंत सोरेन

**इस सरकार ने जो विकास की लकीर खींची है शायद कोई इतनी लंबी लकीर खींच पाएगा : हेमंत सोरेन**

**हाथी उड़ाने वाले और जुमलेबाज इस सरकार को बदनाम करने में लगे है : मुख्यमंत्री**

जयकान्त शुक्ला/आशीष

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू के शिवाजी मैदान में आपके द्वार खतियानी जोहार कार्यक्रम के दौरान आम सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 20 वर्षों तक राज करने वाले डबल इंजन की सरकार इस राज्य में केवल हाथी उड़ाने का काम किया है। इनकी सरकार में ना तो बुजुर्गों पर ध्यान दिया गया और ना ही युवाओं पर ध्यान दिया गया यह केवल बड़ी-बड़ी बातें और जुमलेबाजों की सरकार रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि झारखंड अटल जी की देन है तो मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आखिर इसमें आंदोलनकारी कहां गये। यह आंदोलनकारियों की बदौलत राज्य अलग हुआ है, जो दिन-रात आंदोलन कर अलग राज बनवाया है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के 3 वर्ष हो गये। दो वर्ष तो कोरोना में निकल गया और जब समय मिला तो राज्य के विकास के लिए रात दिन एक कर काम कर रहा हूं। यही काम विपक्षियों के पेट में जलन पैदा कर रहा है। कभी सीबीआइ तो कभी इडी के द्वारा धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी आंदोलनकारियों की उपज है। इडी और सीबीआइ से डरने वाली नहीं है। उनमें जितना जोर है, वह लगालें। सोरेन ने कहा कि सरकार चलाने के साथ-साथ विभिन्न जिलों में जाकर समीक्षा कर रहा हूं कि सरकार की योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रही है कि नहीं। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से जुड़ा रहना चाहता हूं, क्योंकि आप सबों को जो इस सरकार से उम्मीदें हैं उन्हें पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण में 30 लाख लोगों के आवेदन आये और दूसरे चरण में 60 लाख लोगों के आवेदन आये। आखिर इस 20 वर्षों तक राज करने वाली सरकारों ने क्या काम किया है। जब हम अच्छा काम करने लगे तो इनके पेट में खलबली मचने लगी। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह राज्य आंदोलनकारियों की उपज है। क्या इस राज्य में सभी बुजुर्गों को पेंशन देना गुनाह है। आज यहां के आदिवासी अपने पैरों पर खड़ा हो रहे हैं, तो इन्हें कष्ट हो रहा है कि इनकी थाली कौन धोएगा और घर का काम कौन करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के बेहतरी के लिए 1932 का खतियान लागू कर उसके लिए कानून बना दिया है, जो आज तक किसी ने नहीं किया था। इस राज्य में ओबीसी की संख्या अधिक है इनकी बेहतरी के लिए किसी ने नहीं सोचा। हमारी सरकार ने 14 प्रतिशत आरक्षण से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि करोना के बाद हमने एक साल में जो विकास की लकीर खींची है, शायद कोई इतनी बड़ी लकीर खींच पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षियों ने इतना जख्म दिया है कि 5 साल में भी नहीं भरेगा। 20 वर्ष राज करने वालों की देन है कि हमारे राज्य में 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं और महिलाओं में रक्त की कमी हो जा रही है यही इनके सरकारों का काम है। इन जुमलेबाजो की सरकार और घोटाले बाजों की सरकार ने केवल घड़ियाली आंसू दिखाकर और मीठा मीठा बोल कर धर्म के नाम पर राजनीति किया और अपने पाप का ठीकरा हमारे सिर फोड़ना चाहते हैं। इन भाजपाइयों को हमारी हमारी सरकार आंख से आंख मिलाकर हर हाल में जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के लिए चाहे पढ़ाई करना हो या रोजगार करना हो सभी के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार है। इनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रही है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि ग्रामीणों के बेहतरी के लिए कृषि माफी योजना पशुधन योजना और किसानों की आय वृद्धि के लिए सरकार हर संभव काम कर रही है। पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अलग राज्य होने के बाद से लेकर अब तक इस राज्य को लूटने वाले जब हेमंत सरकार अच्छा काम कर रही है तो इनका कलेजा दिल्ली तक जल रहा है। अब झारखंडी जग गए हैं इनको अब कोई बरगला नहीं सकता। इनके पिछले कार्यकाल में केवल हाथी उड़ाने का कार्य किया जाता रहा है। यह हेमंत की सरकार है यह केवल धरातल पर कार्य करना चाहती है।





## झामुमो के कार्यकर्ताओं ने ऊंट और घोड़े के साथ की अगवानी

पुलिस लाईन स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समीक्षा बैठक के बाद झामुमो के कार्यकताओं ने वहां लेकर शिवाजी मैदान तक भव्य स्वागत के साथ ऊंट और घोड़े के साथ अगवानी की। सभी कार्यकर्ता जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

## पूरा शहर पोस्टर और झंडों से था पटा

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं द्वारा पूरे शहर के चौराहों पर बड़े - बड़े फोस्टर और झंडे लगाये गये थे।



## कार्यक्रम के दौरान कई नेताओं ने मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

खतियानी जोहर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को झामुमो नेता अविनाश देव, दीपक तिवारी, पलामू जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, रूद्र शुक्ला सहित कई नेताओं ने मूवमेंन्टो और शाल ओढ़कर सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चाकचौबंद थी व्यवस्था

गढ़वा से मुख्यमंत्री के पलामू आने के क्रम में चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थे। राहगीरों को आने जाने के लिए कोई परेशानी ना हो इस बात का पूरा ख्याल रखा गया था।

## गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी पर हरिहरगंज मंडल इकाई ने मनाया जश्न



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** गुजरात विधान सभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में गुरुवार की देर शाम पलामू जिले के हरिहरगंज भाजपा मंडल इकाई ने मंडल अध्यक्ष बलु बलराम के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे का मिठाई खिलाकर आतिशबाजी करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास मॉडल पर गुजरात की जनता ने मुहर लगाई है ।यह लोगों का मान सम्मान और आत्मविश्वास की जीत है। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, किसान मोर्चा के जिला मंत्री सूर्यांशु सिंह, अनुसूचित मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पासवान, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष चंदन जयसवाल, महामंत्री अंबुज सिंह के अलावे पवन कुमार, अशोक सिंह, राजवीर कर्ण, संजीव कुमार, सीताराम चौधरी, कुंदन कुमार, प्रिंस कुमार, राजकुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## एके सिंह कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज जपला इकाई के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ कार्यक्रम के साथ किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निदेर्शानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों छात्र-छात्राओं शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु शपथ दिलाई। तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा की सभी प्रकार की सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना हमारा परम कर्तव्य है ।दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अति आवश्यक है तथा चार पहिया वाहन चलाने के क्रम में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें ।साथ ही साथ हम रेलवे क्रॉसिंग एवं अन्य चौक चौराहों पर लाल ,हरी व पीली बत्ती के सिंगल को समझने का प्रयास करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के शुरूआत के रूप में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ कार्यक्रम को बताया। उन्होंने सभी शिक्षकों तथा अन्य छात्र -छात्राओं को सड़क सुरक्षा हेतु हर प्रकार से सुरक्षित रहने के लिए इसके नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही साथ यह बताया कि हम मोटरसाइकिल चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग कदापि न करें तथा कहीं आने जाने के क्रम में जल्दी बाजी ना करें। क्योंकि यही जल्दी बाजी दुर्घटना का कारण बन जाता है। प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सिंह, खेल प्रशिक्षक उमेश कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं स्वयंसेवकों में सुप्रिया कुमारी, शीतल कुमारी, विंटेश कुमार, अंकित कुमार ,दिव्या कुमारी, विकास कश्यप, सुनीता कुमारी, अंजली कुमारी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने शपथ कार्यक्रम में शामिल हुए।

## बिजली विभाग के जेई ने दी हिदायत, 15 दिसंबर तक मीटर नहीं लगवाने पर होगी कार्रवाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने क्षेत्र के वैसे उपभोक्ताओं से जिन्होंने अब तक बिजली का मीटर नहीं लगवाया है उन्हें हर हाल में 15 दिसंबर तक मीटर लगवाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अब तक मीटर नहीं लगवाया है, वे हर हाल में 15 दिसंबर तक मीटर लगवा लें। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीटर नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिलेगा ।इस दौरान उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को बताया कि झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से सभी उपभोक्ताओं को मीटर लगवाने का आदेश प्राप्त हुआ है ।उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता अपने मकान या प्रतिष्ठान में बिजली का उपयोग कर रहे हैं, वो विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को मीटर लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर तक जिस उपभोक्ता के मकान, दुकान या प्रतिष्ठान में मीटर नहीं होगा, उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा सकती है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने अब तक बिजली कनेक्शन नहीं लिया है, वो कार्यालय में आकर आवेदन देकर बिजली कनेक्शन ले सकते हैं।

## जन मुद्दों के लिए लड़ रहा हूं , सत्ता सुख के लिए नहीं : मनोज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार की रफ़्तार तेज हो चुकी है । मेदिनीनगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं । आपका बेटा आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता खुद इनके साथ खड़ी नजर आ रही है । मनोज लगातार सकारात्मक प्रचार अभियान को गति दे रहे हैं जिसका तोड़ अन्य प्रत्याशियों के पास देखने को नहीं मिल रहा है । वार्ड संख्या 4 के भ्रमण के दौरान मनोज कहते हैं कि वो जन मुद्दों के लिए लड़ रहे हैं , सत्ता सुख के लिए नहीं । वे कहते हैं कि आजतक यहाँ लोगों ने सिर्फ.सत्ता भोग किया है लेकिन विकास के नाम पर लोगों को ठगा गया । अब लोग बदलाव चाहते हैं और मैं लोगों के विश्वास पर पूरी तरह से खड़ा उतरूँगा । कहीं न कहीं मनोज सिंह के द्वारा सकारात्मक और मुद्दों पर लड़ा जा रहा चुनाव लोगों को प्रभावित कर रहा है तो दूसरी और अन्य प्रत्याशियों को मुद्दों से न भटकने पर विवश भी । कई चुनाव हुए हैं लेकिन इस बार ऐसा लग रहा है जनता के मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा ही सर्वोपरि रहने वाला है जिसमें मनोज सिंह की लगातार मुखरता देखी जा सकती है ।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के दौरान शपथ समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक, दीदी, ड्राइवर और कंडक्टर आदि सभी कर्मचारियों को विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। आज राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को 4 मार्च 1972 में पहली बार मनाया गया था और इसी दिन नेशनल सेफ्टी काउंसिल की स्थापना की गई थी। हर



साल,भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम प्रकाशित करती है। भारत में नेशनल सेफ्टी डे एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2022 की थीम है ह्लसुरक्षा संस्कृति के विकास हेतु युवाओं को प्रोत्साहित करे। भारत में हर साल 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुर्घटनाओं से रोकने के लिए किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के दौरान औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। । यह सप्ताह विभिन्न सरकारी,गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न औद्योगिक संगठनो द्वारा मिलकर मनाया जाता है। ये संस्थाएं कार्यक्रमों और विभिन्न प्रमोशनल मटेरियल्स के द्वारा लोगों में राष्ट्रीय सुरक्षा की भावना को जागरूक करती है। इस पूरे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर विभिन्न गतिविधियों जैसे वाद-विवाद प्रतियोगिता, सेमिनार,सुरक्षा संदेशो के पोस्टर, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, सुरक्षा पुरस्कार वितरण, बैनर प्रदर्शनी, विभिन्न नाटक गीत तथा खेल प्रतियोगिता, विभिन्न कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के मुद्दो पर जागरूक किया जाता है।

## मां ललिता हॉस्पिटल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) :** जिले के छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सरईडीह रोड स्थित माँ ललिता हॉस्पिटल में सोमवार 12 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए माँ ललिता हॉस्पिटल के संचालक डॉ मुरली मनोहर प्रसाद ने बताया कि उनके पिताजी स्वर्गीय रघुराज प्रसाद के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिविर में आए लोगों का निःशुल्क इलाज, निःशुल्क दवा वितरण तथा अन्य प्रकार की जांच भी निःशुल्क की



जाएगी तथा ऐसे लोग जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उन लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सोमवार शाम 5:00 बजे आए हुए लोगों को लिए लॉटरी द्वारा 7 आदमी को इनाम के तौर पर लगभग 60000 (साठ हजार) तक का उपहार दी जाएगी। इस चिकित्सा शिविर में जेनरल फिजिशियन के रूप में डॉक्टर संतोष प्रसाद, डॉ एम प्रसाद, डॉक्टर सत्यम सौरभ, डॉक्टर तौहीद अहमद और आंख विशेषज्ञ के रूप में डॉ मनोज लोगों को मुफ्त इलाज करेंगे।

# स्पोर्ट्स



**मैं चाहता हूं कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम खुद पर विश्वास करे : पूर्व भारतीय फॉरवर्ड जगबीर सिंह**

## फीफा विश्व कप क्वार्टरफाइनल: मेसी के अर्जेंटीना का सामना नीदरलैंड से



**लुसैल।** फीफा विश्व कप 2022 के अंतिम 16 के मैच काफी रोमांचक हुए हैं। राउंड ऑफ 16 में पिछले कुछ चैंपियन टीमों को हार का सामना करना पड़ा। स्पेन का सफर एक उत्साही और दृढ़ मोरक्कन टीम द्वारा समाप्त किया गया, हालांकि पुर्तगाल और ब्राजील ने क्रमशः स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया को हराया, जबकि नीदरलैंड, फ्रांस और इंग्लैंड ने भी आसानी से जीत हासिल की। अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया पर आसानी से जीत हासिल की, जिसमें लियोनेल मेसी फिर से मैच में हावी रहे। क्रोएशिया ने टूनामेंट के साइलेंट किलर जापान को एक शानदार पेनल्टी शूटआउट में मात दी, जिसमें क्रोएशियाई गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोवी वास्तविक स्टार थे। रोमांचक क्वार्टर फाइनल चरण के लिए मैदान तैयार है। अंतिम आठ दौर के मैच शुक्रवार को दक्षिण अमेरिका और यूरोप के बीच मुकाबलों के साथ शुरू होंगे। शाम के दूसरे मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना का सामना अजेय नीदरलैंड से होगा। अर्जेंटीना को 16 के राउंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बार फिर मेसी के जादू की जरूरत थी, और उन्होंने अपने नाम के अनुरुप प्रदर्शन भी किया। अब अर्जेंटीना को एक बार फिर मेसी के जादूई खेल की जरुरत है और मेसी अगर अपना जादू चलाने में सफल रहे तो उनकी टीम सेमीफाइनल में होगी। दूसरी तरफ संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ नीदरलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन प्रबंधक लुइस वैन गाल अपनी टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी टीम ने गेंद पर कब्जा खो दिया था ।

## मतदाता पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे डीसी

# किसी भी योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची से नहीं छूटे नाम: संदीप सिंह

**भूल सुधार, नाम-पता-ठिकाना स्थानांतरण के अलावा बाहर चले गए मतदाताओं का नाम सूची से हटाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए डीसी संदीप कुमार सिंह शुक्रवार को अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे। वे सबसे पहले एचई स्कूल में बने बुथ पर पहुंचे। वहां मौजूद ब्लॉक लेबल के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों से मतदाता पुनरीक्षण की जानकारी ली। उनके कहा कि अधिक से अधिक योग्य मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करें। डीसी ने कहा कि पहली जनवरी 2023 को 18 साल पूरा कर लेने वाले सभी के नाम मतदाता सूची में शामिल करना है। यह प्रयास रहे कि किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम छूटने ना पाए। मतदाता सूची में नाम, पता, पिता या पति के नाम में गलती में भी सुधार करवाया जा सकता है। मतदाताओं के नाम एक बूथ से दूसरे बूथ में ले जाने के लिए भी आवेदन दिए जा सकते हैं। डीसी ने कहा कि जिले से बाहर चले गए या फिर मौत के शिकार लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाना है। इसके अलावा डीसी हीरापुर लिंडसे क्लब और धनबाद क्लब बूथ में भी गए और निरीक्षण किया।

## विज्ञान के बिना विकास संभव नहीं : बीडीओ



गोमिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने मॉडलों का अवलोकन करने के साथ ही छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी में गोमिया बीडीओ कपिल कुमार एवं सीओ संदीप अनुराग टोपनो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि विज्ञान के बिना विकास संभव नहीं है। विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। जब ऐसे आयोजन में बच्चे भाग लेते हैं तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में काफी व्यापक अवसर हैं। देश के तमाम युवा विज्ञान के क्षेत्र में खुद को साबित कर रहे हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा सोलर पैनल सिस्टम युक्त शौचालय, जलशोधन मापक यंत्र, मानव उत्सर्जन तंत्र,श्वसन तंत्र आदि मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बीजीएच के अस्थि रोग विभाग के डॉ वीरेंद्र कुमार को मिला गोल्ड मेडल




बोकारो (आजाद सिपाही)। अमृतसर में हाल ही में आयोजित नेशनल ऑथोपेडिक कांफ्रेंस में बीजीएच के अस्थि रोग विभाग के चीफ कंसल्टेंट डॉ वीरेंद्र कुमार को गोल्ड मेडल से नवाजा गया है। उनको यह सम्मान बच्चों में एल्बो (कॉम्प्लेक्स सूप्राकोंडिलर ह्यूमरस) फ्रेक्चर के इलाज के लिए एक सरल विधि विकसित करने को दिया गया है जिसमें बिना चीर-फाड़ के मात्र 15-20 मिनट में ही बच्चों का इलाज किया जा सकता है। इस नयी विधि को जॉय स्टिक तकनीक के नाम से जाना जाता है। डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा विकसित इस नयी विधि से पूर्व इस तरह के फ्रेक्चर के ऑपरेशन में लगभग डेढ़ घंटे का समय और मरीज को एक लंबा चीरा लगाना पड़ता था। ऑपरेशन के बाद भी चीरे का दाग आजीवन बना रहता था। डॉ वीरेंद्र कुमार ने गत वर्ष भी राज्य के अस्थि रोग विशेषज्ञों को हजारीबाघ एसबी मेडिकल कॉलेज में जॉय स्टिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया था। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भी चिकित्सकों के समक्ष इस नयी तकनीक को प्रस्तुत किया था। डॉ वीरेंद्र कुमार एवं बीजीएच की उनकी टीम द्वारा जॉय स्टिक तकनीक पर लिखा आलेख इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन ऑथोर्पेडिक्स में भी प्रकाशित हो चुका है। अमृतसर में आयोजित नेशनल ऑथोर्पेडिक कॉन्फ्रेंस में डॉ वीरेन्द्र कुमार की इस नयी तकनीक को काफी सराहा गया। यह विधि न सिर्फ सरल है, बल्कि सुरक्षित, कम खचीर्ला और कई अन्य कारणों से भी मरीजों के लिए लाभदायक है। इन कारणों से अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा अब जॉय स्टिक टेक्नीक का अधिकाधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। बीजीएच में इस विधि से बच्चों में एल्बो फ्रेक्चर का इलाज पहले से ही किया जा रहा है जिससे सैंकड़ों बच्चे लाभावित हुए हैं। डॉ वीरेंद्र कुमार और उनकी टीम बीजीएच के डीएनबी प्रशिक्षुकों को भी इस विधि में प्रशिक्षण दे रही है।

# बोकारो के अपर समाहर्ता को मिला सूबे का सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी सम्मान

**झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो/बेरमो।** बोकारो के जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सादात अनवर को सूबे का सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी सम्मान दिया गया। इसके लिए झारखंड राज्य खाद्य आयोग द्वारा रांची में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं आम जनों से जुड़ी सभी तरह की शिकायतों के निष्पादन में भी बोकारो जिला सूबे में दूसरे स्थान पर है। इसे लेकर भी जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सादात अनवर को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष एवं झारखंड राज्य खाद्य आयोग के चेयरमैन हिमांशु शेखर चौधरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस बाबत अपर समाहर्ता सादात अनवर ने कहा कि आज का दिन बोकारो जिले के लिए अत्यंत गौरवमयी है। इसके लिए मैं अपनी पूरी टीम को बधाई देता हूं। वरीय पदाधिकारियों के मार्ग दर्शन में बोकारो जिला आगे भी इस प्रदर्शन को जारी रखेगा।

# 11वां वेतन समझौता लागू करने को लेकर बीसीसीएल की सभी इकाइयों में संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय व कोलियरी कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने धरना व प्रदर्शन किया। उक्त आंदोलन 11वें वेतन समझौते में हो रहे विलंब को लेकर किया गया, जिसके तहत मजदूर नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रदर्शन, गेट मीटिंग, पुतला दहन, नारेबाजी और काला बिल्ला लगाकार प्रबंधन को चेतावनी दी। संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कोल प्रबंधन द्वारा 11वां राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता में गैर जिम्मेदाराना एवं टालमटोल की मंशा देखते हुए जेबीसीसीआई में शामिल चारों केंद्रीय संगठन बीएमएस, एचएमएस, एआईटीयूसी, सीटू द्वारा बैठक कर सर्वसम्मति से बीसीसीएल के सभी इकाइयों में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। जिसे लेकर आज स्थायी एवं ठेका श्रमिकों ने अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए विरोध प्रदर्शन को सफल बनाया।

मोर्चा नेताओं ने चेतावनी दी कि आंदोलन के बावजूद कोल प्रबंधन की कुंभकर्णी नींद नहीं खुली तो आंदोलन की अगली कड़ी में सात जनवरी 2023 को रांची में संयुक्त मोर्चा के कनवेंशन में, कोल इंडिया प्रबंधन की दिशा और दशा तय कि जाएगी, क्योंकि कोयला श्रमिक कोरोनाकाल में मुश्किल व सकंट की घड़ी में कोयले मजदूरों ने आपूर्ति कर देश को रौशन किया था। बावजूद इसके कोयला मजदूरों के वेतन बढ़ोतरी में प्रबंधन आनाकानी कर रहा है।

## जंगल से कीमती लकड़ियों की हो रही अंधाधुंध कटाई

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। पेटरवार प्रखंड के अरजुआ पंचायत के गागा जंगल मे अवैध तरीके से सखुआ के पेड़ों की कटाई हो रही है। जबकि वन विभाग चुपी साधे हुए है। वन विभाग द्वारा जिस गांव के पास जंगल है उस गांव में वन ग्राम समिति का गठन किया गया है। वन ग्राम समिति का काम जंगलो की देख-भाल करना है। पर अरजुआ पंचायत के गागा जंगल जो डैम के किनारे है वहां वन माफियाओं द्वारा मोटे-मोटे सखुआ के कीमती पेड़ काटे जा रहे है। वहीं, इस मामले को लेकर वन विभाग के रेंजर से संपर्क किया गया तो वे कहते है कि मुझे अभी जानकारी नहीं है। जांच कर देखा जाएगा। अगर कोई भी कीमती पेड़ को काटता है तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वन विभाग द्वारा उस जंगल की देख-भाल करने के लिए वन पाल भी नियुक्त है। पौधे लगाने और जंगल बचने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से तरह-तरह के कर्यक्रम चलाये जा रहे है। फिर भी जंगल कटते जा रहे है।

## सिजुआ महाप्रबंधक ने बांसजोड़ा 12 नंबर का किया निरीक्षण

# धधकती आग पर काबू पाने के लिए कटिंग कर की जाएगी मिट्टी की भराई : अनूप राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**आग बुझाने के बाद पिट वाटर पर होगा कार्य : जीएम**

सिजुआ महाप्रबंधक अनूप कुमार राय ने कहा कि सबसे पहले यहां की आग बुझायी जायगी। उसके बाद पीट वाटर की समस्या पर काम होगा।

**लोयाबाद।** बांसजोड़ा 12 नंबर में आबादी के बीच धधकती आग को कटिंग कर मिट्टी फिलिंग कराया जायेगा। शुक्रवार को जीएम अनूप राय ने अधिकारियों को कटिंग, डिंगिंग एंड फिलिंग कराने के लिए कागजात तैयार करने को कहा है। जीएम ने कहा कि सबसे पहले फायर फाइटिंग करना पड़ेगा, तभी कटिंग और मिट्टी फिलिंग हो पाएगी। 14 सितंबर को तत्कालीन जीएम जितेंद्र मल्लिक भी इस अग्नि प्रभावित स्थल का निरक्षण किए थे। जिसमें अनूप राय भी शामिल थे। तब वे एमजीएम के पद पर थे। उस समय भी यही योजना बनी, लेकिन फिर तीन महीने से अधिक बीत गये। बताते चले कि करीब डेढ़ साल पहले यहां हलका गैस रिसाव हुआ था। अब यह आग अपना दायरा बढाते जा रहा है। आबादी के बीच यह आग अब रात में लहलहाती है और दिन में जहरीली गैस का रिसाव होता है। आसपास करीब 3000 की आबादी है, जो रोजाना खौफ के साये में जी रहे है। आग का दायरा लगातार बढ़ रहा है। जीएम अनूप के साथ सर्वे टीम भी मौजूद थी। जीएम को सर्वे टीम ने बताया कि 13 सीम में आग है। सीम नंबर 12, फिर 10, सारा एक सीम एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। यह कहां तक फैला है पता लगाना मुश्किल है। बीसीसीएल के अधिकारियों को अब दोनों योजना पर कार्य करना होगा। पहले फायर फाइटिंग किया जायेगा। उसके बाद ट्रेंच कटिंग होगा। अगर कोयला निकला तो, उसे भी निकाला जायगा या मिट्टी से पूरे जगह की फिलिंग करा दी जायेगी।

**सक्रियता दिखायी होती तो नहीं फैलती आग**

निरक्षण के दौरान जीएम ने कांग्रेस नेता राजकुमार महतो और असलम मंसूरी से कहा दो दिन में टेंडर के लिए पेपर तैयार कर दिया जाएगा। जो भी इस काम को बेहतर ढंग से करेगा, उस कंपनी को यह काम एलॉट कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि ढेड़ साल पहले गैस रिसाव शुरू हुआ, पास में एक घर था, जिसे यहां से हटाकर अधिकारी शांत बैठ गए। उसी समय अगर ध्यान दिया गया होता तो,आग इतना नहीं फैलती।

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## समाज कल्याण शाखा

**(बाल संरक्षण)**

बाल संरक्षण सेवायें योजना (CPS) भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा, बाल कल्याण समिति, कोडरमा एवं किशोर न्याय बोर्ड, कोडरमा में रिक्त पदों के विरूद्ध कार्य करने हेतु इच्छुक अर्हताधारी पुरूष/महिला से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

1. नियुक्ति हेतू आवश्यक अर्हताऐं:–

**(I) जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU)**

| क्र. सं0 | पदनाम | पद की संख्या | उम्र | मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता (Post Code-DCPS- 05) | 01 (अनारक्षित) | 30-45 वर्ष | 14000/- | सामाजिक कार्य/ मनोविज्ञान/ समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एम.बी.ए. /पी.जी.डी.बी.ए. /पी.जी.डी.बी.एम. /पी.जी.डी.आर.डी. अतिरिक्त योग्यता होगी। | बाल विकास एवं कांउसिलिंग में कम से कम दो वर्ष का अनुभव |
| 2 | सामाजिक कार्यकर्ता (Post Code-DCPS- 06) | 02 (01 अनारक्षित) 01 अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | 30-45 वर्ष | 14000/- | सामाजिक कार्य/ मनोविज्ञान/ समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। | किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एम.बी.ए. / पी.जी.डी.बी.ए./ पी.जी.डी.बी.एम./ पी.जी.डी.आर.डी. अतिरिक्त योग्यता होगी। | बाल विकास एवं कांउसिलिंग में कम से कम दो वर्ष का अनुभव |
| 3 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (JJB- 01) | 01 (अनारक्षित) | 21-35 वर्ष | 10000/- | किसी भी संकाय में स्नातक, कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M., अंग्रेजी–35 W.PM | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी.सी.ए. /एम.सी.ए. अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यलय कार्य में अनुभव। |

**(II). बाल कल्याण समिति (CWC)**

| क्र. सं0 | पदनाम | पद की संख्या | उम्र | मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (CWC- 01) | 01 (अनारक्षित) | 21-35 वर्ष | 9000/- | किसी भी संकाय में स्नातक, कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M., अंग्रेजी–35 W.PM | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी.सी.ए. /एम.सी.ए. अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य में अनुभव। |

**(III). किशोर न्याय बोर्ड (JJB)**

| क्र. सं0 | पदनाम | पद की संख्या | उम्र | मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | कार्यानुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर (JJB- 01) | 01 (अनारक्षित) | 21-35 वर्ष | 9000/- | किसी भी संकाय में स्नातक, कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M., अंग्रेजी–35 W.PM | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी. सी.ए. /एम.सी. ए. अतिरिक्त योग्यता होगी। | सरकारी संस्थान, लोक उपक्रम मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य में अनुभव। |

2. **आयु सीमा**
विभिन्न पदों के लिए आयु सीमा नियम–5 में वर्णित आयु सीमा के अनुसार होगी तथा नियुक्ति हेतु आयु की गणना **01.08.2022** के आधार पर की जायेगी।

**3. राष्ट्रीयता**
आवेदक भारत का नागरिक हो।

**4. पदों में आरक्षण**
संविदा आधारित उपर्युक्त पदों के नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण / रोस्टर के प्रावधान लागू होंगे।

5. **परिलब्धि**–विभिन्न पदों की परिलब्धियों नियम–5 के अनुसार अथवा भारत सरकार के निदेश के आलोक में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथा निर्धारित राशि के आधार पर पुनरीक्षित संविदा भत्ता का भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए विभाग द्वारा संकल्प/परिपत्र जारी किया जा सकेगा, जो इस नियमावली के अंग माने जायेंगे।

6. नियम–5 में निर्धारित परिलब्धि एक मुश्त संविदा राशि है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा, परन्तु कर्त्तव्य से जुड़े परिभ्रमण आदि के लिए नियम–4 में कोटि के अनुरुप देय यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता का भुगतान किया जा सकेगा।

7. नियुक्ति का प्रकार पदस्थापन स्थल एवं नियुक्ति की अवधि/नियुक्ति का नवीकरण आदि–

क) उल्लेखित सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूर्णतया संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार/विभाग पर कोई दायित्व नहीं होगा।

ख) प्रांरभिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेश पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। तत्पश्चात् केन्द्र/राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णय के अनुरूप यदि उनके सेवाओं की आवश्यकता बनी रहेगी तो नियुक्ति समिति द्वारा ही उनको कार्य की समीक्षा के पश्चात् उपयुक्त पाये जाने पर वार्षिक रूप से ऐसी नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।

ग) संविदा के आधार पर नियुक्ति में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसे नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

घ.) यदि कोई कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी को इसकी लिखित सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की परिलब्धि जमा करनी होगी। इसके विपरीत यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं हो तो वे उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा समाप्त कर सकेंगे।

परन्तु कार्य असंतोशजनक पाये जाने पर ऐसे कार्यरत पदाधिकारी/ कर्मी की सेवा, नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी वक्त समाप्त की जा सकेगी।

**8. चयन प्रक्रिया –**

(i) प्रत्येक पद के लिए अनिवार्य एवं अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत को नियम में वर्णित प्रक्रिया के अनुरूप अंकित करते हुए, शैक्षणिक योग्यता स्कोर निकाला जायेगा तथा उस आलोक में अभ्यर्थियों की "प्रांरभिक मेघा सूची" तैयार की जायेगी।

(ii) सभी श्रेणी के पदों की रिक्तियों की दुगनी संख्या में "प्रांरभिक मेघा सूची" तैयार की जायेगी एवं उनके सभी प्रमाण पत्रों की जाँचोपरांत सही पाये गये उम्मीदवार को रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति पत्र निर्गत किया जायेगा।

(iii) एक अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए अपनी योग्यता के अनुसार अलग–अलग आवेदन समर्पित कर सकेगा।

(iv) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–4063 दिनांक–18.05.2016 के आलोक में उपर्युक्त समूह–'ख' अराजपत्रित, समूह–ग एवं समूह–घ तथा समकक्ष पदों पर होने वाली, संविदा आधारित नियुक्तियों में साक्षात्कार का आयोजन नहीं किया जायेगा।

(v) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–14/स्थानीयता नीति– 14.01.2015 का 229/रॉची, दिनांक–19.01.2022 के आलोक में प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी ही पात्र होगें।

(vi) कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–15/नीति–नि0–07–05/2021 का0 3842/रॉची, दिनांक– 10.08.2021 के आलोक में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक या 10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**झारखण्ड राज्य की आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक कक्षा तथा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।**

(vii) संविदा आधारित उपर्युक्त पदों की नियुक्तियाँ 03 वर्षो के लिए की जायेगी, जिसे अधिकतम 05 वर्षो तक के लिए संविदा कर्मियों के व्यक्तिगत मूल्यांकन के आधार पर विस्तारित किया जा सकेगा। 05 वर्षो के उपरांत यदि ऐसे नियुक्तियों की आवश्यकता है तो संदर्भाधीन पदों पर नियुक्ति हेतु नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

**09. योग्यता स्कोर निर्धारित करने की प्रक्रिया :–**

प्रत्येक पद के लिए योग्यता स्कोर निम्न प्रकार निर्धारित किया जायेगा।

**(i) वैसे पद जिसमें अतिरिक्त योग्यता चाहिए।**

(क) अनिवार्य योग्यता के प्राप्तांक का 60 प्रतिशत अर्थात् अधिकतम अंक = 60
(ख) अतिरिक्त योग्यता के प्राप्तांक का 20 प्रतिशत अर्थात् अधिकतम अंक = 20
(ग) अनुभव– प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक अधिकतम 20 अंक = 20
**कुल अधिकतम अंक** = 100

**(ii) वैसे पद जिसमें अतिरिक्त योग्यता नहीं चाहिए।**

(क) अनिवार्य योग्यता के प्राप्तांक का 60 प्रतिशत अर्थात् अधिकतम अंक = 60
(ख) अनुभव– प्रत्येक वर्ष के लिए 2 अंक अधिकतम 20 अंक = 20
**कुल अधिकतम अंक** = 80

नोट :–
प) एम.बी.ए. / पी.जी.डी.बी.ए./ पी.जी.डी.बी.एम./ पी.जी.डी.आर.डी. के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटाकर गणना किया जायेगा।
(पप) एक से अधिक अतिरिक्त योग्यता के मामले में वैसे अतिरिक्त योग्यता के प्राप्तांक की मान्यता दी जायेगी, जिसका प्राप्तांक अधिक होगा।

**10. अभ्यर्थियों के बीच टाई (Tie) की स्थिति उत्पन्न होने पर चयन की प्रक्रियाएँ–**

दो या से अधिक अभ्यर्थियों के कुल योग्यता स्कोर अर्थात अंतिम मेधा सूची में टाई (Tie) की स्थिति उत्पन्न होने पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी या जन्म तिथि एक रहने पर नामों के प्रारंभिक अक्षर के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित होगा।

**11. विभिन्न पदों के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व :–**

सभी पदों पर नियुक्त व्यक्तियों के कार्य/कर्त्तव्य/उत्तरदायित्व बाल संरक्षण सेवायें योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार/ राज्य द्वारा इस पर जारी दिशा–निर्देश/मार्गदर्शिका के प्रावधानों एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी किये जानेवाले दिशा–निर्देश को लागू करने के उद्देश्य से आवश्यकताओं को चिन्हित कर निर्धारित किया जायेगा।

**12. प्रशिक्षण :–**

प्रत्येक पद के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा, जिसकी अवधि एवं स्थल का निर्धारण विभाग या नियुक्ति/नियंत्री पदाधिकारी द्वारा पृथक आदेश द्वारा किया जा सकेगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों के लिए ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करना तथा प्रशिक्षण के अंत में यदि कोई परीक्षा आयोजित की जाती है तो उसमें उतीर्ण होना अनिवार्य होगा। उतीर्णता का मापदण्ड विभाग या नियुक्ति/नियंत्री पदाधिकारी द्वारा पृथक आदेश से निर्धारित किया जा सकेगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् ही चयनित अभ्यर्थी को अंतिम रूप से नियुक्त समझा जायेगा।

**13. अवकाश :–**

संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों को एक कैलेन्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुरूप आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु वे अन्य अवकाश के हकदार नहीं होंगे।

**14. अन्यान्य :–**

संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा। संविदा पर नियुक्त कर्मियों के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।

15. उपरोक्त सभी पदों के शैक्षणिक योग्यता, समय, नियुक्ति नियमावली की अधिसूचना/ संकल्प 05/म0बा0/ आई.सी.पी.एस. नियु0–नियम–575/ 2015–1836 दिनांक–20.07.2016, संशोधित अधिसूचना संकल्प 05/म0बा0/ आई.सी.पी.एस. नियु0–नियम–575/2015–3761 दिनांक– 14.09.2017 के आधार पर तैयार की गयी है।

**आवेदन की प्रकिया :–**

1. आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दिनांक–24/12/2022 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. जिला स्तरीय पदो के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से **जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग, (जिला बाल संरक्षण इकाई), पुलिस अधीक्षक भवन तीसरा तल्ला, समाहरणालय परिसर, कोडरमा, पिन कोड–825410** के पते पर भेजा जा सकता है। आवेदन के लिफाफे पर पद का नाम एवं पोस्ट कोड लिखना अनिवार्य है।
3. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदो के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदन के साथ (1) मैट्रिक, इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र, (2) अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता/डिप्लोमा प्रमाण पत्र (3) सक्षम प्राधिकार द्वारा झारखण्ड राज्य के लिए निर्गत स्थानीयता एवं जाति प्रमाण पत्र (4) अनुभव प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित पठनीय छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. CGPA का रुपांतरण चार्ट संबंधित बोर्ड/परिषद्/विश्वविद्यालय का उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

आवेदन हेतु प्रपत्र, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी www.koderma.nic.in एवं जिला समाज कल्याण /नजारत उपसमाहर्ता कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट पर उपलब्ध है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 284678 Women, Child Development & Social Security(22-23).D

### साइबर क्राइम खात्मे के लिए पुलिस कमिश्नर का बड़ा कदम

# कॉलेजों में जनवरी से शुरू होगा साइबर ट्रेनिंग कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य में साइबर अपराध दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने नयी पहल की है। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा ट्विन सिटी के विभिन्न स्कूलों में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यशाला में स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने 100 स्कूलों की सूची तैयार की है।

हालांकि कमिश्नरेट पुलिस ने पहले ही कुछ स्कूलों में प्रशिक्षण शिविर शुरू कर दिये हैं। अगले महीने से कॉलेजों में साइबर शिक्षा प्रदान की जायेगी। पुलिस ने बीते 5 तारीख को राजधानी भुवनेश्वर के उपकंठ विकास आवासीय संस्थान में इस अभियान की शुरुआत की। इस बीच पुलिस द्वारा कई स्कूलों में साइबर से संबंधित प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है।



हालांकि प्रत्येक स्कूल में तीन बच्चों को साइबर मित्र के रूप में चुना गया है। वे स्कूलों में छात्रों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं और साइबर अपराध से संबंधित घटनाओं को स्कूल अधिकारियों और पुलिस के ध्यान में लायेंगे। छात्रों से कहा गया है कि अगर कोई साइबर ठगी का शिकार होता है, तो सीधे पुलिस से संपर्क करें।

हालांकि यदि स्कूल स्तर से साइबर जागरूकता पैदा की जाती है, तो उम्मीद है कि राज्य से साइबर अपराध में कमी आयेगी। इस प्रक्रिया में ट्विन सिटी के स्कूलों में साइबर सुरक्षा क्लब खोला जायेगा। साथ ही वाट्सएप ग्रुप बना कर बच्चों को ट्रैफिक, ड्रग डीलिंग, आत्महत्या के बारे में जागरूक किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में सीपी, डीसीपी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद हैं और साइबर जागरूकता में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

# टिटिलागढ़-बिसमकटक खंड का मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर विनीत सिंह ने गुरुवार को संबलपुर मंडल के टिटिलागढ़ -बिसमकटक खंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग में इस खंड पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं और खंड में चल रही विकास गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने टिटिलागढ़, केसिंगा, बिसमकटक स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बातचीत की और इन स्टेशनों पर विभिन्न अचल संपत्तियों, प्रतिष्ठानों, यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को सभी तरह से संरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने टिटिलागढ़ - बिसमकटक खंड के बीच विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण भी किया।




# राज्यपाल ने किया उत्कल अनुज हिंदी वाचनालय के नये कैलेंडर का लोकार्पण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर राजभवन में गुरुवार को ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल द्वारा उत्कल अनुज हिंदी पुस्तकालय, 29,सत्यनगर, भुवनेश्वर के 2023 वर्ष के नये कैलेंडर का लोकार्पण किया गया। इसमें राज्यपाल प्रो गणेशी लाल को ओड़िशा जन-मन के प्राण तथा साक्षात विद्यासागर बताया गया है। बता दें कि प्रतिवर्ष वाचनालय के नये कैलेंडर तैयार करने का जिम्मा वाचनालय के संगठन सचिव अशोक पांडेय निभाते रहे हैं। अशोक पांडेय ने अपनी प्रतिक्रिया में यह बताया कि वे प्रो गणेशी लाल को ओड़िशा जन-मन के प्राण के रूप में जानते और मानते हैं, जो साक्षात विद्यासागर हैं। वे अनन्य जगन्नाथ भक्त हैं। वे ओडिशा कला, साहित्य, संस्कार तथा संस्कृति के प्राण हैं। वे ओडिशा बालप्रतिभा के संरक्षक हैं। वे हिन्दी, अंग्रेजी तथा ओड़िया भाषा के अच्छे जानकार हैं। वे ओड़िशा युवा विवेक के सच्चे निर्माता हैं, जिनकी तस्वीर नये वर्ष:2023 में प्रतिदिन देख कर वाचनालय में आनेवाले सभी उनके त्यागी, तपस्वी तथा कर्मयोगी जीवन से अवश्य ही अनुप्रेरित होंगे। राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने अपनी ओर से उत्कल अनुज हिन्दी वाचनालय के मुख्य संरक्षक सुभाष भुरा तथा उनके सभी सहयोगियों को अपनी ओर से नव वर्ष:2023 की अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।




# चक्रवात 'मैंडूस' से तमिलनाडु में तबाही

## तटीय इलाकों में सैकड़ों पेड़ उखड़े, 13 जिलों में स्कूल बंद, चेन्नई से दर्जनभर फ्लाइट्स कैंसिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चेन्नई।** साइक्लोन 'मैंडूस' के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों में जम कर बारिश हो रही है। तेज हवाओं और आंधी से सैकड़ों पेड़ उखड़ गए हैं। यहां 13 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गयी है।

इधर, चेन्नई में तेज बारिश और हवाओं की वजह से 13 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी हैं। हालात को देखते हुए चेन्नई में एनडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार मैंडूस बंगाल की खाड़ी में वेस्ट से नॉर्थ वेस्ट की तरफ बढ़ रहा है। यह 9 दिसंबर की रात पुडुचेरी और श्रीहरिकोटा के बीच उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट को पार करेगा। उस वक्त हवा की रफ्तार 65-75 किमी प्रति घंटे होने का अनुमान है। साइक्लोन के तट से टकराने के दौरान हवा की रफ्तार बढ़कर 105 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

**पुडुचेरी- कराईकल में स्कूल-कॉलेज बंद :** ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन कमिश्नर ने 'मैंडूस' साइक्लोन के खतरे को देखते हुए लोगों से पेड़ों के आसपास अपनी गाड़ियां पार्क न करने को कहा है। सभी पार्क और प्ले ग्राउंड बंद करने के आदेश दे दिये गये हैं। साथ ही लोगों को शुक्रवार और शनिवार समुद्र के किनारे न जाने को कहा गया है। शिक्षा मंत्री ए नमस्सिवम ने कहा कि पुडुचेरी और कराईकल में सभी स्कूल-कॉलेज बंद कर दिये गये हैं।

### आंध्र प्रदेश में साइक्लोन के कारण तेज बारिश

तमिलनाडु के साथ मैंड्रोस के असर से आंध्र प्रदेश में तेज बारिश जारी है। शुक्रवार को प्रसिद्ध तीर्थ स्थान तिरुमाला तिरुपति में बारिश की वजह से अफरातफरी मच गयी। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान बालाजी के दर्शन करने पहुंचते हैं। वे सभी बारिश से बचने के जतन करते नजर आये।

# सिंधेकेला थाना अधिकारी सस्पेंड

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बलांगीर सिंधेकेला थाना अधिकारी को निलंबित किया गया। सिंधकेला थाना अधिकारी आलोक कुमार बेहेरा को विजिलेंस ने चार दिसंबर को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा था। शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है कि उन्हें डीजीपी ने सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के मुताबिक चार दिसंबर को आइआइसी आलोक कुमार बेहेरा एक पुराने मामले की चार्जशीट को गलत साबित करने के लिए रिश्वत ले रहा था। बलांगीर, बरगड और संबलपुर विजिलेंस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर उसके पास से रिश्वत की रकम जब्त की। बाद में विजिलेंस की टीमों ने थाना के साथ उनके आवासों पर छापेमारी की थी।



# कोलेश्वर सिंह के निधन पर शोक



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और राजधानवार के तीसरी प्रखंड के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष कोलेश्वर सिंह का निधन हो गया। उनके निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह दुःख जताया है और भगवान से उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 06/12/2022

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- **(1) ई-निविदा सं. 186-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** पीवीयुएनएल के डिपोजिट कार्य से संबंधित पतरातु में लूप लाइन का प्रावधान, ट्रैक कार्य एवं पुल कार्य। **12 (बारह) महीना । कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 7,99,63,428.63 **(2) ई-निविदा सं. 187-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा. मं. अभि. / डाल्टनगंज और सहा. मं. अभि./ लातेहार के अधीन 02 वर्षों के लिए बरवाडीह, डाल्टनगंज, राझरा, गढ़वा रोड एवं रॉय, खलारी, मैकलुस्कीगंज, टोरी, लातेहार रेलवे कॉलोनी में निजी वॉटर टैंकर के द्वारा पेयजल की आपूर्ति। **24 (चौबीस) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :**60,88,216.86 **(3) ई-निविदा सं. 188-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा.मं.अभि./ डाल्टनगंज के अधीन विभिन्न आर.यू.बी. पर जल निकास प्रणाली, रोड सतह का सुधार एवं अन्य अधीनस्थ कार्य (09 नं.)। **12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 45,17,706.95 **(4) ई-निविदा सं. 189-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** व. मं. अभि./2/धनबाद के अधीन धनबाद मंडल के लिए रेलवे के मापदंड के अनुसार 50 एमएम आकार के 1,00,000 घनमीटर मशीन क्रस्ड ट्रैक स्टोन ब्लास्ट की आपूर्ति तथा उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में एफ.ओ.आर. पाकुड़ में लोडिंग। **10 (दस) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 14,12,51,000.00 **(5) ई-निविदा सं. 190-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** (अवशेष कार्य) धनबाद – चंद्रपुरा लाइन के साथ सभी साइडिंग एवं लिंको में यात्री एवं माल ट्रैफिक के पुर्नपरिचालन के लिए ट्रैक का मरम्मत। **06 (छः) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 44,55,676.89, **(6) ई-निविदा सं. 191-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** सहा. मं. अभि./ रेणुकुट (35 नं.) और सहा. मं. अभि./चोपन (18 नं.) के अधीन बृहद पूलों पर क्षतिग्रस्त चेकर प्लेट पथवे का प्रावधान / बदलाव। **12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,30,17,294.87, **(7) ई-निविदा सं. 192-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** व. मं. अभि. / 2 / धनबाद, पू.म. रेल के क्षेत्राधिकार के अधीन टीबीआर– 25.00 कि.मी. और टीएफआर– 114.81 कि.मी. (अवशेष कार्य)। **12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,77,22,091.32, **ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 28.12.2022 को 17.00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 29.12.2022 को 12.00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण), धनबाद

पीआर/1635/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/22-23/80

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**